डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 21 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक-08, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com


संसेक्स 81,224.75 ▲ +218.14
डॉलर 84.065 ▲ -0.002
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 77,780
01 किलो 95,500


पेज 10




याद रहे- पहला टेस्ट हारने के बाद हमने इंग्लैंड...

## एक नजर

### विधानसभा चुनाव 2024 में प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोका जाएगा

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू के निर्देशानुसार, विधानसभा चुनाव 2024 के तहत प्रथम चरण के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले सरकारी कर्मियों के वेतन पर रोक लगाई जाएगी। अनुपस्थित कर्मियों को 21 अक्टूबर 2024 को पलामू समाहरणालय के ब्लॉक ए के द्वितीय तल पर स्थित कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। उन्हें स्पष्ट करना होगा कि किन परिस्थितियों के कारण वे प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो सके। यदि कर्मी अपना पक्ष नहीं रखते हैं या उत्तर असंतोषजनक पाया जाता है, तो तत्काल प्रभाव से उनका वेतन स्थगित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और झारखंड सरकारी सेवक नियम 2016 की संबंधित धाराओं के तहत अनुशासनिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अमन साहू चुनाव लड़ाने छत्तीसगढ़ व झारखंड हाई कोर्ट में फाइल करेंगे पिटीशन

**रामगढ़।** अमन साहू ने इस बार बड़कागांव विधानसभा से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। सोमवार को उनके अधिवक्ता हेमंत सिकरवार छत्तीसगढ़ और झारखंड हाई कोर्ट में पिटीशन फाइल करेंगे। झारखंड हाई कोर्ट में उन दोनों मामलों को उठाया जाएगा, जिस पर अमन साहू को सजा हो चुकी है। रामगढ़ कोर्ट के द्वारा आर्म्स एक्ट में उसे 6 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। लातेहार कोर्ट के द्वारा उसे इसी वर्ष 3 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इन दोनों सजा पर स्टे लेने के लिए हाई कोर्ट के अधिवक्ता हेमंत सिकरवार चीफ जस्टिस और क्रिमिनल ऑफिंस सिंगल बेंच संजय द्विवेदी के कोर्ट में पिटीशन फाइल करेंगे। कोर्ट का फैसला क्या होगा यह तो अभी नहीं कहा जा सकता, लेकिन अमन साहू को कोर्ट से राहत की उम्मीद है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर डीसी, एसपी और डीएफओ ने सतबरवा चेक पोस्ट का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पलामू जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने के लिए रविवार को उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, और वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने सतबरवा थाना के पास रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की गतिविधियों का जायजा लिया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने रजिस्टरों का निरीक्षण किया और सुरक्षा बलों को सतर्कता बनाए रखने के साथ ही सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने सुरक्षा बलों को नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने जनता से भी अपील की है कि चुनाव के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष बनाए रखने में सहयोग करें।

## भजनिया-पंसा सड़क की हालत बदतर, कोल्हुआ के ग्रामीणों ने लिया 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ पर भजनियां से पंसा वाया कोल्हुआ ग्रामीण सड़क की बदतर हालत को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि थोड़ी सी बरसात में इस सड़क पर चलना बेहद मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि किसी की तबियत बिगड़ जाती है, तो परिजनों को जिंदगी और मौत के बीच की कशमकश झेलनी पड़ती है। साथ ही, बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने आसन्न विधानसभा चुनाव में 'रोड नहीं, तो वोट नहीं' का निर्णय लिया है। उन्होंने आरोप



लगाया कि सांसद और विधायक दोनों ने इस सड़क के निर्माण का वादा किया था, लेकिन इसे निभाया नहीं गया। इसके चलते वे ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क को योजना के रूप में स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक इसे अमलीजामा नहीं पहनाया गया है।

लोकसभा चुनाव के बाद तीसरी बार सांसद चुने जाने के बावजूद, इस सड़क के हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। अब विधानसभा चुनाव नजदीक है, और कोल्हुआ के ग्रामीणों ने इस सड़क की बदतर स्थिति को देखते हुए वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

इस निर्णय में श्याम बिहारी सिंह, विनोद सिंह, रीतेश सिंह, रजनीश सिंह, प्रिंस कुमार तिवारी, विकास कुमार सिंह, रामचंद्र मिश्र, रामाकांत मिश्र, उमेश मिश्र, बाबर अंसारी, अवधेश राम, गिरीजा राम, अर्जून राम, मधुसूदन मिश्र, राम विनय तिवारी, सोविंद प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश मेहता और अखिलेश मेहता समेत अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

## गठबंधन में कम सीटें मिलने व नेताओं की उपेक्षा पर राजद भड़का

# हमें कम से कम 12 सीटें मिले नहीं तो अकेले लड़ेंगे चुनाव

- 11 बजे तक आज स्पष्ट हो जाएगी राष्ट्रीय जनता दल के स्टैंड को लेकर कई बातें
- 22 विस सीटों पर है हमारी पकड़, हमें 7 सीटों पर लड़ने को कहना गला काटने जैसा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** इंडी गठबंधन के लिए झारखंड विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग सिर दर्द बनता जा रहा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने राज्य में गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन और कांग्रेस के नेताओं की ओर से शनिवार को साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे लेकर की गई घोषणा को एकतरफा बताया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने रविवार को कहा कि हमारे प्रमुख नेताओं की सहमति के बगैर और उनकी गैर-मौजूदगी में जिस तरह सीट शेयरिंग का ऐलान किया गया है, उससे हम आहत हैं। राजद को कम से कम 12 सीटें मिलनी चाहिये। इंडी





गठबंधन यदि इस पर राजी नहीं होता है तो राजद झारखंड में अकेले ही चुनाव लड़ेगी। प्रदेश कार्यालय में मनोज झा ने कहा कि जिस पार्टी का राज्य की 22 विधानसभा सीटों पर पकड़ है, उसे सात सीटों पर लड़ने को कहना उसका गला काटने जैसा है।

### सात सीटों पर लड़ने के लिए सहमत नहीं

राजद नेता ने कहा कि सात सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर हम सहमत नहीं हैं। हम 22 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। मनोज झा ने निराशा जाहिर करते कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य लोगों से हुई बातचीत से पार्टी कष्ट में है। हालांकि, अभी बात खत्म नहीं हुई है। राजद हर एक सीट और संभावनाओं को देख रहा है। हम कोई विध्वंस नहीं करेंगे। हम हर उस विकल्प का हिस्सा बनेंगे, जिससे भाजपा को पराजित किया जा सके। अब सोमवार की सुबह 11 बजे तक राजद के संबंध में कई और बातें क्लियर हो जाएंगी कि वह चुनाव लड़ने को क्या फैसला लेगा। मनोज झा ने कहा कि हम कोई बेजा मांग नहीं कर रहे हैं। 2014 और 2019 के चुनाव में हमने जो सीटें जीतीं या दूसरे नंबर पर रहे हम उसपर ही दावा कर रहे हैं।

### सारे फैसले टू मिनट नूडल्स की तरह नहीं लिए जाते

मनोज झा ने रांची में राजद की प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से कहा, जब बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और हमारे नेता तेजस्वी यादव, पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी, पार्टी के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश यादव और प्रदेश अध्यक्ष रांची में मौजूद हैं तो उनसे परामर्श किए बगैर उनकी गैर-मौजूदगी में गठबंधन का ऐलान एकतरफा तरीके से किया गया है और इससे हमें कष्ट पहुंचा है। हमें गठबंधन की प्रक्रिया में संलग्न नहीं किया गया, शेष पृष्ठ 11 पर

## उत्तर प्रदेश से झारखंड लाई जा रही 40 लाख की अवैध शराब बरामद



- 450 पेटी शराब बरामद चालक व सह चालक फरार

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** गुप्त सूचना के आधार पर उत्तर प्रदेश से गढ़वा की ओर आ रहा अवैध शराब लदा ट्रक को पुलिस ने रविवार की सुबह जब्त किया। इस संबंध में मेराल थाना में प्रेस वार्ता में एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार की रात्रि करीब तीन बजे विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली कि विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से एक ट्रक अवैध विदेशी शराब गढ़वा की ओर आ रहा है। जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। एनएच 75 पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग पेट्रोल पंप के पास चेकिंग किया जा रहा था। इस दरौन बंशीधर नगर की ओर से गढ़वा की ओर आ रहा ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक पुलिस को देखते ही तेजी से गाड़ी को लेकर भागने लगा। पुलिस व उत्पाद विभाग द्वारा तुरंत ट्रक का पीछा किया गया। पुलिस को पीछा करते देख तेजी से ट्रक को लेकर ड्राइवर भाग रहा था, इस दौरान ड्राइवर अपना नियंत्रण खो दिया, जिससे गोंदा गांव में सड़क किनारे निमार्णाधीन सड़क के गढ्ढे में पलट गई। दुर्घटना के बाद ट्रक ड्राइवर व खलासी ट्रक को छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गए। पुलिस व उत्पाद विभाग ने ट्रक को शराब लदे ट्रक को जब्त कर लिया गया। एसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा चेक करने के बाद ट्रक में भूसा के बीच में रखा गया बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रक में करीब 700 पेटी अंग्रेजी शराब छुपा कर रखा गया था। ट्रक पलटने के कारण लगभग ढाई सौ पेटी शराब नष्ट हो गया। 450 पेटी शराब को जब्त शेष पृष्ठ 11 पर

## दिल्ली: प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाका, जांच कर रही पुलिस


**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में रविवार को सीआरपीएफ स्कूल के पास जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। आस-पास की दुकानों को नुकसान पहुंचा है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज सुनकर उन्होंने तुरंत अपने-अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलकर देखा। स्थानीय लोगों में चिंता और भय का माहौल है। प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी जांच शुरू कर दी है। इन सब के बीच राहत की बात यह है कि धमाके में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने इलाके को बैरिकेड लगाकर सील कर दिया है। इसके आलावा, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम को मौके पर बुलाया गया है। एफएसएल की टीम धमाके के कारणों की जांच करेगी, ताकि यह स्पष्ट हो जाए कि यह कोई हमला है या हादसा। घटनास्थल पर दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम भी पहुंच गई है। रोहिणी डीसीपी अमित गोयल ने कहा कि धमाके की वजह जानने के लिए एक्सपर्ट्स को बुलाया गया है।

## भाजपा ने 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव के लिए रविवार को अपने 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कामठी सीट से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा की विज्ञप्ति के मुताबिक मंत्री गिरीश महाजन जामनेर से, मंत्री सुधीर मुनगंटीवार बल्लारपुर से, श्रीजया अशोक चव्हाण भोकर से, आशीष शेलार वांड्रे वेस्ट से, मंगल प्रभात लोढ़ा मालाबार हिल से, राहुल नार्वेकर कोलाबा से, छत्रपति शिवेंद्र राजे भोसले सतारा से चुनाव मैदान में उतरेंगे। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गणना 23 नवंबर को होगी।

## आजसू ने 8 उम्मीदवारों की सूची जारी की, दो महिलाओं को भी मिला टिकट


- सुदेश सिल्ली से, रामगढ़ से सुनीता, मांडू से तिवारी महतो तो लोहरदगा से नीरू मैदान में

















नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राजग गठबंधन के दूसरे सबसे मजबूत घटक आजसू पार्टी ने रविवार देर शाम अपने कोटे के आठ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। मालूम हो की भाजपा शनिवार को अपने कोटे के 66 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। आजसू पार्टी ने जिन दो सीट से उम्मीदवारों के नाम जारी नहीं किए हैं उनमें डुमरी और महेशपूर शामिल हैं। मालूम हो की एनडीए सीट शेयरिंग में आजसू के खाते में 10 सीट आई हैं। ये सीटें हैं सिल्ली, रामगढ़, लोहरदगा, गोमिया, जुगसलाई, मांडू, ईचागढ़, पाकुड, डुमरी और महेशपूर। आजसू पार्टी की सूची में ओबीसी, एससी, एसटी और मुस्लिम वर्ग को प्रतिनिधित्व तो मिला है लेकिन सामान्य वर्ग को इसमें प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। इसे लेकर पार्टी के सामान्य वर्ग के समर्थकों में थोड़ी नाराजगी देखी जा रही है। शेष बचे डुमरी से ओबीसी वर्ग के उम्मीदवार को टिकट मिलना तय माना जा रहा है। ऐसे में महेशपुर सीट पर आकलन का दौर जारी है। सूची में दो महिलाओं को भी स्थान दिया गया है। इनमें एक गिरिडीह के वर्तमान शेष पृष्ठ 11 पर

| | |
|---|---|
| सिल्ली | : सुदेश कुमार महतो |
| रामगढ़ | : सुनीता चौधरी |
| लोहरदगा | : नीरू शांति भगत |
| गोमिया | : लंबोदर महतो |
| जुगसलाई | : रामचंद्र सहिस |
| मांडू | : निर्मल महतो (तिवारी महतो) |
| ईचागढ़ | : हरेलाल महतो |
| पाकुड़ | : अजहर इस्लाम |

## आज | कल

तीसरी आंख





## इंडिया

# झूठी धमकी से करोड़ों का नुकसान और भविष्य के खतरे



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पश्चिमी देशों से इतर भारत में आज भी हवाई यात्रा वीआइपी लोगों की विशिष्ट सेवा मानी जाती है जिस कारण एक कागज के पुर्जे से लेकर किसी भी अनजान कॉल से मिली धमकी को बहुत ही गंभीरता से लिया जाता है। ऐसी धमकी किसी वीआइपी ट्रेन या भीड़ भरी बस को नहीं दी जाती क्योंकि उन्हें सुनने के लिए या मॉनिटरिंग के लिए कई नहीं बैठा। झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों में टाइम पास, फ्लाइट को पकड़ने के लिए या शरारत के लिए अनेक लोग देशभर में ऐसे कॉल फायर स्टेशनों से लेकर अन्य निशुल्क हेल्पलाइन के नंबरों में करते हैं कई पकड़े भी गए पर यह कभी गंभीर अपराध की श्रेणी में नहीं आया न किसी को सजा हुई पर अब विकसित बन रहे भारत में स्थितियां बदलीं हैं इसलिए इसे गंभीरता से लेने का समय आ गया है। 24 घंटे में भारतीय विमानन कंपनियों की 30 से अधिक की घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अफरा-तफरी मच गई क्योंकि इसे नकारा भी नहीं जा सकता जबकि भेड़िया आया कहते सचमुच भेड़िया आने पर सूचना को नकारने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनामी हो सकती है। लगातार बढ़ रही धमकियों को देखते हुए केंद्र सरकार इस मामले में गंभीर हुई और गृह मंत्रालय ने हवाईअड्डों पर सतर्कता बढ़ाकर झूठी धमकियों की रिपोर्ट मांगी गई है। इन झूठी धमकियों से सिर्फ समय की ही बबार्दी नहीं होती बल्कि एयरलाइंस को भी करोड़ों का नुकसान का होता है। एयर इंडिया की बोइंग 777 130 टन जेट फ्यूल से लैस होकर 14 अक्टूबर को मुंबई से न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे के लिए अपनी 16 घंटे की नॉनस्टॉप यात्रा के लिए उड़ान भरती है। लेकिन प्लेन के टेक ऑफ करने के कुछ ही देर बाद एक कॉल में बताया गया कि प्लेन में बम है। एक धमकी से 15-20 करोड़ रुपये से अधिक तक नुकसान हो जाता है। 15 अक्टूबर को भी देश की सात फ्लाइट्स में बम की झूठी धमकी दी गई थी। जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट, स्पाइसजेट की मुंबई जा रही फ्लाइट, अकासा एयर की सिलीगुड़ी से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट, इंडिगो की सऊदी से लखनऊ आ रही फ्लाइट, एयर इंडिया की दिल्ली से शिकागो जा रही फ्लाइट, एयर इंडिया की सिंगापुर मदुरई फ्लाइट, अलायंस एयर की अमृतसर से दिल्ली वाली उालइट शामिल है। इसके अलावा 13 अक्टूबर को भी कुछ एयरलाइंस को इस तरह की धमकी की खबर दी गई थी। विमान का क्रू सुरक्षा से जुड़ा खतरा पता चलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को सूचित करता है और एटीसी विमान के चारों ओर का हवाई क्षेत्र क्लियर कराता है। विमान को आबादी वाले इलाकों से दूर रखने की जिम्मेदारी भी एटीसी की होती है। खतरे की सूचना अगर ग्राउंड स्टाफ को मिलती है तो एक्शन फ्लाइट की लोकेशन पर निर्भर करता है। विमान को उड़ान भरे अगर 5 मिनट हुए तो एटीसी क्रू टीम को खतरे के बारे में 5 हजार फीट की ऊंचाई पार करने के बाद ही बताता है।



विमान जमीन पर है, तो सभी यात्रियों को तुरंत विमान से उतारकर विमान की तलाशी ली जाती है। एयरलाइन अधिकारियों का अनुमान है कि इससे लगभग 60-80 करोड़ रुपये नुकसान हुआ। एयर इंडिया बी777 (वीटी-एएलएम) ने 15 अक्टूबर को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान भरी थी। बारह घंटे बाद, बम की धमकी के बाद 200 से अधिक यात्रियों वाला विमान कनाडा के सुदूर शहर इकालुइट में उतरा। 1 लाख रुपये प्रति टन और दो घंटे की उड़ान के हिसाब से, सभी प्रभावित एयरलाइनों के लिए अकेले ईंधन जलाने की लागत कई करोड़ से अधिक है। इस भ्रामक संदेश के समय में विमानों का 20-25 घंटों तक संचालन से बाहर रहना कोई असामान्य बात नहीं है। एक बड़ी एयरलाइन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हालांकि यह एक अप्रत्याशित घटना है जो हमारे नियंत्रण से परे है, कई यात्री जिनकी कनेक्टिंग फ्लाइट छूट जाती है उन्हें हजार्ना देन पड़ता है हॉक्स कॉल पर मिले सुझावों को अमल में लाने के लिए गृह मंत्रालय और विमानन मंत्रालय ने सभी एयरलाइंस ने इनपुट मंगाए हैं। इनपुट के आधार पर डीजीसीए से जानकारी साझा की जाएगी। गृह मंत्रालय और विमानन मंत्रालय एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और इसके आधार पर आगे दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक ऐसे लोगों को अनरुली पैसेंजर लिस्ट में डाला जाएगा। इसके साथ ही पांच साल के लिए किसी भी एयरलाइन में उनकी यात्रा पर प्रतिबंध लग जाएगा। सझाव ये भी है कि झूठी कॉल से हुए नुकसान की भरपाई भी जिम्मेदार से ली जाए। इसके अलावा हॉक्स कॉल करने वालों की लिस्ट एयरपोर्ट और सुरक्षा एजेंसियों को साझा की जाए। एमएचए ने सीआईएसएफ को सभी एयरपोर्ट पर सतर्क रहने को बोला है। फ्लाईट की झूठी खबर देने वालों को इससे भी कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

## एनएच-33 पर टोल प्लाजा के पास धूं-धूं कर जल गई शिवम बस





नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ रांची राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर रविवार की शाम एक यात्री बस शिवम् में अचानक आग लग गई। टोल प्लाजा के पास हुए इस हादसे के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। लेकिन आग इतनी तेज थी कि कोई भी उसके नजदीक नहीं जा पा रहा था। धीरे-धीरे कर पूरी बस धूं-धूं कर जल गई। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। लेकिन पूरी बस जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि रांची से बिहार जाने वाली शिवम बस जेएच 22 बी 3663 यात्रियों को लेकर निकली थी। शाम में जैसे ही वह रामगढ़ थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास पहुंची, वहां शेष पृष्ठ 11 पर

# टिकट मिलने के बाद उम्मीदवारों का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता को एक बार फिर बीजेपी से टिकट मिलने पर पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। भाजपाई कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मिठाई बांटकर और आतिशबाजी करके अपनी खुशी जाहिर की। पांकी पहुंचने पर विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जांजो, पोरसम, ताल, सोरठ, मंगलपुर, पांकी, तेतराई, कोनवाई, सगालीम, कुंदरी, लेस्लीगंज सहित कई जगहों पर भाजपा कार्यकताओं ने डॉ. मेहता का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने राम जानकी मंदिर सहित कई अन्य धार्मिक स्थलों पर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही भीमराव अंबेडकर, शहीद भगत सिंह, और कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधायक डॉ. मेहता के सगालीम और लेस्लीगंज स्थित मौर्य फार्म हाउस में भी जश्न का माहौल रहा। भाजपा द्वारा टिकट मिलने पर डॉ. मेहता ने पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस बार पांकी विधानसभा से डेढ़ लाख से अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। भाजपा कार्यकताओं ने भी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार करने और डॉ. शशिभूषण मेहता को भारी मतों से जीत दिलाने की बात कही। मौके पर पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी रामदास साहू सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने विधायक को माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

## कार्यकर्ताओं ने किया रामचंद्र चंद्रवंशी का अभिनंदन



विश्रामपुर भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद रविवार को विश्रामपुर पहुंचे पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। रेहला बी मोड़ चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने श्री चंद्रवंशी को फूल मालाओं से लाद दिया। विश्रामपुर बस स्टैंड के पास कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़े और जमकर आतिशबाजी की। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के समर्थन से विश्रामपुर में एक बार फिर कमल खिलाएंगे। इस बार बड़े अंतर से जीत होगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बननी तय है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह,डॉ शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, मनीष कुमार, सत्यनारायण सोनी, पांडू मंडल अध्यक्ष मनोरंजन गुप्ता,अवधेश सिंह, जनक शर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, इदरीश हवारी, आलोक सिंह, विकाश चौबे मिंटू,नरसिंह चौबे, शिवबंश मिश्रा, संतोष केशरी, विजय कुमार रवि,सुनील कुमार चौधरी,दामोदर यादव,धर्मेंद्र केशरी, मनोज शुक्ला,पार्षद दिनेश शुक्ला, राहुल चौबे, शुशील शुक्ला,धीरन तिवारी ,रजनीश चंद्रवंशी, उखमजी यादव, संजय ठाकुर,किरण शर्मा,बसंत चौबे,सुरेश पांडेय सहित काफी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नामांकन से पूर्व कमलेश सिंह ने किया विधिवत पूजा-अर्चना



हैदरनगर हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने नामांकन करने से पूर्व रविवार को समर्थकों के साथ देवी मंदिर हैदरनगर में विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने माता के मुख्य द्वार पर माथा टेकने व आशीर्वाद लेने के बाद बड़ी संख्या में यहां पहुंचे भाजपा परिवार, ग्रामीणों व समर्थकों को 23 अक्टूबर को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में नामांकन कार्य में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यहां उन्होंने पूजा अर्चना के बाद क्षेत्र में चुनावी अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में किये गये बहुमुखी विकास कार्य को लेकर जनता के बीच जायेंगे। उन्होंने सदैव जातपात, धर्म को किनारे कर सभी वर्गों के लिये समानता के साथ कार्य किया है। इसका जवाब जनता स्वयं इस चुनाव में देगी। इसमें मुख्यतः अजीत कुमार सिंह, विमलेश सिंह, संजय सिंह, सरयू प्रसाद सहित कई अन्य समर्थक शमिल थे।

## एक नजर

### चौकीदार की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र बकोरिया पंचायत के चौकीदार मो. मजीद मियां 57 वर्ष की मौत बीमारी से शनिवार की रात में हो गई। उन्हें बीपी, शुगर की शिकायत थी। रविवार को बकोरिया कब्रिस्तान में पुत्र टिंकू व उनके परिजन, दोस्तों ने मिट्टी दी। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार,वशीम अहमद, उमेश पासवान, भवनाथ मांझी,हाजी जुमराती मियां समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने कहा कि चौकीदार मजीद मियां मिलनसार व हंस मुख व्यक्ति थे।

## छापेमारी में अवैध महुआ शराब व जावा को किया नष्ट



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-महुआरी डीहरी टिकर पर चार अलग अलग जगहों पर करीब 4000 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया गया। इस आशय की जानकारी थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने दी। दूसरी ओर देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ शनिवार की रात्रि को देवरी खुर्द के टोला पुनार्डीह में अभियान चलाकर शराब बेचने वाले अड्डे को ध्वस्त किया गया, इस दौरान करीब 22 लीटर देशी महुआ शराब व शराब रखने वाले डब्बा, बर्तन को नष्ट किया गया। इस अभियान में ओपी के एएसआई सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के निर्णय पर निर्दलीय चुनाव लड़ने का लिया फैसला: विनोद सिंह

**असली व नकली भाजपा की होगी लड़ाई, 24 अक्टूबर को करेंगें नामांकन**



**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह का भाजपा से प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपा के कार्यकर्ता बगावत पर उतर आए हैं। इसको लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने रविवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में असली और नकली भाजपा की बात कही। उन्होंने कहा राजनीति में धोखा होता रहता है, लेकिन भाजपा कार्यकताओं के मान सम्मान को लेकर वह निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किए हैं, क्योंकि हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकताओं के साथ क्षेत्र की जनता उनके साथ है और अपने समर्थकों के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। यहां की जनता की यही मांग है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा के शीर्ष नेता इस क्षेत्र से किसी भी भाजपा कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाने का काम करती तो भाजपा के लोग पूरे जोश के साथ भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाकर विधानसभा भेजने का काम करतें, इसलिए यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा की 24 अक्टूबर को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने लोगों से आगामी 24अक्टूबर को अधिक से अधिक लोगों को नामांकन कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश कर्ण, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, हैदरनगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मोहम्मदगंज मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह,पीपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, हरिहरगंज मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष नागेंद्र उपाध्याय,रणजीव सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा के लोग मौजूद थे।

**मोतियाबिंद शिविर का उद्घाटन, 28 मरीजों का निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण**

## आखों की रौशनी लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : सिविल सर्जन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को हुसैनाबाद अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से फिता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पलामू सीएस ने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रौशनी लौटाना सबसे सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस दिशा में जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्रों से मोतियाबिंद रोग से ग्रस्ति लोगों को इस शिविर में पहुंचाने का काम करें। डॉक्टर अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आईएलओ द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। शिविर के आज पहले दिन 28 लोगों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। इस मौके पर नेत्र चिकित्सक बिरजू प्रसाद, दयानंद कुमार, जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सचिन ठाकुर, कुंदन कुमार, सुनील कुमार, मिथिलेश कुमार, बसंती देवी, रागनी कुमारी, विपिन कुमार, प्रो संजय सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे।



## युवा बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष मतदान करें: उपायुक्त




नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रविवार को पलामू उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन समेत कई पदाधिकारियों ने मुरमा मलय डैम पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा में मत प्रतिशित बढ़ाने की लोगों से अपील की। इस सिलसिले में मलय डैम पर कार्यक्रम की शुरूआत गुब्बारे उड़ाकर तथा सुगंधित फूलों का पौधा रोपण कर किया गया। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन, एसडीम सुलोचना मीणा, डीएफओ सत्यम कुमार समेत कई पदाधिकारियों ने मलय डैम में जल कीड़ा करते हुए भ्रमण कर भरपूर आनंद उठाया। मतदाता को जागृत करते हुए पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि मतदान सर्वोपरि है। पहले मतदान तब जलपान का आह्वान करते हुए विशेष कर युवाओं से खुलकर जाति, धर्म, भेदभाव को छोड़कर अपने मन से देश एवं राज्य हित में मतदान करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि जिस तरह खुशी आत्मविश्वास के साथ दशहरा, दीपावली, छठ का त्यौहार मनाने के लिए बाहर से घर पर आकर मनाते हैं और फिर बाहर चले जाते हैं, उसी तरह 13 नवंबर को एक त्योहार के रूप में मनाते हुए अपना मतदान करें। राज्य में एक अच्छा सरकार चुने। मौके पर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। कई विद्यालयों की छात्राओं द्वारा पेंटिंग का आयोजन किया गया जिसमें उपयुक्त शशिरंजन ने सतबरवा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं की पेंटिंग देखकर काफी प्रसन्न हुए व तारीफ की। मतदाता जगरूकता को लेकर नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप लगाया गया था। मौके पर बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, यमुना पांडा, अरविंद कुमार सिंह, आशीष कुमार सिन्हा, अरविंद सिंह चेरों समेत कई पदाधिकारी व अन्य उपस्थित।

## डीलर की लापरवाही से कार्डधारियों को नहीं मिला चार माह का राशन, ग्रामीणों में आक्रोश



**ग्रामीणों की शिकायतें**

ग्रामीण महिला रेशमी देवी ने बताया कि अगस्त और सितंबर महीने की पर्ची उनके पास है, लेकिन अब तक राशन नहीं मिला। वहीं, अक्टूबर महीने की पर्ची अब तक जारी ही नहीं की गई है। रेशमी देवी के अनुसार, डीलर हर बार उन्हें खाली हाथ लौटा देता है और पिछले बकाया राशन देने से साफ मना कर देता है।

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड अंतर्गत पीडीएस डीलर संजय प्रसाद पर राशन घोटाले का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पिछले चार महीनों से राशन नहीं मिल रहा है, जबकि उनका पर्ची हर महीने जारी किया जा रहा है। ग्रामीणों ने डीलर की इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब भी वे राशन लेने जाते हैं, डीलर उन्हें टाल-मटोल कर वापस भेज देता है।

**ग्रामीणों का आक्रोश :**ग्रामीणों लालजी राम और उर्मिला देवी ने भी बताया कि उन्हें चार महीने से राशन नहीं मिला है। जब भी वे इस मुद्दे पर आवाज उठाते हैं या अधिकारियों के पास लिखित शिकायत करने की बात करते हैं, तो डीलर उन्हें धमकी देता है कि उनके नाम राशन कार्ड से हटा दिए जाएंगे। **ग्रामीणों की मांग :** ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है ताकि उन्हें उनका बकाया राशन मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### राशन कार्ड से नाम जोड़ने के लिए वसूली

ग्रामीण महिला रीता देवी ने आरोप लगाया कि डीलर ने उनसे छह परिवारों के नाम राशन कार्ड पर जोड़ने के लिए एक साल पहले 2000 रुपये लिए थे, लेकिन अभी तक उनका काम नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि वे जंगल से बांस लाकर घरेलू सामान बनाकर बेचती हैं और इस मेहनत की कमाई से डीलर को पैसे दिए, लेकिन फिर भी उनके परिवार के नाम राशन कार्ड में नहीं जोड़े गए।

## माहूर में युवा छठ पूजा समिति का गठन

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती पठारी गांव में भी महापर्व छठ की तैयारी की जा रही है। इसके लिए युवा छठ पूजा समिति का गठन किया गया है। इसके विनोद यादव अध्यक्ष, नंदन यादव सचिव और दिलीप यादव कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनके अलावा काफी संख्या में युवाओं को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसे लेकर गांव में उत्साह का माहौल बन गया है।

**आस्था**

## पंसा में महायज्ञ को लेकर कलशयात्रा आज

# कल से महायज्ञ प्रारंभ होगी

**वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ मंडप में कलश स्थापना की जाएग**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** पंसा में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें शामिल होने के इच्छुक नर-नारियों के लिए कलश क्रय राशि 101(बड़ा) 51 (छोटा) रुपए तय किया गया है। महायज्ञ स्थल पर ही कलश उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। कलशयात्रा महायज्ञ स्थल पर प्रारंभ होकर पूरे क्षेत्र भ्रमण करते हुए कोयल-सोन नदी संगम स्थल पर पहुंचेगी। वहां से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरने के बाद वापस महायज्ञ मंडप में कलश स्थापना की जाएगी। 22 से महायज्ञ प्रारंभ होगी। इस दौरान प्रतिदिन काशी व वृंदावन से पधारे महंत के साथ ही अनेकों विद्वान कथा प्रस्तुत करेंगे। 26 को महायज्ञ की पूणाहुति साधु-संतों की विदाई और महा भंडारा के साथ संपन्न होगी। सभी धमानुरागियों से श्रीलक्ष्मी प्रपन्ना जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित महायज्ञ में भाग लेने का आग्रह किया गया है।



## न्यूज बॉक्स

### हरे कृष्णा सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**सतबरवा।** मनिका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी हरे कृष्णा सिंह को बनाएं जाने पर सतबरवा प्रखंड के पूर्व 20 सूत्री सह पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि प्रसाद समेत दर्जनों कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। पूर्व 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि प्रसाद ने कहा कि मनिका विधायक हरे कृष्णा सिंह ने अपने 10 साल के कार्यकाल में पूरे क्षेत्र के विकास के लिए सैकड़ों काम किए हैं। पिछले चुनाव में हरे कृष्ण श्री सिंह को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर पार्टी हार गई थी। एक बार फिर पार्टी ने पूर्व विधायक हरे कृष्णा को टिकट देकर जो विश्वास पार्टी नेतृत्व ने जताया है,उस विश्वास को पार्टी कार्यकर्ता टूटने नहीं देंगे। मौके पर प्रत्याशी हरे कृष्णा सिंह ने राज्य व केंद्रीय नेतृत्व तथा पार्टी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी के एक सिपाही हैं, जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निभायेंगे। मौके पर सोनू सिकंदर, भाजपा अजजा के सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष सुदरेश्वर राम, सोनू सिकंदर ,दामोदर महतो,विजय पाठक समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 247 मरीजों की हुई निशुल्क जांच, दवा भी वितरित



**मेदिनीनगर।** प्रकाश चंद जैन सेवा सदन के द्वारा चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी में रविवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेदिनीनगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों, डा. विकास चंद्र अग्रवाल, डा. अजय पाठक, डा. जान एफ कैनेडी, डा. सुरेंद्र सिंह, डा. गरीमा प्रकाश, डा. अमरजीत गारी, और डा. अंजलि बाला ने मरीजों का जांच और उपचार किया। इस दौरान 247 मरीजों की जांच की गई, और उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गई। इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में प्रकाश चंद जैन सेवा सदन के सचिव सुरेश कुमार जैन, डा. श्याम विहारी महतो, निर्मल तुलस्यान, सुरेश उदयपुरी, जमुना प्रसाद, गोविंद सावरिया, प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान, सुमित्रो भट्टाचार्य, प्रदीप केजरीवाल, ब्रजेश तिवारी, संजय तुलस्यान, और कंकारी के संयोजक काशी प्रसाद सहित व्यावसायिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनेश प्रसाद ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस शिविर ने स्थानीय समुदाय के बीच स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

### सदाबह नदी में प्रतिवर्ष गिरता है नाला का गंदा पानी



**हैदरनगर।** बाजार क्षेत्र का मुख्य छठ घाट दक्षिण सदाबह के तट पर है। कई स्तरों के सहयोग से दोनों बगल पक्का घाट का निर्माण तो कराया गया। पर अब तक खासकर महिला श्रद्धालुओं के लिये स्नानागार, शौचालय की स्थायी व्यवस्था नहीं है। पानी, पूजन सामग्री, दूध से लेकर आम की लकड़ी तक स्वयंसेवी संगठनों के युवा सदस्यों की तत्परता से की जाती है। बताया गया कि इस वर्ष इस नदी में आठ वर्ष पानी का ठहराव देख गया है। पिछले कई वर्षों से इस नदी व घाट परिसर में मलमूत्रों की साफ सफाई के अलावे नदी के बेड लेबल की सफाई व चूना का छिड़काव करने के बाद सदैव कई पंप सेटों से जल भंडारण कर श्रद्धालुओं की सेवा में सौंपने का काम सन 1986 से सक्रिय विजेता क्लब व जगराता क्लब करती रही है। संगठन शहर के सभी गली मुहल्लों में पथों की सफाई व पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था के अलावे संध्या गंगा आरती, नानाप्रकार के देवों की झांकियां में नदी में स्थपित करते रहे हैं। किन्तु विडंबना तो यह है कि इस सरोवर को स्वच्छ रखने पर कोई पहल नहीं की गई है। इस नदी में सालों भर विभिन्न नों से गंदा पानी का प्रवाह होता है। इसकी अलग निकासी का रास्ता नहीं बनाया गया। साथ ही इस घाट पर स्वच्छ पेयजल या कोई बोरिंग की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावे सटे बभंडी, कुकही स्थित नदी के तट पर ही घाट के अलावे विभिन्न गांवों के समीपवर्ती आहर, पोखर के अलावे उत्तर कोयल मुख्य नहर के किनारे कई स्थानों पर छठ व्रत का आयोजन होता रहा है।

### विश्व हिन्दू परिषद व बंजरग दल ने राजहरा में मनाया महर्षि वाल्मीकि जयंती

**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड के राजहारा गांव में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने देवी मंदिर के प्रांगण में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाया गया। जयंती समारोह की अध्यक्षता हिन्दू परिषद के नावाबाजार प्रखंड अध्यक्ष राजबली राम ने की। समारोह का संचालन बजरंग दल जिला सह संयोजक हिमांशु पांडेय व प्रखंड संयोजक सौरभ पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जिला सह संयोजक हिमांशु पांडेय ने महर्षि वाल्मीकि की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि महर्षि वाल्मीकि को लोग इसलिए पूज्यनीय मानते हैं कि उनका विचार और कर्म दोनों ही श्रेष्ठ था। कर्म ही किसी व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करता है और कोई भी व्यक्ति जन्म अथवा किसी जाति-समुदाय से महान नहीं होता। कर्म से महान व पूज्यनीय होता है। प्रखंड अध्यक्ष राजबली राम ने कहा कि हिन्दू समुदाय को एक षड्यंत्र के तहत जातियों में विभाजित कर तोड़ने का घृणित प्रयास किया जा रहा है। इसलिए सभी सनातनी हिन्दुओं को संगठन के माध्यम से एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ विधर्मी-जिहादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने की जरुरत है। धर्मरक्षक व राष्ट्रभक्त अपने सनातनी हिन्दुओं के सामूहिक सहयोग से हम सभी पुनः भारत को अखंड हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे। मौके पर रोहित ठाकुर, सुमित कुमार, रविंद्र चौहान, वृजनंदन मेहता, कमल राम, पंकज चौहान, राजन प्रजापति, संतन कुमार, विनोद कुमार चौहान, दीपक कुमार, अमन चौहान, अविनाश चौहान, सोनू कुमार, शंभु चौहान, बिमलेश चौहान समेत कई बजरंगी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अवैध शराब चुलाई के लिए रखा चार क्विंटल जावा महुआ नष्ट

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज पुलिस द्वारा रविवार को प्रखंड अंतर्गत ग्राम बाबुदुम्मी में अवैध शराब चुलाई के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अलग अलग जगहों पर रखे करीब 400 किलो जावा महुआ को नष्ट किया तथा कई घरों में चल रहे अवैध शराब भठ्ठी को तोड़ने के साथ घरों एवं आसपास के झाड़ी में जावा महुआ रखे प्लास्टिक के डिब्बे को नष्ट किया । छापेमारी अभियान को लेकर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्राम बाबुदुम्मी में जावा महुआ एवं शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया गया है। और लगातार अवैध शराब बनाने वाले लोगों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि अवैध शराब के व्यापार को रोकने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे। ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। अवैध शराब का धंधा करना गैर कानूनी है।

### भाजपा ने आलोक चौरसिया को दिया टिकट, समर्थकों में जश्न का माहौल

# तीसरी बार मैदान में उतरे आलोक चौरसिया, डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा में चुनावी मुकाबला हुआ रोचक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बज चुकी है, और इस बार भाजपा ने फिर से अपने भरोसेमंद नेता आलोक चौरसिया को डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। टिकट मिलने की खबर से उनके समर्थकों में भारी उत्साह है, और जगह-जगह जश्न का माहौल है। आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की गूंज से सड़कों पर चहल-पहल बढ़ गई है।



दो बार विधायक रह चुके आलोक चौरसिया ने अपने पिछले कार्यकाल में शिक्षा, सड़क निर्माण, बिजली-पानी की आपूर्ति सहित गरीबों के अधिकारों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस कारण वे लोकप्रिय हो गए हैं और इस बार भी उनकी उम्मीदवारी को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है।

भाजपा के शीर्ष नेताओं का मानना है कि चौरसिया की सादगी और जनता के बीच उनकी गहरी पैठ है। पार्टी के कार्यकताओं ने क्षेत्र में जुलूस और रैलियां आयोजित की हैं, जिससे चौरसिया के प्रति उनका समर्थन स्पष्ट दिखाई दे रहा है। आलोक चौरसिया ने अपने बयान में कहा, यह चुनाव सिर्फ एक सीट का नहीं, बल्कि गरीबों और पिछड़ों की आवाज को बुलंद करने का है। मैं अपने क्षेत्र के हर नागरिक का प्रतिनिधित्व करता हूं, और इस बार भी जनता के सहयोग से बड़ी जीत हासिल करेंगे।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि चौरसिया की लोकप्रियता और उनके विकास कार्य इस चुनावी अभियान की मुख्य धुरी होंगे। विपक्ष भी पूरी तैयारी के साथ मैदान में है, लेकिन चौरसिया की जनता के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें अन्य उदवारों से अलग बनाती है।

डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल गर्म हो चुका है, और आलोक चौरसिया की वापसी ने मुकाबले को और रोचक बना दिया है।

## छह मुहान पर चला सघन वाहन जांच अभियान, 13 बाइक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन किसी भी अनहोनी से बचने के लिए मुस्तैद है। आज छः मुहान एवं कचहरी चौक पर विधि व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में एक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान चार पहिया और दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। कई वाहन चालकों को बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोड वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। इन वाहनों को जप्त कर शहर थाना परिषद में सुरक्षा के लिए रखा गया। इस कार्रवाई में 13 मोटरसाइकिल और 1 टेंपो सवारी गाड़ी को जब्त किया गया, जिन्हें चालान फाइन हेतु परिवहन कार्यालय मेदिनीनगर, पलामू भेजा गया। रविवार को परिवहन कार्यालय पलामू से 11 वाहनों का चालान 13 फाइन राशि 17,300 रुपये आई है, जबकि सीजीएम कार्यालय मेदिनीनगर से 1 मोटरसाइकिल का चालान फाइन राशि 6,000 रुपये के रूप में प्राप्त हुई है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह वाहन जांच अभियान प्रतिदिन शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर चलाया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया कि वे वाहन चलाते समय अपने साथ वाहनों के कागजात अवश्य रखें।

## न्यूज | बॉक्स

### हाइवा की टक्कर से स्कूटी सवार गंभीर

**मेदिनीनगर।** शनिवार को रामकंडा थाना अंतर्गत कुरुमदाई निवासी कुंदन उरांव (उम्र 29) की स्कूटी को एक हाइवा ने टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, कुंदन उरांव अपने स्कूटी से राशन लेकर घर लौट रहे थे, तभी रामकंडा की दिशा से आ रही हाइवा ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कुंदन स्कूटी समेत सड़क के किनारे गिर गए और उन्हें सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद हाइवा चालक घटनास्थल से भागने में सफल रहा। कुंदन को बेहोश पड़े देखकर रामकंडा थाना की पुलिस ने उन्हें तत्काल रामकंडा स्वास्थ्य केंद्र भेजा और उनके परिजनों को फोन के माध्यम से सूचित किया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### कचरवा डैम : बारिश से भरने के बाद छठ पूजा के लिए बढ़ी चुनौती



**मेदिनीनगर।** इस वर्ष अच्छी बरसात के चलते कचरवा डैम पानी से लबालब भर गया है, जिससे छठ पूजा के लिए तैयारियों में मुश्किलें आ सकती हैं। हर वर्ष इस स्थान पर सैंकड़ों छठ व्रती पूजा अर्चना के लिए आते हैं, लेकिन इस बार पानी के स्तर में वृद्धि के कारण उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है। पिछले चार वर्षों में हुई बारिश के चलते डैम का जल स्तर काफी बढ़ गया है। नगर निगम के वार्ड नंबर 5 में स्थित कचरवा डैम का विकास 9.75 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना है। इसमें 184 एकड़ में फैले डैम की खुदाई कर 5 फीट गहरीकरण करने और चारों ओर 2 किमी लंबा पाथवे बनाने की योजना है। इसका उद्देश्य शहर और डैम के आसपास बढ़ती आबादी के लिए एक सुंदर स्थान प्रदान करना है। हालांकि, लगातार हो रही बारिश के कारण शिलान्यास के बाद अब तक इस पर काम शुरू नहीं हो पाया है। बढ़ती आबादी और पिछले कई वर्षों से लगातार छठ पूजा के आयोजन के चलते कचरवा डैम नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों में से एक बन गया है। इस वर्ष बढ़े जलस्तर और डैम के किनारे हुए अतिक्रमण के कारण छठ व्रतियों के लिए असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस मामले में जानकारी देते हुए पूर्व वार्ड पार्षद मनोज प्रजापति ने बताया कि कचरवा डैम के दो हिस्सों में मुख्य रूप से छठ पर्व का आयोजन होता है। शिव मंदिर की तरफ पर्याप्त जगह उपलब्ध है, लेकिन इस वर्ष बारिश के कारण दूसरे हिस्से में व्रतियों को थोड़ी कठिनाई हो सकती है। फिर भी, बचे स्थान में विधिवत तैयारी कर उन्हें समुचित व्यवस्था देने की योजना बनाई जा रही है।

### गिरजाघर में पल्ली दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित



**मेदिनीनगर।** शहर के स्टेशन रोड स्थित शांति के महारानी गिरजाघर में रविवार को स्थापना दिवस सह पल्ली दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में रोमन कैथोलिक चर्च से जुड़े विभिन्न यूनिट के मशीही विश्वासियों की बड़ी संख्या ने भाग लिया। फादर अरविंद मुंडा ने बताया कि पल्ली दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर माता मरियम के प्रति भक्ति और आदर व्यक्त किया गया, जिसमें विश्वासियों ने प्रार्थना की कि माता मरियम उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन में शांति प्रदान करें और उनकी मनोकामनाएं पूरी हों। मिस्सा के बाद, पल्ली के सभी यूनिट के भाई-बहनों ने अपने-अपने सांस्कृतिक वेशभूषा में सज-धज कर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। चियांकी, कुसुमटांड, कचरवा, आबादगंज, बिरसानगर, यूनिट और चियांकी बियानी भवन आदि की टीमों ने अपने कार्यक्रमों से सभी का मनोरंजन किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर एक साथ भोजन किया। पल्ली दिवस के अवसर पर कैथोलिक ईसाई समुदाय के कई भाई-बहन भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन ने सामुदायिक एकता और भाईचारे को और मजबूत किया।

## झारखंड में दलितों और आदिवासियों के अधिकार खतरे में : कमला पाटले

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा एससी मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड प्रभारी कमला पाटले ने मेदिनीनगर में मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित किया। छत्तीसगढ़ की पूर्व सांसद पाटले ने झारखंड की हेमंत सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सरकार खुद को एससी-एसटी हितैषी बताती है, लेकिन राज्य में एससी और एसटी महिलाओं पर अत्याचार सबसे अधिक हो रहे हैं।

पाटले ने कहा, 'जो सरकार जनता का दोहन और शोषण करती है, उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। झारखंड की जनता को ऐसी सरकार चुननी चाहिए, जो निष्पक्ष होकर जनकल्याण के कार्य करे और गांव, गरीब, और किसानों के हित में काम करे।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 सालों में देश की सुरक्षा और हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। कोरोना महामारी के दौरान देशवासियों को सुरक्षित रखने के लिए जो कदम उठाए गए, वह प्रशंसनीय हैं। 'मोदी सरकार ने गरीबों को फ्री में राशन, स्वास्थ्य योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, और नलझ्झजल योजना जैसी कई योजनाएं बिना किसी भेदभाव के लागू की हैं,' पाटले ने कहा।

कमला पाटले ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा भी उठाया और कहा कि ये घुसपैठिए दलितों और आदिवासियों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने झारखंड की स्थिति को सुधारने के लिए भाजपा की सरकार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में एससी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश पासवान, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश पासवान, सतबरवा मंडल अध्यक्ष सुदेश्वर मोची, और कार्यालय मंत्री प्रदीप कुमार पासवान उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने गांधी मैदान में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

▸▸ **डायबिटीज क्लब के अंतर्गत 68 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रविवार को स्थानीय गांधी मैदान पार्क में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक चला, जिसमें करीब 68 महिलाओं और पुरुषों का स्वास्थ्य जांच किया गया। यह शिविर नियमित रूप से अम्बेडकर पार्क और गांधी मैदान में अलग-अलग दिनों में लगाया जाता है और इसे शहरवासी 'डायबिटीज क्लब' के नाम से जानते हैं। शिविर में अधिकतर 45 वर्ष से ऊपर के लोग स्वास्थ्य जांच के लिए आते हैं, जहां उनका फ्री चेकअप किया जाता है। मारवाड़ी युवा मंच के डायबिटीज क्लब प्रभारी रवि कामदार, मनोज अग्रवाल, और अशोक हाजीपुरिया ने बताया कि यह शिविर पिछले कई महीनों से लगातार लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मंच द्वारा आयोजित शिविरों के माध्यम से सैकड़ों लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है। हर शिविर में लगभग 80 से अधिक लोग शामिल होते हैं, जिनमें बुजुर्ग, बच्चे, पुरुष और महिलाएं सभी शामिल हैं।

इस शिविर में आशी लाइफ हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं और लैब तकनीशियन ललन जी का विशेष सहयोग रहता है। मंच के सदस्य श्याम पोद्दार ने सभी शहरवासियों से इस योजना से जुड़ने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अनुरोध किया। इस आयोजन में मंच के सचिव सज्जन संघई, रवि कामदार, सौरभ सराफ, अशोक हाजीपुरिया, मनोज अग्रवाल, दीपक नेमला, संदीप केजरीवाल, संदीप उदयपुरी, नीरज कामदार, श्याम पोद्दार, अंकित गर्ग, विकास उदयपुरी, और लैब तकनीशियन ललन जी समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन के बाहर दातून-पत्ता बेचकर गुजर बसर को विवश दलित-आदिवासी महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के समीप नीम की दातून बेचने वाली महिलाएं हर दिन अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रही हैं। वे दातुन के गट्ठर और दोने की छोटी-छोटी पोटली बनाकर ग्राहकों का इंतजार कर रही हैं। दातुन बेचने वाली ये महिलाएं कभी अपने भाग्य को तो कभी आने वाले ग्राहकों को निहारते हुए नजर आती हैं।

इन महिलाओं के लिए दातून और दोना बेचना उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बरवाडीह, कुमंडी और छिपादोहर से सैकड़ों महिलाएं रेलवे स्टेशन पहुंचती हैं, जहां सुबह-शाम दातुन की पोटली और दोना पत्तल बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। लेकिन यदि किसी दिन दातुन की बिक्री नहीं होती है, तो उनके परिवार को भोजन की किल्लत का सामना करना पड़ता है।

हालांकि, हाल के दिनों में दोना-पत्तल का कारोबार लगभग ठप हो चुका है, और दातुन का प्रचलन भी कम होता जा रहा है। टूथपेस्ट के बढ़ते प्रचलन ने उनके इस पारंपरिक कारोबार पर ग्रहण लगा दिया है। दातुन और दोना पत्तल बेच रही सीमा देवी, गीता कुंवर और गांग जली कुंवर बताती हैं कि वे रोज जंगल जाकर सखुआ के पेड़ से पत्ते लाती हैं। उसके अगले दिन वे रेलवे स्टेशन पर जाकर दातुन के गट्ठर को 5 रुपये और 12 दोने की पोटली भी 5 रुपये में बेचती हैं। पहले उनकी रोजाना की कमाई 400 रुपये तक होती थी, लेकिन अब दातुन के प्रचलन में कमी और बेचने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ने के कारण उनकी कमाई में खासी गिरावट आई है। अब वे मुश्किल से 150 से 200 रुपये ही कमा पा रही हैं, और कई बार उनकी कमाई इतनी भी नहीं होती।

अगर किसी दिन दातुन और दोने नहीं बिकते, तो उन्हें सूखे पत्ते लेकर बैरंग वापस लौटना पड़ता है। सरकार द्वारा देश की गरीबी खत्म करने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन रेलवे स्टेशन पर दातून बेचकर परिवार का पेट पालने वाली ये महिलाएं इस बात की जीवित उदाहरण हैं कि गरीबी का अंत अभी भी एक चुनौती है।

## पलामू जिला कबड्डी संघ ने जिला स्तरीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया



■ **चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी संघ के तत्वाधान में 20 अक्टूबर 2024 को जिला स्टेडियम, मेदिनीनगर में जिला स्तरीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कमलानंद दुबे, संरक्षक पलामू जिला कबड्डी संघ, और संजय कुमार त्रिपाठी, सचिव पलामू जिला ओलंपिक संघ, ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनित टीम 25 से 27 अक्टूबर 2024 तक बोकारो में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी। चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने वालों में पलामू जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष मनोज मेहता, उपाध्यक्ष नवदीप सिंह और अनिल पांडे, सचिव उपेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष दीपू कुमार, उप सचिव सिकंदर कुमार, अनूप दुबे और विमलेश कुमार शामिल थे। मैच का संचालन कबड्डी कोच चंदन कुमार ठाकुर, सुनील कुमार, चांदनी कुमारी और पुष्पम कुमारी ने किया।

**चयनित खिलाड़ी : बालक वर्ग :** कार्तिक कुमार, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, दीपक कुमार, आकाश कुमार, चिराग सिंह, आशीष कुमार, सुमित कुमार, रितिक अग्रवाल, अभिषेक यादव, मोहित कुमार, रोशन कुमार।

**बालिका वर्ग :** अनामिका कुमारी, निशि कुमारी, करिश्मा कुमारी, विद्या कुमारी, संजना कुमारी, जस्सी सिंह, आशा कुमारी, अंजली राज, करिश्मा कुमारी, सृष्टि कुमारी (जपला), सृष्टि कुमारी।

## महर्षि वाल्मीकि की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज पलामू क्लब के पास स्थित सेवा बस्ती में वाल्मीकि जयंती समारोह को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत में रचित रामायण के रचयिता और आदि कवि के रूप में विख्यात हैं। रामायण एक महाकाव्य है जो भगवान राम के जीवन के माध्यम से हमें सत्य और कर्तव्य की शिक्षा देता है।

समारोह के अन्य वक्ताओं ने भी महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व और उनके महान कार्यों पर विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, धर्म प्रसार प्रमुख विनय गुप्ता, बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, मनीष पांडेय, नगर संयोजक दिलीप गिरी, रूपेश कुमार और सेवा बस्ती के अर्जुन कुमार, करण कुमार, संजय कुमार, कार्तिक कुमार, पूजा देवी, रेणु देवी, सोनी देवी, राधिका देवी, पुष्पा देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मलय डैम में स्वीप का झंडा लहराकर डीईओ ने दी मतदाता जागरूकता की प्रेरणा

# रंगोली के जरिए मतदाताओं को जागरूक करने की अनोखी पहल

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में सतबरवा के मलय डैम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में जल क्रीड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान डीईओ ने डैम के बीच से स्वीप का झंडा लहराया और गुब्बारे उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उपायुक्त शशि रंजन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, सदर एसडीएम समेत अन्य पदाधिकारियों ने कयाकिंग का भी आनंद लिया। इससे पूर्व सभी अधिकारियों ने मलय डैम परिसर में पौधरोपण किया।

### फ्यूचर मतदाताओं ने रंगोली और पेंटिंग से दी वोट डालने की अपील

मलय डैम परिसर में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और फ्यूचर मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता आधारित रंगोली और पेंटिंग बनाई। रंगोलियों में मतदान का महत्व और अपील को दशार्या गया। छात्राओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर योगा का आयोजन भी हुआ, और प्रतिभागियों के बीच स्वीप की ओर से कॉफी मग का वितरण किया गया।

### नुक्कड़ नाटक और मतदाता प्रतिज्ञा




कार्यक्रम के दौरान मासूम आर्ट ग्रुप ने '13 नवंबर अवकाश का दिन नहीं, मतदान करने का दिन है' थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा 300 से अधिक टी-शर्ट वितरित की गईं, जिन पर मतदाता जागरूकता के संदेश लिखे थे।

परिसर में उपस्थित सभी लोगों को डीईओ ने मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई और कहा कि 13 नवंबर को मतदान करना आपका कर्तव्य है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और दोस्तों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता, आपूर्ति पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने झामुमो का दामन थामा



**खरौंधी।** प्रखंड के चंदनी पंचायत और कूपा पंचायत के चौरिया धर्मदासपुर में सैकड़ों भाजपा व अन्य दलों के कार्यकताओं ने पार्टी छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। झामुमो के जिला सचिव और जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कार्यकताओं को माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पासवान ने कहा कि झामुमो प्रत्याशी और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव की जीत निश्चित है, क्योंकि क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने बताया कि झामुमो की सरकार बनते ही अनंत प्रताप देव व ताहिर अंसारी के संयुक्त प्रयास से क्षेत्र में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए पावर प्लांट की स्थापना की जाएगी। साथ ही क्षेत्र का चौतरफा विकास सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यकताओं का झामुमो में शामिल होना यह दिखाता है कि लोग अब विकास और रोजगार की दिशा में बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं। हेमंत सोरेन और झामुमो इस दिशा में काम करने को प्रतिबद्ध है। मौके पर झामुमो के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# व्यय पर्यवेक्षक ने सीमावर्ती चेक पोस्टों का निरीक्षण किया

**बिलासपुर स्टैंड पर बनाए गए चेक पोस्ट का भी जायजा लिया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यवेक्षक दिनेश गुप्ता ने रविवार को अनुमंडल कार्यालय ओर सीमावर्ती चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। अनुमंडल कार्यालय में व्यय पर्यवेक्षक दिनेश गुप्ता ने एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा से निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो ओर उसके लिए मशीनरी कार्य किया जा रहा है कि नहीं इसकी जानकारी लिया गया है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संख्या में कर्मी को लगाया गया है। इसकी भी जानकारी लिया जा रहा है। इसके बाद व्यय पर्यवेक्षक झारखंड उतर प्रदेश सीमा पर बिलासपुर स्टैंड पर बनाए गए चेक पोस्ट का भी जायजा लिया। मौके पर उन्होंने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट से जानकारी प्राप्त किया तथा आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में भाजपा कायकर्ता घायल

**रमना।** एनएच-75 मुख्य सड़क पर कबीसा में रविवार को मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में भाजपा कार्यकर्ता रमना निवासी राजेश कुमार उर्फ कडेन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनके सिर में गंभीर चोट लगी है। मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को मामूली चोट लगी हैं। घायलों को निजी दवा दुकान में ईलाज के बाद छोड़ दिया गया। जानकारी अनुसार कडेन व शशि कुमार और अन्य कार्यकर्ता के साथ सुनील मुखर्जी नगर में चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे। इस बीच गढ़वा की तरफ से तेज गति से आ रहे टीवीएस मोटर साइकिल ने टक्कर मार दी, जिसमे सभी सवार गिर पड़े। गश्ती पुलिस दल सूचना पाकर उक्त स्थल पर पहुंच कर सभी को उपचार के लिए भेज दिया।

## न्यूज बॉक्स

### मिलन समारोह में कई ने थामा झामुमो का दामन, ताहिर अंसारी व दीपक प्रताप देव ने किया स्वागत



**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र के टाटीदीरी पंचायत मे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के मिलन समारोह में पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधी संजय यादव सहित एक सौ की संख्या मे महिला पुरूष विभिन्न पार्टी को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। शामिल हुए सभी लोगो को ताहिर अंसारी व दीपक प्रताप देव ने पार्टी का गमछा और माला पहनाक र स्वागत किया है। मिलन समारोह में दीपक प्रताप देव ने कहा कि चार माह पहले टाटीदीरी पंचायत के वृद्ध चटपटी साव की आसमयिक मृत्यु निमाणार्धीन सड़क के ग्रेडर मशीन की चपेट मे आने से हुई थी। उन्हें जैसे ही इसकी सूचना मिली वह तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार से पांच लाख रुपए मुआवजा दिलाने का काम किया था। टाटीदीरी पंचायत के लोग इस बार परिवर्तन में सहयोग करें। ताहिर अंसारी ने कहा कि टाटीदीरी पंचायत उनका घर आंगन है। वह जब-जब विधानसभा चुनाव मे लड़े तब-तब टाटीदीरी पंचायत के लोग उन्हें अपना भाई, बेटा समझकर बढ़ चढ़कर सहयोग किया था। वह अपील करते हैं कि इस बार परिवर्तन का साथ दें। इस दौरान विभिन्न पार्टी को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा मे शामिल होने वालों में राजकुमार यादव, भारतीय आदिम जनजाती परिषद के सुरेश कोरवा, कृष्णा भुइयां उर्फ देहाती, नंदू साव, हरिहर सिंह, रामनाथ सिंह, अवतार राम, सुर्यदेव सिंह, ललन यादव, रामदेनी भुइयां, संतोष साव सहित काफी संख्या मे महिला पुरूष शामिल थे। सभा का संचालन धीरेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण यादव, इसराइल खान, उपप्रमुख धर्मेंद्र यादव, जानकी सिंह मुखिया सगुनी राम, उमेश राम, शैलेश यादव सहित जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव में लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है: मानवेंद्र

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के लवाही पंचायत के भाजपा व बसपा के कई कार्यकताओं ने रविवार को अपने-अपने दल को अलविदा कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु महाराज ने पार्टी में शामिल हुए लोगों को तीर धनुष निशान का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही बारी-बारी माल भी पहनाया। मौके पर मानवेंद्र प्रताप ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन के लिए कार्यकर्ता बहुत बड़ी पूंजी होते हैं। उनके बिना सफलता हासिल करना बिलकुल मुमकिन है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हजारों की संख्या में पार्टी में शामिल हुए लोगों से पंचायत ही नहीं बल्कि प्रखंड भर में पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के हर जगह से मिल रहे अपार जन समर्थन से अब लगने लगा है कि इस बार के चुनाव में सभी लोग बदलाव की गांठ बांध लिए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल हुए लोगों के अलावा भी पंचायत व प्रखंड के अन्य लोग भी पार्टी के साथ कंधा में कंधा मिलाकर चले जिससे कि विजय हासिल करने में और आसानी हो जाए। उन्होंने कहा कि उनके पिता का सपना है कि चुनाव जीतने के बाद वर्षो से बंद पड़ी पावर प्लांट को चालू करा कर क्षेत्र के लोगों को रोजगार दें। मानवेंद्र ने सोमवार को प्रस्तावित पर्चा दाखिल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए लोगों से बंशीधर नगर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि कल के ही दिन सोमवार को प्रत्याशी सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव का पर्चा दाखिल होना है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, अनिल प्रसाद गुड्डु, चंद्रशेखर प्रसाद ,संतोष प्रसाद, यासीन अंसारी, संजय चंद्रवंशी, मोहम्मद हनीफ शेख, लाल मोहम्मद अंसारी, आनंद प्रकाश दीनानाथ पांडेय आदि लोगों उपस्थित थे।

### भानू को प्रत्याशी बनाएं जाने पर कार्यकताओं में उत्साह

**खरौंधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधायक भानू प्रताप शाही को लगातार दूसरी बार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया है। मौके पर मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास,जितेंद्र प्रसाद यादव,सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, भाजपा नेता विनोद सिंह,रामचन्द्र सिंह,इग्नासुस बाड़ा,रामप्रीत गुप्ता,बुद्धनाथ गुप्ता,सुनील रौशन, सतेंद्र यादव, अमरनाथ यादव,सुशील यादव, कलामुद्दीन अंसारी,अमित रंजन,कृष्णा यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अरंगी में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के अरंगी गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुखिया फूल कुमारी देवी, पूर्व मुखिया शिवकुमार यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य विधानसभा चुनाव में लोगों को अपने मताधिकार का सही उपयोग करने के प्रति जागरूक करना था। दोनों नेताओं ने ग्रामीणों को मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर ग्रामीणों को मतदान प्रक्रिया, उनके अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। शिवकुमार यादव ने कहा कि हर वोट महत्वपूर्ण है और इसे बिना किसी दबाव के किया जाना चाहिए। फूल कुमारी देवी ने महिलाओं और युवाओं को विशेष रूप से मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान से ही गांव, राज्य और देश की दिशा तय होती है। इसलिए सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदर्श आचार संहिता लगते ही समस्या को लेकर मुखर होने लगे मतदाता

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई ।** आदर्श आचार संहिता लगते ही ग्रामीण अपनी जन समस्या को लेकर मुखर होने लगे हैं। चौक चौराहा के साथ-साथ अन्य जगहों पर भी बेबाक रूप में उनके द्वारा अपनी समस्या को रखना शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों की समस्या में प्रमुख रूप से मुख्यालय पंचायत में अब तक उच्च विद्यालय या डिग्री कॉलेज की स्थापना नहीं होना बताया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय मे उच्च शिक्षा बहाल करने को लेकर उच्च विद्यालय या डिग्री कॉलेज की स्थापना कराना आज तक एक चुनावी मुद्दा बनकर रह गया है। आजादी काल से अब तक दर्जनों बार से भी अधिक बार विधानसभा का चुनाव संपन्न हुआ लेकिन अभी तक मुख्यालय के ग्रामीणों को उक्त शैक्षणिक संस्थानों में से एक भी शैक्षिक संस्थान नसीब नहीं हो सका । जबकि हर बार के चुनाव में प्रत्याशियों की ओर से मुख्यालय के ग्रामीणों को उक्त दोनों तरह के शैक्षिक संस्थान में से किसी एक को स्थापित करने का आश्वासन दिया जाता रहा लेकिन आज तक उनमें से एक भी शैक्षणिक संस्थान धरातल पर नहीं उतर सका । मजबूरन मुख्यालय के ग्रामीणों के बच्चों को अन्यत्र के उच्च विद्यालय या डिग्री कॉलेज में दाखिला लेना मजबूरी हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रखंड का कोई ऐसा पंचायत नहीं है जहां पर उच्च विद्यालय का निर्माण नहीं हुआ है। यहां तक की किसी-किसी पंचायत में प्लस टू उच्च विद्यालय का भी निर्माण हो चुका है । लेकिन प्रखंड का सिर्फ और सिर्फ मुख्यालय पंचायत ही एक ऐसा पंचायत है जहां पर आज तक न तो उच्च विद्यालय का स्थापना हो सका और न हीं डिग्री कॉलेज का। उन्होंने कहा कि हर बार के विधानसभा चुनाव में हमसभी अपनी समस्या बताते हुए प्रत्याशियों के पास रखते आए । साथ ही चुनाव जीतने के बाद उनके द्वारा उसे पूरा करने का आश्वासन भी दिया जाता रहा ।ईस बीच विधानसभा का चुनाव जीते कई विधायकों में किसी किसी ने मंत्री तक का भी सफर तय किया लेकिन उनके द्वारा भी हम लोगों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया । नतीजन आज तक हम लोगों का पंचायत बिल्कुल रूप से उच्च विद्यालय और डिग्री कॉलेज बीहीन रह गया । साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में हम सभी विश्वास करें तो करें किस प्रत्याशी के ऊपर कि वह जो आश्वासन देगा उसे चुनाव जीतने के बाद पूरा कर देगा । वहीं उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सभी भाग जरूर लेंगे ।लेकिन अपनी समस्या को लेकर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श कर ही प्रत्याशी के पक्ष में अपना बहुमूल्य वोट देने का काम करेंगे ।

## चुनावी जंग में जाने से पहले आशीर्वाद लेने आए हैं: भानू प्रताप



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड के बलिगढ़ गांव में रविवार को जन आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने सभी को पार्टी का गमछा ओढ़ाकर पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा की चुनावी जंग में जाने से पहले विजयी होने का आशीर्वाद लेने और इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनसमर्थन मांगने आया हूं। विधायक भानू ने अपने द्वारा किये गये विकास कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा की इस बार आप लोग पुनः विधायक बनाकर भेजीए अधुरे कार्यों को भी पूरा करूंगा। उन्होंने पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर निशाना साधते हुए कहा की इन लोगों ने विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं जोड़वाया है। उन्होंने कहा की वह जनता से आशीर्वाद लेने आएं हैं। पूर्व विधायक ताहिर अंसारी से आशीर्वाद लेने गये है। उन्होंने 13 अक्टूबर को भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल फूल पर मतदान करने का आग्रह किया है। इस मौके पर भाजपा नेता दयानंद भगत,जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, हेमंत पाठक, त्रिपुरारी सिंह,राम प्रसाद कमलापुरी, नरेश सिंह,सिताराम जयसवाल, बाबू लाल यादव,कुण्डल सिंह, विनय तिवारी, आलोक तिवारी राजेन्द्र सिंह, सतेन्द्र ठाकुर,मुन्ना ठाकुर,सचित सिंह, बच्चा पाल, महेंद्र पाल, योगेन्द्र राम, अनुज गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, जमायत अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### भाजपा की सरकार बनते ही गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपये कर दी जाएगी

खरौंधी प्रखंड स्तरीय जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान विधायक भानू प्रताप शाही ने अपने विरोधियों पर तीखे कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि वह चुनाव से पहले जनता से आशीर्वाद लेने आए हैं, ताकि विकास की राह पर क्षेत्र को और आगे ले जा सकें। उन्होंने विरोधी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि नगर गढ़ के छोटे राजा जनता का शोषण करते रहे हैं। आज चुनाव जीतने के लिए भी आशीर्वाद नहीं, बल्कि ताहिर अंसारी जैसे लोगों से समर्थन ले रहे हैं। भानू प्रताप शाही ने अपने चुनावी वादों में यह भी कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही 'गो गो दीदी' योजना के तहत 2100 महिलाओं को मदद दी जाएगी और गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपये कर दी जाएगी। इसके अलावा, बालू को फ्री करने और 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को 2000 रुपये पेंशन देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों और मजदूरों की सरकार होगी, जबकि उनके विरोधी केवल जमींदारी और शोषण में लगे रहे हैं। मौके पर भाजपा नेता भगत दयानन्द यादव,मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा प्रमुख आभा रानी विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास,जितेंद्र प्रसाद यादव,सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान,विनोद सिंह,अरुण कुमार सिंह,बुद्धनाथ गुप्ता,इग्नासुस बाड़ा,सुनील रौशन,कलामुद्दीन अंसारी,संगीता पासवान,कृष्णा यादव,बैजू गुप्ता,अमित रंजन सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया (गढ़वा)।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर भंडरिया पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस लगातार अभियान चलाकर शराब तस्करों, फरार वारंटियों सहित अन्य तस्करों पर शिकंजा कस रही है। इस कड़ी में शनिवार की रात भंडरिया थाना प्रभारी आशीष कुमार जायसवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी आशीष कुमार जायसवाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर रात्रि में अलग-अलग टीम का गठन कर वारंटी, फरारी के गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया था। इस क्रम में वारंटी शरीफा देवी उर्फ संगीता देवी 30 वर्ष, पति संदीप सांझी ग्राम बिजका तिलशी टोला, वारंटी लक्ष्मी प्रसाद साव 49 वर्ष पिता मानिक साव ग्राम, थाना भंडरिया। मूर्ति विसर्जन को लेकर पुलिस पब्लिक के बीच उत्पन्न विवाद में नामजद अभियुक्त अशोक कुमार गुप्ता उर्फ अशोक गुप्ता पिता बसंत प्रसाद गुप्ता ग्राम बघवार, थाना भंडरिया, जिला गढ़वा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेजा गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह सख्त है, गिरफ्तारी के डर से भाग रहे किसी भी वारंटी व फिरारी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। छापेमारी दल में भंडरिया थाना के सब इंस्पेक्टर सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल सफल, दीपावली बाद घरों में पहुंचेगा पानी: प्रोजेक्ट मैनेजर



**नवीन मेल संवाददापता**

**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर गांव स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (जल उपचार संयंत्र) का ट्रायल रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। उक्त ट्रायल सफल होने के बाद अब हर घर नल से जलापूर्ति की जायेगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि खैरवा सोन नदी से पानी उठाकर पाचाडुमर गांव स्थित जल उपचार संयंत्र तक सफलता पूर्वक पानी पहुंच रहा है। अब यहां उक्त पानी को प्लांट में लगे ब्लीचिंग पाउडर, फिटकरी एवं चुना आदि केमिकल से फिल्टर किया जायेगा। तत्पश्चात इसकी आपूर्ति जलमीनार के माध्यम से प्रथम फेज में पाचाडुमर और खैरवा गांव के 600 घरों में जलापूर्ति की जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में प्रारंभ हुई इस योजना को 2023 में पूरा करना था, परन्तु कोरोना एवं विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण चार वर्ष लग गये। अब दिपावली के बाद सभी घरों में पानी सप्लाई नियमित की जायेगी।इस मौके पर नीरज कुमार प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, संजीव मिश्रा स्टोर मैनेजर, कमलेश कुमार पाइपलाइन इंचार्ज आदि उपस्थित थें।

## छठ पूजा को लेकर पूजा समिति ने की बैठक, लिए गए निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** रमना पंचायत के मूर्ति टोला बगौन्धा स्थित श्री हनुमान मंदिर गंगा तालाब छठ घाट परिसर में छठ पूजा को लेकर पूजा समिति एवं ग्रामीणों की बैठक सुदर्शन बियार की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में छठ महापर्व में विधि व्यवस्था बनाने और श्री हनुमान मंदिर के गुंबद प्लास्टर कार्य पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सूर्य भगवान की छठ पूजा घाट पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा करने, छठ घाट व मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाने, टेंट रौशनी साउंड का व्यवस्था करने, मंदिर के प्लास्टर कार्य को जारी रखने, चबूतरा के लिए लोहा का सीढ़ी बनवाने, सूर्य भगवान प्रतिमा चबूतरा पर स्टील का टेंट लगाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष भी प्रशासन से अनुमति के बाद छठ पूजा घाट पर यूपी के वाराणसी व ओबरा के कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण का कार्यक्रम कराया जाएगा। बैठक में नरेश साह, सुनील प्रजापति, रामलाल महेन्द्र प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने विधानसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले चुनाव संचालन समिति की बैठक रविवार को स्थानीय अनिकेत पैलेस में कामेश्वर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। नेताओं ने कहा कि भाकपा माले 30 वर्षों से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में जन आंदोलन संचालित करती रही है। इसलिए भाकपा माले का प्रबल दावेदारी बनती है। देश, सविंधान और लोकतंत्र बचाने के लिये पार्टी महागठबंधन को मजबूती प्रदान करने के लिये प्रतिवद्ध है। बैठक में जिला सचिव कालीचरण मेहता, एपवा नेत्री सुषमा मेहता, जिला कमिटी सदस्य अख्तर अंसारी, महेंद्र सिंह, कृष्णा यादव ,संतोष चौधरी, नंदू चंद्रवंशी, इबरार अंसारी, लालमुनी पासवान, सुरेश सिंह, लकपतिया सबिता देवी गिरधारी सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा, बिहारी विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे बैठक का संचालन रामचन्द्र उरांव ने किया।

## भक्ति-भाव

### श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह सह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

# 21 अक्टूबर से लेकर शाम सात बजे तक होगा श्रीमद्भागवत कथा



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भारतवर्ष के महान मनीषी ब्रम्हलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज का शहर के जतपुरा में पवित्र बांकी नदी के तट पर स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर के निकट बगीचा में 21 से 28 अक्टूबर तक श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह सह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह सह ज्ञान यज्ञ में आगामी 26 अक्टूबर को 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज यज्ञ स्थल पर पहुंचेंगे और उसी दिन से वे श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन करेंगे। इसके पूर्व 21 अक्टूबर से पूज्यपाद श्री श्री 1008 श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज के शिष्य रामानुजाचार्य श्री वैकुंठ नाथ स्वामी जी प्रवचन करेंगे। प्रवचन 21 अक्टूबर से लेकर शाम सात बजे तक होगा। श्रीमद्भागवत कथा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रवचन को लेकर पंडाल बनाया गया है। लाईट एवं साउंड सिस्टम लगाया गया है। साथ ही स्वामी जी के लिये पर्णकुटी बनाई जा रही है। कथा को सफल बनाने के लिये आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए थे।

### आलोक को भाजपा का टिकट मिलने पर कार्यकताओं ने खुशी जतायी



**बड़गड़।** विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 76 डालटनगंज-भंडरिया रविवार को मुख्य बाजार बड़गड़ में दुकानदारों व राहगीरों के बीच भी मिठाइयां बांटी व पार्टी संबंधित नारे लगाएं। मौके पर मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, रवि सोनी, अखिलेश पाण्डेय, पुर्व मंडल अध्यक्ष रमेश प्रसाद, अरविंद जायसवाल, संतोष प्रसाद,रंजीत जायसवाल, मुकेश सोनी, गुप्तेश्वर प्रसाद, नरेश सोनी आदि उपस्थित थे।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के बाना गांव में तौफिक अंसारी की नव विवाहिता 21 वर्षीय फकरुन खातून की फांसी लगाने से मौत हो गई। घटना रविवार दिन लगभग ग्यारह बजे के आसपास का बताया गया है। पुलिस ने सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। धुरकी थाना क्षेत्र के सेंधा गांव निवासी मृतका के पिता जहिर अंसारी घटना की सूचना मिलने पर अपने परिजनों के साथ बाना गांव पहुंच कर बेटी की हत्या किए जाने की बात कहते हुए हंगामा करने लगे। इस संबंध में मृतिका के पिता जहीर अंसारी ने आरोप लगाया कि 1 मई 2024 को अपनी बेटी की शादी 2 लाख 80 हजार रुपए नकद वअन्य सामान देकर बाना गांव निवासी मैनुलाह अंसारी के पुत्र तौफीक अंसारी से किया था। इसके बाद उनके दामाद एवं समधी तथा अन्य परिवार के सदस्यों द्वारा लगातार दहेज के रूप में रुपए मांग किया जा रहा था। दहेज के लिए बेटी फकरुन खातून को प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने बताया कि जमीन बेचकर 6 जून को 60 हजार रुपए दामाद और समधी को बाना गांव में आकर स्वयं दिया था। इसके बाद भी और दहेज में रुपए तौफीक अंसारी वगैरह के द्वारा मांग किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि फिर से दुबारा दहेज की रुपए नहीं दे पाने के कारण रविवार को बेटी फकरुन खातून की हत्या लोगों द्वारा कर दिया गया है। फांसी लगाने की झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

### तंबाकू के नियमित सेवन से कैंसर की संभावना प्रबल : डॉ पंकज

**केतार।** तंबाकू के नियमित सेवन से कैंसर होने की संभावना बढ़ती जा रही है। हमारे देश में इसकी संख्या चौंकाने वाली है। बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों में तंबाकू खाने का प्रकरण देश में अधिक मिलेंगे। तंबाकू के अधिक सेवन से मुंह में छाले होने लगते हैं। धीरे-धीरे यह फाइब्रोसेस कैंसर में तब्दील होने लगता हैं। जब तक इसका पता चलता है तब बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसे में अंत समय रहते तंबाकू का सेवन बंद कर देना चाहिए,परंतु यह इतना आसान नहीं है। उक्त बातें भवनाथपुर के दंत चिकित्सक डॉ पंकज पाठक ने कही। डॉ. पंकज पाठक ने बताया कि एक बार तंबाकू सेवन की लत लग जाये तो इससे बचना असंभव है।

## एक नजर

### ट्रक व हाइवा की टक्कर में चालक घायल



**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के मंगरदाहा नदी के पास रविवार की सुबह करीब 6 बजे एक कोयला लदे ट्रक और हाईवा के बीच टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक बालूमाथ की ओर से पांकी जा रही थी, जबकि विपरीत दिशा से आ रहा हाईवा से सीधी टक्कर हो गई। ट्रक का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रक चालक को आंशिक रूप से चोट आई हैं। जिसका इलाज स्थानीय निजी क्लीनिक में किया गया। टक्कर मारने वाला हाईवा चालक वाहन लेकर मौके से फरार होने में सफल रहा। घटना की जानकारी हेरहंज थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चुनाव कोषांगों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा, कहा-

# अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए





नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। विधानसभा आम निर्वाचन,2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष होकर संपन्न कराने की बात कही। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ईवीएम डिस्पैच सेन्टर, ईवीएम की कमिशनिंग गुणवत्तापूर्ण, वाहनों की उपलब्धता, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट, मैप, ईवीएम की सुरक्षा, तैयारी, कम्यूनिकेशन प्लान, मूवमेंट प्लान, ट्रेनिंग व अवेयरनेस, बूथों पर पेयजल और शौचालय निर्माण की अद्यतन कार्य प्रगति, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षणों की तिथि से अवगत हुए। निर्वाचन कोषांग द्वारा अब तक किये गये कार्यों की भी जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधितों को मतदान कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने, पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने, वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को बीएलओ के साथ बैठक करने और इससे संबंधित ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मतदान केंद्रों पर प्रकाश, पेयजल, शौचालय, रैंप आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सभी पदाधिकारी को ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक बिंदुओं की जानकारी से अवगत कराया गया।

### जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

स्वीप कोषांग के तहत कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर विशेषकर स्वीप कैलेंडर के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। एफएसटी व एसएसटी के टीमों को सक्रियता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने की भी बात कही गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़, बिपिन कुमार दुबे, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिले के विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट की ड्यूटी दूसरा व्यक्ति को करते ऑब्जर्वर ने पकड़ा

**बारियातू।** विधानसभा चुनाव को लेकर मनरेगा जेई अविनाश मिंज को मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किया गया था। अविनाश के स्थान पर दूसरा व्यक्ति मुना यादव वाहन चेकिंग को काम कर रहा है, जिससे नाराजगी जताते हुए बीएफटी धीरज राणा व महेश यादव ने कहा कि जब चुनाव ऑब्जर्वर थाना गेट के सामने पहुंचे तब मुना यादव मजिस्ट्रेट का कुर्सी में बैठा रहा। ऑब्जर्वर ने मुना यादव से पूछा की आप कौन हैं तो ऑब्जर्वर को उसने बताया की वह जेई अविनाश मिंज हैं और वहां का (बीएफटी के पद पर) मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त हूं। हालांकि ऑब्जेर्वर मुना यादव को जब तक और भी पूछताछ करते तब तक वहां से गायब हो गया। जब ऑब्जर्वर ने पता किया की यहां गेट के सामने किसका ड्यूटी है, तब जिला के अधिकारियों से जानकारी मिली की 19 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 2 बजे तक मनरेगा जेई अविनाश मिंज का मजिस्ट्रेट का ड्यूटी है। इस संबंध में मनरेगा जेई अविनाश मिंज से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ बताया।

### प्रकाश राम व हरे कृष्ण सिंह को भाजपा के टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं ने अभार व्यक्त किया

**हेरहंज।** लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र के क्रमशः पूर्व विधायक प्रकाश राम व हरे कृष्ण सिंह को भाजपा प्रत्याशी बनाएं जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह, जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कर्मवीर सिंह, अमर कुमार बावरी के प्रति अभार व्यक्त किया है। अभार व्यक्त करने वालों में जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, मनीष जायसवाल, कैलाश कुमार ठाकुर, कन्हाई साव, विजय प्रसाद, हिमांशु रंजन, गुड्डू वर्मा, जितेंद्र यादव,अनिल उरांव, जग्रनाथ सिंह, मनोज यादव, जीतेश यादव, रंजन प्रसाद साहू, बीरबल सिंह समेत मंडल के सभी पदाधिकारी कमेटी के कार्यकताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### जंगली जानवर ने महिला को किया घायल

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा ग्राम स्थित मेहंदी भीठा में रविवार समय लगभग 4 बजे के करीब घर के आंगन मे बैठी कुन्ती मसोमात पति स्व. एतवा भुइयां को जानवर ने घायल कर दिया। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह महिला को जान बचाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि भाटचतरा के मेहंदी भीठा के कुंती मसोमात ने घर के आंगन में बैठी हुई थी। बताया जाता है छोटा सा कला रंग का आज्ञात जानवर आकर महिला पर झपटा मार कर प्रहार कर दिया। साथ ही खींचकर जंगल कि ओर ले जाने लगा। महिला के चिल्लाने कि आवाज सुनकर आस पास कि ग्रामीण इकट्ठा हुए और किसी तरह महिला की जान बचायी। अज्ञात जानवर ने महिला का पैर जख्मी कर दिया, जिससे महिला घायल हो गई है। घायल महिला को ग्रामीणों कि सहोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से आज्ञात जंगली जानवर को क्षेत्र से भागने कि मांग की है।

### मिट्टी के खदान में दबकर बालक की मौत

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र सुदुरवर्ती बनवार गांव में मिट्टी के खदान में दबकर एक लड़के की मौत हो गई है। मृतक की पहचान बनवार निवासी केशव यादव के 14 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष दीपावली के अवसर पर घर की लिपाई-पुताई के लिए काली मिट्टी लाने दलदलिया नदी किनारे स्थित खदान से मिट्टी लाने गया था। आयुष खदान के अन्दर घुसकर मिट्टी खुदाई कर रहा था, इस दौरान खदान धंस जाने के कारण मौके पर आयुष की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना को लेकर दीपावली की खुशी मातम में बदल गई है।

### काली पूजा कमेटी गठित विक्रांत बने अध्यक्ष



**बालूमाथ।** बुनियादी विद्यालय परिसर में काली पूजा मनाने के लिए युवा संघ का नागेंद्र रजक के अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सर्व सम्मति से काली पूजा दुर्गा मंडप परिसर में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए बैठक में उपस्थित श्रद्धालुओं ने विक्रांत सिंह उर्फ बिट्टू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सुनील आर्य ,विजय कुमार ,मोनू पासवान, पंकज यादव, अरविंद ठाकुर, दीपक साहू ,गौतम ठाकुर, तुलसी कुमार, सचिव छोटू कुमार, पिंकू पासवान चंदन स्टील, ओम पांडेय, महासचिव उपेंद्र रंगीला, पिंकू साहू कोषाध्यक्ष, विपिन बिहारी, अनमोल अग्रवाल, अनिल प्रजापति ,मीडिया प्रभारी, राजेश साहू ,कुंदन कुमार संरक्षक राजेंद्र रजक, अमित कुमार, दीपक बाबा ,विजय प्रसाद ,विशाल कुमार अरुण कुमार सदस्य प्रिंस केसरी, संदीप कुमार ,राजीव कुमार ,राहुल कुमार ,सचिन यादव अमरकांत कुमार ,हेमंत प्रजापति आशीष कुमार ,मिथिलेश कुमार मौसम कुमार ,आयुष कुमार ,उतकष कुमार आदि का नाम शामिल हैं।

# उपेंद्रनाथ दास सर्वाधिक चार बार विधायक बने

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र 1977 में अस्तित्व में आया। यहां के पहले विधायक उपेंद्रनाथ दास बने। वह जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते थे। 1977 से पूर्व सिमरिया बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में आता था। 1980 के विस चुनाव में कांग्रेस के ईश्वरी राम पासवान विधायक बने। एकीकृत बिहार में पहली बार ईश्वरी पासवान मंत्री बने। इसके बाद 1985 के चुनाव में भी ईश्वरी पासवान दोबारा कांग्रेस के टिकट पर जीते और पुनः मंत्री बने। ईश्वरी पासवान के बाद आज तक यहां के कोई विधायक मंत्री नहीं बन पाये। ईश्वरी पासवान दोनों बार वन्य पर्यावरण एवं खनन मंत्री रहे। 34 वर्षों से यहां से कोई विधायक राज्य सरकार में मंत्री नहीं बन पाये हैं। 1990-1995 में भाजपा से उपेंद्रनाथ दास चुनाव जीते। 2000 के विधानसभा चुनाव में राजद से योगेंद्रनाथ बैठा विधायक बने। 2005 के चुनाव में भाजपा से पुनः उपेंद्रनाथ दास विधायक चुने गये। विधायक रहते उपेंद्रनाथ दास का निधन हो गया। इस कारण वर्ष 2007 में उप चुनाव हुआ, जिसमें भाकपा के रामचंद्र राम विधायक बने। वे भी अपने कार्यकाल पूरा नहीं कर पाये। कार्यकाल के कुछ माह पूर्व ही उनका निधन हो गया था। इसके बाद 2009 व 2014 के चुनाव में जेवीएम के प्रत्याशी चुनाव जीते। 2009 के चुनाव में जेवीएम से जयप्रकाश सिंह भोगता चुने गये। वहीं 2014 में जेवीएम से गणेश गंझू चुनाव जीते। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी किशुन कुमार दास विधायक बने। उपेंद्रनाथ दास को चार बार विधायक बनने का गौरव प्राप्त है। वह 2005 का चुनाव जीतने के बाद मंत्री बनते-बनते रह गये थे। मंत्री बनने की चर्चा जोरों पर हुई, लेकिन,अंतिम क्षण में वह मंत्री नहीं बन पाये। इस तरह विधानसभा क्षेत्र के लोग अपने विधायक को मंत्री के रूप में नहीं देख पा रहे हैं। बता दें कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सात प्रखंड आते हैं इनमें सिमरिया, टंडवा, इटखोरी, लावालौंग, पत्थलगड्डा, गिद्धौर व मयूरहंड प्रखंड शामिल हैं।

# झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी की टीम ने क्रेटिव एकेडमी का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची की जांच टीम ने शहर के गैरेज लेन स्थित क्रेटिव एकेडमी में अध्ययन केन्द्र खोलने के लिए विधिवत निरीक्षण किया। टीम द्वारा एकेडमी में जरूरी मापदंड को सही पाया। रामचंद्र सरस्वती मानव कल्याण फाउंडेशन के सचिव दीपक कुमार,सुमित्रा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के समन्वयक अमन कुमार व स्कूल के निदेशक मनु गुप्ता ने यूनिवर्सिटी के समन्वयक डॉ. प्रेम सागर केशरी व विकास कुमार मौर्य को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल परिसर में समारोह आयोजित किया। वहां निरीक्षण पर आई यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने सभी संसाधनों से परिपूर्ण पाए जाने पर संतुष्टि जताई। वहां अध्ययन केन्द्र खोलने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी करने की संभावना जताई। इसको लेकर क्रेटिव एकेडमी के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है। मौके पर खुशी कुमारी, चंदा प्रसाद,अर्चना रानी, संजना श्रीवास्तव,खुशबू लकड़ा, पवन कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ब्रज गृह व मतगणना केद्रों का किया निरीक्षण



### मतगणना केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों के निमित्त पॉलिटेक्निक कॉलेज लातेहार स्थित ब्रज गृह व मतगणना केंद्र का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल और अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कॉलेज में स्थित कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को बज्रगृह सह मतगणना केंद्र नियमित रूप से निरीक्षण करने व पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# लक्ष्मी पूजा समिति का गठन



नवीन मेल संवाददाता

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के पांडेयपुरा देवी मंडप प्रांगण में लक्ष्मी पूजा को लेकर नवयुवक गोल्डन क्लब लक्ष्मी पूजा समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों की बैठक हुई। सर्वसम्मति से लक्ष्मी पूजा के आयोजन पर चर्चा की गई। ग्रामीणों की सहमति से लक्ष्मी पूजा समिति का अध्यक्ष अंकित कुमार, कोषाध्यक्ष सुधांशु शेखर, सचिव नवीन कुमार, उपाध्यक्ष आलोक तिवारी, उपकोषाध्यक्ष दीपक पासवान, उपसचिव अभय कुमार, विशिष्ट संरक्षक डॉ. कृष्णा वर्मा, विजय प्रसाद साहू, धीरज कुमार, रंजीत कुमार, मिडिया प्रभारी निशांत तिवारी, रोहित अलवेला को चुना गया। जबकी सक्रिय सदस्य सचिन कुमार, सौरभ साहू, राजेश कुमार, कुंदन कुमार, कौशल कुमार, विवेक कुमार, विकास कुमार, शिवम कुमार, चिंटू कुमार, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार, अमन कुमार, राजा प्रसाद साहू, प्रशांत तिवारी, उपेंद्र तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी, अशोक कुमार, अविनाश तिवारी, जयंत कुमार, आदित्य कुमार दांगी, पवन कुमार वर्मा, पप्पू कुमार तिवारी को बनाया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि पूजा का आयोजन पूरे गांव के सहयोग से संभव है, मैं इस कार्य को करने के लिए माध्यम मात्र हूं। ग्रामीणों और सदस्यों के सहयोग से भव्य रुप से पूजा का आयोजन होगा।

# सिमरिया विधानसभा में विरासत बचाने की लड़ाई

### दो दिवंगत पूर्व विधायक के पुत्र आमने-सामने



**मयूरहंड (चतरा)।** 2024 विधानसभा चुनाव में सिमरिया विधानसभा का चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। इस बार भाजपा ने सिमरिया विधानसभा से चार बार विधायक रहे दिवंगत उपेन्द्र नाथ दास के पुत्र उज्जवल दास को मैदान में उतारा है तो झामुमो ने मात्र छः माह विधायक रहे दिवंगत रामचंद्र राम के पुत्र मनोज चंद्रा को टिकट देकर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। विधायक रहते उपेंद्र नाथ दास की मृत्यु 13 अगस्त 2007 को हो गई थी। जिसके बाद भाजपा ने उप चुनाव में दिवंगत दास के पुत्र उज्जवल दास को टिकट देकर मैदान में उतारा था पर श्री दास चुनाव हार गए। तब से लेकर आज तक एक निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह भाजपा में रहते हुए संगठन में दायित्व का निर्वाह करते रहे। परिणाम स्वरूप भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने विश्वास जताया और 2024 विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया। उपेंद्र नाथ दास के मरने के बाद उप चुनाव में सीपीआई से दिवंगत रामचंद्र राम चुनाव जीते जो अपना कार्यकाल भी पूरा नहीं कर पाए 2 मार्च 2009 को हृदय गति रुकने से असमय उनकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद सीपीआई ने उप चुनाव में दिवंगत रामचंद्र राम के पुत्र मनोज चन्द्रा को टिकट दिया पर श्री चन्द्रा चुनाव हार गए,जिसके बाद श्री चन्द्रा ने लगातार पार्टी बदल बदल कर चुनाव लड़े। वर्ष 2014 में सीपीआई को छोड़ राजद में चले गए, और चुनाव लड़ा पर वहां भी उनको हार का सामना करना पड़ा।वर्ष 2019 में फिर श्री चन्द्रा ने राजद से त्याग पत्र देकर आजसू पार्टी में शामिल होकर चुनाव लड़ा वहां भी सिमरिया की जनता ने नकारा और चुनाव हार गए।अब वर्ष 2024 विधानसभा चुनाव में श्री चन्द्रा ने आजसू पार्टी से त्याग पत्र देकर झामुमो में शामिल होकर चुनाव मैदान में हैं।अब देखना दिलचस्प होगा कि इस बार जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त करने में सक्षम हो पाते हैं कि फिर हार का सामना करना पड़ता है।

# ग्रामीणों की बैठक में पूजा समिति गठित



नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर में रविवार को दीपावली पूजा सह मेला उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के लिए ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता मनोज पाठक व संचालन महेंद्र महतो ने किया। पूर्ववत उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हो इस के लिए सर्वसम्मति से पूजा समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष मनोज पाठक, सचिव जितेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष प्रभु महतो, उपाध्यक्ष सीताराम महतो बनाये गये। संरक्षक में बतौर पंचायत मुखिया निलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा,पंसस शशिबाला देवी,मनु महतो, महेंद्र महतो, शिवदयाल साहू, अरविंद पाठक,शशि पाठक, मुंशी महतो को चुना गया। इसके साथ ही 31 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति में फुलचंद साहू, मनोज साहू, मोहन साहू, उत्तम साहू,सरयू प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति समेत अन्य बनाये गये। बताया गया कि धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक आयोजनों में अश्लीलता व फूहड़ता पूरी तरह से वर्जित रखा जायेगा। मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण व आसपास के लोग मौजूद थे।

### शौंडिक समाज की बैठक में आपसी एकता पर बल

# समाज में एक दूसरे के सुख दुःख में साथ दें : पवन



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर विवाह मंडप परिसर में रविवार को शौण्डिक समाज के एकीकृत प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार के अध्यक्षता में शौण्डिक समाज का बैठक किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से शौण्डिक भवन निर्माण कार्य को लेकर चर्चा की गई। संजय प्रसाद ने बताया कि उनके पिता स्व देवनारायण साहू ने समाज हित के लिए भवन निर्माण को लेकर 16 डिसमिल जमीन बालूमाथ में दान दिया था। वह उस भूमि को समाज हित के लिए दान के रूप मे दे रहें हैं। इस पर समाज के लोगों ने उसी भूमि पर भवन निर्माण करवाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने भवन निर्माण के लिए सहयोग करने के लिए सहमति जतायी। बारियातू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेश प्रसाद,सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, संरक्षक दिनेश प्रसाद, उमेश प्रसाद, मोती प्रसाद को बनाया गया। सदस्यों में आशीष कुमार, राहुल कुमार, रणधीर साहू, केशव प्रसाद सहित अन्य को बनाया गया। समाज के लोगों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि समाज में सभी को साथ लेकर चलने कि आवश्यकता है। अमिरी गरिबी का भेद भाव समाज के लोगों के साथ नहीं करना चाहिए। सभी को समाज में एक दूसरे के सुख दुःख में साथ देना चाहिए। अपने अपने बहन बेटियों को शिक्षित बनाएं। समाज एक शिक्षित समाज में गिनती हो जिससे समाज का मान सम्मान हर समाज में मिले सकें। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद,भरत प्रसाद,शिव प्रसाद, विष्णु देव प्रसाद, केशव, प्रसाद नरेश, प्रसाद महेश प्रसाद,रामजिवन प्रसाद, दीपक कुमार सुशील प्रसाद, हीरालाल चौधरी सहित काफी संख्या में बालूमाथ बरियातू बह हेरहंज के शौण्डिक समाज के लोगों उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास ने माता भद्रकाली मंदिर में की पूजा अर्चना

नवीन मेल संवाददाता



**इटखोरी/पत्थलगड़ा (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा नाम की घोषणा होने के बाद पार्टी प्रत्याशी उज्जवल दास कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को इटखोरी प्रखंड स्थित माता भद्रकाली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। इस दौरान माता भद्रकाली की पूजा अर्चना के उपरांत परिसर स्थित अन्य देवालयों में माथा टेक जीत की कामना की। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि टिकट सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को मिला है। माता का आशीर्वाद से यदि वह जीत हासिल करते हैं तो अपने पिता स्वर्गीय उपेंद्र नाथ दास के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। सभी के बीच एक कार्यकर्ता बनकर ही रहूंगा। मैं लगातार 14 वर्षों से क्षेत्र के लोगों के सुख दुःख में साथ रहा हूं और आगे भी साथ रहूंगा। मौके पर जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, डोमन राणा, बसंत नारायण सिंह, रामकुमार सिंह, डॉ. मृत्युंजय सिंह, देवकुमार सिंह, राजेंद्र राम, संजय सिंह, कैलाश सिंह, सीताराम दांगी, संतोष दांगी, ईश्वर रविदास, सिमरिया जिप सदस्य अनामिका देवी, पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ऋषि बाला सिंह समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। इसके उपरांत श्री दास पत्थलगड्डा प्रखंड के लेंबोइया पहाड़ी स्थित प्रसिद्ध देवी स्थाना में पूजा कर अपने जीत के साथ क्षेत्र के सुख समृद्धी की कामना की।

# लोहरदगा में 120 किलो जावा महुआ व 15 लीटर देसी शराब जब्त

### संजय उरांव के घर से बरामद हुआ 15 लीटर तैयार अवैध देसी शराब और जावा महुआ





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई किया है। अवर उत्पाद निरीक्षक मंजूर आलम की अगुवाई में सदर थाना क्षेत्र के कुतमु जेलखाना रोड में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमे संजय उरांव समेत बस्ती के अन्य संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान संजय उरांव के घर से 15 लीटर तैयार अवैध देशी चुलाई शराब, 120 किलो जावा महुआ बरामद किया गया। इस संदर्भ में जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग अवैध देशी शराब समेत शराब के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। इस क्रम में गुप्त सूचना मिली की सदर थाना क्षेत्र के कुतमु जेलखाना बस्ती के कई घरों में देशी महुआ शराब बनाने का कारोबार फलफूल रहा है। इसको लेकर उत्पाद विभाग की टीम ने सुनियोजित ढंग से छापेमारी किया। छापेमारी में उपरोक्त देशी शराब व शराब बनाने का समान जब्त किया गया। छापेमारी की भनक लगते ही आरोपी संजय उरांव फरार हो गया। इस संदर्भ में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जिला उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है। कहा कि जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में अवैध देशी विदेशी शराब से जुड़े कारोबारियों को बख्शा नही जाएगा।

# खेल में अनुशासन का बड़ा महत्व : शैलेंद्र

### प्रगति क्लब भदुवापारा ने स्कूल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रगति क्लब भदुवापारा द्वारा स्कूल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र सुमन ने कहा कि मेहनत से ही सफलता मिलती है। खेल अनुशासन के साथ खेलने पर जीवन में सफलता निश्चित है। खेल से आपसी भाई चारगी को बढ़ावा मिलता है। खिलाड़ी हमेशा हमेशा चुस्त और फिट रहते हैं। इस मौके पर इन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी विधानसभा में 18 वर्ष से ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का जरूर उपयोग करें और मतदान प्रतिशत प्रतिशत को बढ़ाने में महती भूमिका अदा करें। मतदान का अधिकार सबका है और यह लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि भारत स्काउट और गाइड के संयुक्त सचिव मुमताज अहमद ने कहा कि गांव के युवाओं द्वारा प्रत्येक वर्ष खेल को बढ़ावा देने जैसी प्रतियोगिता का आयोजन करना एक सराहनीय कदम है। आज की परिस्थिति में युवा मोबाइल एवं अन्य अनुपयोगी कार्यों में व्यस्त रहते हैं और समय की बबार्दी करते हैं।

ऐसे टूनार्मेंट देखकर उन्हें खेल के प्रति दिलचस्पी बढ़ेगी और खेल का एक मंच मिल जाताहै। इन्होंने भी आने वाले निकट चुनाव में अपना अपना वोट जरूर दें। गांव के प्रबुद्ध जन चमरू उरांव, तिवारी उरांव,एक्स आर्मी सुकरा उरांव, बबलू उरांव, गंगा उरांव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच के आयोजक सुनील उरांव एवं मनोज उरांव ने कहा कि मैच पूरे फीफा के नियम के साथ संचालित किया गया। तीन दिवसीय टूनार्मेंट को सफल बनाने में बिजून उरांव, बीरबल उरांव , बसंत लोहरा, तेतरा उरांव, सुदीप उरांव ,सीताराम उरांव, रामकिशन उरांव, रामसूरत उरांव, अध्यक्ष सुनील उरांव आदि ने सहयोग किया। मौके पर विजेता, उपविजेता, बेस्ट टीम की सराहना किया गया।

## बंद घर से 35 हजार नगद समेत लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर गये चोर

**गुमला।** गुमला शहर के नजदीक स्थित पुग्गू नवा टोली गांव में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी को अंजाम दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब रविवार दोपहर घर लौटे परिजनों ने चोरी की सूचना गुमला थाना में दर्ज कराई। चोरी की घटना का विवरणः पीड़ित कमलेश उरांव ने बताया कि उनका परिवार उनके भाई मदन उरांव के घर में रहता है, जो सीआरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर भोपाल में तैनात हैं। शनिवार शाम 4 बजे पूरा परिवार कर्मा पर्व मनाने घाघरा के कोही पाट बड़का टोली गांव गया था। घर पर ताला लगाकर जाने के बाद, रात के किसी वक्त चोरों ने मौका पाकर घर के ग्रिल के दो ताले तोड़ दिए और अंदर प्रवेश किया। लाखों की चोरीः रविवार सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटे होने की जानकारी दी।

# लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से नीरू शांति भगत एनडीए प्रत्याशी घोषित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए की प्रत्याशी नीरू शांति भगत घोषित की गई है। इसकी घोषणा बीजूपाड़ा के स्मार्ट बैंक्विट हॉल में आयोजित चूल्हा प्रमुख एवं ग्राम प्रभारी की बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने की ।सुदेश महतो ने कहा कि लोहरदगा आजसू की पारंपरिक सीट है और यह आजसू की ही रहेगी। लोहरदगा आंदोलनकारी और स्वतंत्रता सेनानियों की धरती रही है। यह धरती आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक देश और राज्य की दशा और दिशा बदलने का कार्य किया है।

हम फिर से एक नया इतिहास लिखेंगे। उसके लिए आप सभी लोगों को कमर कस कर तैयार रहना होगा, और इस विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को जिताकर राज्य की तस्वीर बदलने का कार्य किया जाएगा। 22 अक्टूबर दिन मंगलवार को एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगीं।

नीरू शांति भगत ने कहा की स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों को पूरा करने का कार्य करूंगी। आजसू आंदोलनकारीयों की पार्टी है आगे भी एक नई आंदोलन की शुरूआत की जाएगी जो विकास का आंदोलन होगा, लोहरदगा को एक नई दशा और दिशा देने का कार्य शुरू की जाएगी। मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विभानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सचिव एवं चान्हो जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी,गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, लोहरदगा विधानसभा सह प्रभारी लखन साहू, लोहरदगा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, कवलजीत सिंह, सूरज अग्रवाल, समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## खड़ी धान के फसल को हाथियों नें रौंदा, रतजगा को मजबूर हैं किसान

**चैनपुर।** चैनपुर क्षेत्र के बरटोली गांव के 8 किसानों के धान के खड़ी फसल को जंगली हाथियों के द्वारा रौंद दिया गया जिससे किसान को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें किसान अमित एक्का, संदीप कुजूर,जेवीयर कुजूर,रंजन एक्का,अजय कुजूर,पोलीकार मिंज,बेर्नाड मिंज, सहित आठ किसानों के खड़ी फसल को जंगली हाथियों के झुंड नें रौंदकर बर्बाद कर दिया। जिसपर किसानों नें बताया कि जंगली हाथियों कि संख्या 5 है और वो सभी खेत में लगे हुए धान को बर्बाद कर रहे किसी तरह खेत से खदेड़नें के बाद भी हाथियों का झुंड वापस लौटकर आ जाता है और ईसी तरह से होता रहा तो खेत में अनाज का एक दाना भी नहीं बचेगा। जिसको लेकर हम सभी रातजगा करनें को मजबूर हैं। वहीं किसानों नें बताया कि इसमें हमारा बहुत ही नुकसान हुआ है हमारा साल भर का खर्च को नुक्सान पहुंचा है ।

# जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा हम लोग रोड बनाने नहीं देंगे



**नवीन मेल संवाददाता। जारी**

जारी प्रखंड अंतर्गत जरमाना के पास जारी प्रखंड के सैकड़ो ग्रामीणों ने मुआवजा और घटिया सड़क निर्माण के लिए उग्र हुए और घंटो देवन्ती कन्स्ट्रक्शन के द्वारा बनाये जा रहे सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया ग्रामीणों का कहना है कि आज तक सरकार के द्वारा हम लोगों का जमीन का मुआवजा नहीं मिला है और संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण कर दिया जा रहा है ग्रामीणों ने एकजुट स्वर में कहा कि जब तक हम लोगों को मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक हम लोग रोड बनाने नहीं देंगे साथ ही संवेदक के द्वारा मिट्टी मे कालीकरण कर लीपापोती का कार्य कर दिया जा रहा है ग्रामीणों ने कहा कि रोड को गुणवत्ता पूर्ण बनाये अन्यथा काम को ही बन्द कर दे। वही मौके पर उपस्थित जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक ने कहा कि संवेदक के द्वारा घटिया सड़क निर्माण किया जा रहा है मिट्टी में ही कालीकरण कर लीपापोति का कार्य किया जा रहा है जिससे सड़क लंबे समय तक नही चलेगा कुछ ही सालों में टूट जाएगा।वर्षों बाद हम लोगों को रोड मिला उस रोड को भी संवेदक द्वारा लीपा पोती कर अपना कोरम पूरा कर रहा है अगर संवेदक गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए अगर कार्य नहीं करते हैं तो पुनःरोड के कार्यों को हम लोग ग्रामीण मिलकर बंद कर देंगे वही मौके पर उपस्थित उर्मिला केरकेट्टा ने कहा कि ग्रामीण अपने हक के लिए एकजुट होकर रहेगा और मुआवजा नहीं मिलने पर रोड का कार्य को रोक दिया जाएगा।वहीं मौके पर उपस्थित देवन्ती कन्स्ट्रक्शन के सिकन्द्र यादव के द्वारा ग्रामीणों को मुआवजा के लिए दिये गये लेटर को दिखाते हुए कहा कि कुछ दिनों मे सबको मुआवजा मिल जाएगा साथ गुणवत्ता को ध्यान मे रखकर आगे से कार्य किया जाएगा तब जकार ग्रामीण माने।

## न्यूज | बॉक्स

### भंडरा के पोड़हा में अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गडरपो पंचायत के पोड़हा गांव निवासी महरु भगत उम्र लगभग 50 वर्ष अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. इस संबंध में महरू की पत्नी सोमरी भगातई ने भंडरा थाना में लिखित सूचना देकर बताई है कि वह कल अपनी बेटी के घर गई थीकशाम में जब वापस आए तो देखी की महरु भगत फांसी लगाकर झूल रहा हैक्घटना की सूचना ग्रामीणों ने भंडरा थाना को दीकसुचना मिलते ही भंडरा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमाटम के लिये लोहरदगा सदर भेज दिया। साथ ही भंडरा थाना पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर अग्रतार करवाई मे जुट गई है।

### घर के सामने खड़ी गाड़ी का चक्का खोलकर ले गए चोर



**भंडरा ।** थाना क्षेत्र के नौडीहा चौक में बीती रात भंडरा निवासी सुनील लकड़ा के घर के सामने में खड़ी ऑलटो कार का दो चक्का खोलकर चोर ले गए .यह घटना बीती रात की है. यह चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गया. इस संबंध में सुनील लकड़ा ने बताया कि उनके घर के सामने गाड़ी संख्या जेएच 01 क्यू 6234 खड़ा था.चोर रात के समय इस घटना को अंजाम दिए. सीसीटीवी में कैद वीडियो के अनुसार तीन चोर एक बाइक में आए थे और चक्का खोलकर बाइक से ही भाग गए. घटना की सूचना भंडरा थाना को दी गई।

### दो दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का समापन

**लोहरदगा।** विश्वकर्मा समाज की ओर से दुर्गा बाड़ी मंदिर में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क योग शिविर का रविवार को समापन हुआ। योग गुरू डॉ अशोक आचार्य ने शिविर में आए सभी लोगों को पहले सूक्ष्म क्रियाएं, के क्रियो से अभ्यास को शुरू किये। कंधे का अभ्यास, पेट का विशेष योगासन कराए। कमर दर्द के अभ्यास कराए गए, शुगर को ठीक रखने के लिए आसन बताएं, थायराइड को ठीक रखने के लिए प्राणायाम बताएं, मोटापा के लिए नौकासन, धनुरासन का और सर्वांग पुष्टि का विशेष अभ्यास कराए शरीर में एक्यूप्रेशर के पॉइंट बताएं, अंत में लाफ्टर योग, सिंह गर्जना के बाद शांति पाठ किया गया। दुगार्बाड़ी मंदिर के सचिव तापस कुमार, उषा देवी , विश्वकर्मा समाज के सचिव अमरेश विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, निलेश गुप्ता, अरुणा साहू, नीतू मित्तल, रज्जू साहू, संजीव और उसके पश्चात विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष दीपक कुमार, मंदिर समिति, विश्वकर्मा समाज शिविर में आए सभी लोगों का लोगों का धन्यवाद किए। अंत में वरुण विश्वकर्मा ने योग करने के बाद अपना अनुभव भी लोगों को बताएं जो कि बहुत ही प्रेरणा देने वाला था।

### आरएसएस का प्रारंभिक वर्ष तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत मुख्यालय कैरो स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारम्भिक वर्ष तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का 20 अक्टूबर रविवार को समापन हो गया। कैरो खण्ड के संघ चालक डा0 भोला प्रसाद ने बताया कि पिछ्ले 18 अक्टूबर शुक्रवार से 20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कैरो खण्ड के प्रारम्भिक प्रशिक्षण शिविर का 20 अक्टूबर रविवार को समापन हो रहा है। मौके पर जिला संघ चालक श्याम सुन्दर उराँव, जिला प्रचारक दीपक कुमार,प्रखंड के डा0 भोला प्रसाद, प्रशिक्षक आनन्द प्रजापति,सन्तोष कुमार,सुरज कुमार,कुडु खण्ड संघ चालक अजय कुमार साहु,शुभम कुमार के द्वारा प्रशिक्षण मे भाग लिये 14-28 वर्ष युवा को प्राणायाम,योग,सूर्यनमस्कार,दंड,सूर्य-चक्र,बौद्धिक,शारिरीक विषयों पर युवाओ को प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में कैरो खण्ड के कैरो,हनहट,नरौली,गजनी,गुड़ि इत्यादि गाँवो से सैकड़ो युवाओं ने आरएसएस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया। मौके पर प्रणव पाठक,नीरज कुमार,विशेश्वर प्रसाद दीन,बालेश्वर साहू,सुजीत प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।

### रक्तदान करने में हमेशा तत्पर रहते हैं बजरंगदल के कार्यकर्ता



**गुमला।** बजरंग दल गुमला नगर के दो कार्यकताओं ने किया रक्तदाने रक्तदान करने वालों में सौरभ साहू ने अ+ पॉजिटिव और दीपक बड़ाइक ने भी ए पॉजिटिव रक्तदान कियो सौरभ साहू ने दूसरी बार वही दीपक जी ने 31वीं बार रक्तदान किया। दोनों रक्तदाताओं ने सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान कियो रक्तदाता सौरभ साहू ने बताया कि सदर अस्पताल में इलाजरत एक दो वर्ष से बच्चे को थैलेसीमिया की बीमारी है जिसे हर महीने ब्लड चढ़ता है उसे रक्तदान कर उसे बच्चों को सहायता कर खुद में बहुत ही अच्छा महसूस कर रहे हैं और वह हर 3 महीने में रक्तदान करने के लिए हमेशा इच्छुक रखते हैं मौके पर यशराज सिंह, राज गोप, हर्षराज सिंह लैब टेक्नीशियन अंजू किंडो उपस्थित थे।

## झारखंड विस चुनाव 2024 : आदर्श आचार संहिता लागू, शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम स्थापित

**गुमला।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 15 अक्टूबर 2024 को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिले में स्थापना की गई है। चुनाव संबंधी जानकारी या शिकायत दर्ज कराने के लिए नागरिक हेल्पलाइन नंबर 06524-223686 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, मतदाता संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए 06534-1950 पर कॉल कर सकते हैं। जिले के निर्वाचन कक्ष ने इन सुविधाओं को आम जनता के लिए उपलब्ध कराया है ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा या असुविधा से बचा जा सके। इधर जिला प्रशासन ने जनता से अपील है कि चुनाव से जुड़ी किसी भी जानकारी या समस्या के लिए दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करें और अपने अधिकारों का उपयोग करें।

## गुमला, सिसई, बिशुनपुर क्षेत्रों के लिए व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति, शिकायत दर्ज कराने के लिए संपर्क नंबर जारी

**गुमला।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत 67-सिसई (अ०ज०जा०), 68-गुमला (अ०ज०जा०), और 69-बिशुनपुर (ज०ज०जा०) विधानसभा क्षेत्रों के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। राघवेन्द्र पी. आई.आर.एस. (व्यय प्रेक्षक, कोड आर-25465) को इन निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी व्यय पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी दी गई है। उनका मोबाइल नंबर 9430703726 है। व्यय प्रेक्षक राघवेन्द्र पी. आई.आर.एस. का 18 अक्टूबर 2024 को गुमला में आगमन हो चुका है, और वे स्थानीय परिसदन, गुमला के 'देवाकी' नामक कमरे में ठहरे हुए हैं। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आम नागरिकों को सूचित किया गया है कि वे अपनी शिकायतें दर्ज कराने हेतु प्रतिदिन कार्य दिवस में अपराह्न 4:00 बजे से 5:00 बजे तक व्यय प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते हैं। इससे जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए नागरिक सीधे श्री राघवेन्द्र पी. आई.आर.एस. से संपर्क कर सकते हैं। उनका मोबाइल नंबर 9430703726 है, जिस पर चुनावी खर्च से संबंधित कोई भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## टिकट मिलते ही घाघरा पहुंचे भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, किया जीत का दावा



**घाघरा गुमला।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित मुखिया कॉम्प्लेक्स में बिशुनपुर विधान सभा से प्रत्यासी होने के उपरांत समीर उरांव कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की। इस क्रम में कार्यकताओं को संबोधित करते हुवे समीर उरांव ने कहा कि कार्यकर्ताओ के बीच संबंध एवं संवाद बराबर स्थापित हो ताकि चुनाव में सहूलियत हो। उन्होंने राज्य के जेएमएम एवं कांग्रेस के गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुवे कहा कि राज्य सरकार संसाधनो का दोहन की है और अकूत संपति अर्जित की है। उनके शाशन काल मे आपराधिक घटनाओं में काफी इफाजा हुवा। बहन बेटियां असुरक्षित रही। वही बेरोजगारी एवं युवा वर्ग को ठगने का काम गठबंधन सरकार के शाशन काल मे हुवा है। उन्होंने कार्यकर्ताओ का उत्साह बढ़ाते हुवे कहा कि उनके कुशल कार्य से कई दफा बेहतर परिणाम भी देखने को मिला है। मौके पर मंडल अध्यक्ष किशोर जायसवाल, प्रदीप प्रसाद, नंदलाल साहू, पारस भगत, अमित ठाकुर, सीमा देवी सोला सिंह आजाद साहू गंगा साहू सहित अन्य भाजपाई शामिल थे।

## स्कूल प्रबंधन समिति 90 प्लस अंक लाने वाले भैया-बहनों को करेगा पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता। भरनो**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरनो विद्यालय में शनिवार को कक्षा अष्टम,नवम एवं दशम के अभिभावकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के सचिव श्रीकांत केशरी एवं प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। मौके पर विद्यालय के सचिव श्रीकांत केशरी ने कहा कि भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए माता पिता,भैया बहन एवं आचार्य सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस बैठक में प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय द्वारा पढाई,अनुशासन एवं व्यवस्थित दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया गया।साथ ही भैया बहन आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करे ऐसी अपेक्षा की गयी। प्रबंधन समिति की ओर से 90 प्लस अंक लाने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी। इस बैठक में प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सुदामा केशरी, बजरंग गुप्ता, विद्यालय के आचार्य पूनम सारंगी, धर्मेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहें।






## अखंड सौभाग्य के लिए लोहरदगा में महिलाओं ने किया करवा चौथ व्रत

**लोहरदगा।** लोहरदगा में महिलाओं ने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। विधि विधान के साथ पूजा की। करवा चौथ भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है । इस व्रत में महिलाएं श्री गणेश जी की पूजा करती हैं। जो मंगल और सिद्धि के देवता माने जाते हैं। गणेश जी की पूजा करने से उनके पति के जीवन में सभी बाधाओं का नाश होता है और समृद्धि और सुख की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही चंद्रमा की पूजा का विशेष महत्व है, क्योंकि चंद्रमा को शीतलता, शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। चंद्रमा को अर्घ्य देने से पति-पत्नी के जीवन में चंद्रमा जैसी शीतलता और संतुलन की प्राप्ति होती है। करवा चौथ की पूजा में संगीता मित्तल, पारुल मित्तल, सुजाता देवी, प्रतिमा नीरज साहू, सुरेखा मिश्रा, रोजर बिन्नी सिन्हा, किरण गुप्ता, शिखा गुप्ता, मंजू वर्मा, सविता देवी, अरुणा देवी,शीतल कर्मकार, दीपा पोद्दार, संगीता साहू, हेमलता शर्मा,मंजू जयसवाल, प्रीति जयसवाल शामिल थीं।

# सिसई विस क्षेत्र से जिंगा मुंडा को प्रत्याशी बनाया तो निर्दलीय उम्मीदवार खड़ा करेंगे : गजेंद्र उरांव



**नई दिल्ली। सिसई (गुमला)**

प्रखंड सिसई के ग्राम पंचायत शिवनाथपुर के सैंदा टुकु टोली धुमकुडिया में 5 पड़हा, 7 पड़हा, 9 पड़हा का संगठित ईकाई 22 पड़हा एवं क्षेत्र के सामाजिक संगठन राजनीतिक अगुवाई करने वाले जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक को उम्मीदवार नहीं बनाए जाने का निर्णय लिया गया। पड़हा संगठन का कहना है कि गठबंधन के तहत अगर पुनः जिंगा मुंडा को उम्मीदवार बनाया गया तो सामाजिक संगठन द्वारा घोषित कोई अन्य उम्मीदवार उतारेंगे। अपने लोगों को पड़हा के विरुद्ध राजनीति करने का अरोप लगा कर बदनाम करने के संदर्भ में एक विशेष ग्रामसभा का बैठक किया गया। इस बैठक में पड़हा संगठन को राजनीति करने का अरोप लगाने वाले श्री अरविंद उरांव को बाईस पड़हा के लोगों ने राजनीति नहीं करने की बात कही। वहीं लोगों ने बताया की अरविंद उरांव खुद राजनीति मंच साझा करते हैं।

अरविंद उरांव स्थानीय विधायक के संपर्क में रहकर पड़हा का विरोध कर रहे हैं। बाइस पड़हा संगठन समाज के हर बिंदु पर आवाज उठाने का काम करता है। इस लिए आवाज को दबाने के लिए अरविंद उरांव गलत बयान दे रहे हैं । पड़हा कोटवार गजेंद्र उरांव ने बताया कि सिसई विधायक जिंगा मुंडा के द्वारा किया गया जनहित का कार्य विधानसभा क्षेत्र में गौन है। वर्तमान विधायक शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पानी, बिजली के वादे पर फेल हो गये हैं। भोले भाले आदिवासी समुदाय को नगड़ा मांदर डेग दरी बाल्टी देकर लुभाने का काम कर रहे हैं। आदिवासी समुदाय के भाषा संस्कृति, करम सरहुल, जतरा में जाकर लोगों के लिए चंदा देकर सिर्फ. वोट बैंक बनाने का काम कर रहे हैं।लेकिन लोगों का नजर खुल गया है। अब आदिवासी भाषा संस्कृति के नाम पर राजनीति करने वाले को समाज कभी समर्थन नहीं करेगा।

## गुमला जिले में शस्त्र जमा करने का आदेश उल्लंघन पर अनुज्ञप्ति रद्द की जाएगी

**गुमला।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए गुमला जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र जमा करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश शस्त्र अनुज्ञप्ति के शर्त 9 के तहत जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने शस्त्रों को स्थानीय थाना, ओ.पी. या शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता की दुकान में जमा कर दें। यह आदेश चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से पारित किया गया है। शस्त्रधारी नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि तक अपने शस्त्र जमा कराएं। यदि कोई शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी आदेश का पालन करने में असफल रहता है, तो उसकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### वन विभाग ने अवैध घरों को जेसीबी से तोड़ा

**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा प्रखंड के मुढ़ाकाटी पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर वन क्षेत्र में वन विभाग द्वारा एक मकान को जेसीबी से तोड़ दिया गया. विभाग के मुताबिक वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का मकान का निर्माण किया जा रहा था. वनाधिकार समिति पहाड़पुर द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की सूचना वन विभाग को देते हुए अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई थी. वन विभाग के मुताबिक सुरंजन महतो द्वारा एक वर्ष पूर्व वन विभाग के एक एकड़ से अधिक जमीन पर कब्जा करते हुए पक्का मकान बनाया जा रहा था. वनाधिकार समिति द्वारा मना करने के बावजूद निर्माण जारी रखा गया. इसके कारण वन विभाग ने कार्रवाई की. वन क्षेत्र में बनाए गये निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़कर समतल कर दिया गया. इधर घर बनाने वाले बिना पूर्व सूचना के घर तोड़ने की बात कही है।

# गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने पर काम कराया जाएगा बंद : जिप सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में जितनी भी सरकारी योजनाएं चल रही है चाहे वो पुल हो नाली हो या सड़क में जमकर भ्रष्टाचार और मनमानी हावी है।ग्रामीणों की कई वर्षो से लगातार मांग करने के वावजूद अगर कोई भी योजना आती है। तो वो भी सिर्फ और सिर्फ थूक से पोलिस करने के बराबर आती है सरकार तो अपना वोट बैंक बचाने के लिए योजना तो पास कर देती है। लेकिन अधिकारियों और ठेकेदारों का जो चोली-दामन का साथ है वो योजनाओं पर ग्रहण लगा देती है। हम बात कर रहे हैं चैनपुर से जारी प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का जहां पर ठेकेदार अपना दबंगई दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। चैनपुर से जारी को जोड़ने वाली सड़क में जगह जगह कालीकरण एवं पीसीसी सड़क बनाई जानी है। जिसमें सभी नियम एवं मापदंडों को ताक पर रखते हुए घटिया निर्माण कराया जा रहा है। चैनपुर बजार टांड़ के समीप पीसीसी सड़क के एक छोर में बिना सीमेंट मिलाएं ही मिट्टी बालू और गिट्टी से ही सड़क को ढाल दिया गया। ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत की तो मजदूरों ने बताया की यह अलग कलर का सिमेंट है जब कि कार्य स्थल पर कोई भी इंजिनियर या मुंशी मौजूद नहीं था। वहीं चैनपुर और जारी प्रखंड को जोड़ने वाले शंख नदी के पास रात में पुलिया की ढलाई का कार्य चल रहा था। जहां कम मात्रा में सीमेंट मिलाकर पुलिया को ढाला जा रहा था तभी उसी रास्ते से गुजर रहे जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक की नजर पड़ी तो उन्होंने घटिया निर्माण का जमकर विरोध जताया और कार्य में सुधार लाने की बात कही वहीं उन्होंने कहा कि अगर घटिया निर्माण कार्य में सुधार नहीं लाया गया।तो सामुहिक रूप से आंदोलन कर कार्य निर्माण को बंद कर दिया जाएगा क्योंकि बहुत वर्षों से ग्रामीणों की मांग थी कि इस सड़क का निर्माण किया जाए लेकिन ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहा है जिसको जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं कासीर से गुमला को जोड़ने वाली मार्ग को देखा जाय तो एक लीपा पोती के बराबर दिखती है। जगह-जगह पर रोड दब गए हैं तथा पुल पुलिया के पास गड्ढे हो गए हैं।रोड का में चार पहिया वाहन चलाना काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वही इसकी जिमवार विभाग है? या ठेकेदार है यह तो जांच का विषय है।




# चुनाव जीती तो हर समस्या के समाधान के लिए खड़ी रहूंगी : कुमकुम देवी

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा नेत्री कुमकुम देवी ने समर्थकों संग दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में बैठक कर भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया और लोकहित अधिकार पार्टी से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।कुमकुम देवी ने अपने समर्थकों से राय सुमारी किया तो उपस्थित पूर्व जिप प्रतिनिधि केदार साव समेत अन्य समर्थकों ने कहा कि महिला के मान सम्मान की बात करनेवाली भाजपा ने एक कर्मठ महिला को टिकट देकर फिर वापस ले लिया जो बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री कुमकुम देवी का घोर अपमान है। इस अपमान का बदला हमलोग कुमकुम देवी को विधानसभा भेजकर लेंगे।लोगों ने कहा कि भाजपा ने एक ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है जो हर चुनाव में जनता से एक मौका मांगता है लेकिन कभी क्षेत्र के लिए कुछ कर नहीं पाता। विधायक का क्या कर्तव्य है उसे आज तक समझ नहीं पाया।कहा कि ऐसे विधायक के कारण क्षेत्र के नौजवान बर्बाद हो रहे हैं और उनका भविष्य चौपट हो रहा है। बेरोजगार नौजवानों से ये सिर्फ पार्टी का झंडा ढोने का काम करवा रहे हैं। कुमकुम देवी ने कहा यदि मैं चुनाव जीती तो क्षेत्र की हर समस्या के निदान होने के साथ साथ हर गरीब गुरबों की सेवा के लिए निस्वार्थ रूप से तत्पर रहूंगी। मौके पर पूर्व जिप प्रतिनिधि केदार साव, पीतांबर नायक,अर्जुन नायक, उमेश गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि श्याम साव, महेश साव, रीत लाल चौधरी, मुरली प्रसाद, लालमोहन प्रसाद समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### सेवा भारती के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 49 लोगों ने कराई जांच





**लोहरदगा।** सेवा भारती द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 123 वां सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का उदघाटन जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,डॉ मृत्युंजय कुमार, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,संजय चौधरी एवं शिक्षिका अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 49 लोगों ने अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा सुखी जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है इसके लिए आपको नियमित रूप से अपने स्वास्थ से संबंधित जांच कराते रहना चाहिए,और कहा कि असमर्थ लोगों के लिए जल्द ही जरूरी दवाओं की व्यवस्था भी की जाएगी। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाते हैं जिससे कि छोटी-छोटी बीमारियां आगे जाकर बड़ा रूप ले लेती है इसे नजरअंदाज न करें। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जय प्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने कहा की प्रत्येक सप्ताह चल रहे इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोग अपने स्वास्थ की जांच करवा कर अपने स्वास्थ के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है।और आशीष अग्रवाल एवं राजू यादव के द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधित लोगों का जांच किये। आज शिविर में- जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,डॉ मृत्युंजय कुमार,अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ,सुबोध महतो, गोपाल सिंह,अतुल सर्राफ, सुरेंद्र गुप्ता,संध्या देवी,मुकेश कुमार,लाल मुनी देवी,राजेश तमेड़ा,रानी देवी,मालती देवी,चंपा देवी,जहुर अंसारी, वजीर अंसारी,शर्मिला देवी, ओम प्रकाश,गोपाल महतो, सरिता देवी,सरोज प्रजापति, संजय कुमार,रमेश शर्मा, गोपाल कास्यंकार,मनोज कुमार, सुंदर देवी,रश्मि देवी,उदय कसेरा,राम प्रसाद कसेरा,प्रशांत मरांडी, देवनारायण प्रसाद,तपेश्वर अग्रवाल,रूपनारायण प्रसाद, ममता बांका,सुभद्रा देवी, एल.एन तिवारी,दीपक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राजीव यादव आदि उपस्थित थे।

### पारिवारिक विवाद में सल्फास खा कर एक महिला ने दे दी जान



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बढ़ई टोला की एक महिला सल्फास की गोली खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार प्रखंड के बढ़ई टोला में एक पति-पत्नी में आपसी विवाद होने से महिला ने आवेश में आकर सल्फास की गोली दिन रविवार समय सुबह छह बजे खा ली। जिससे महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी। जिससे आनन-फानन में उसके परिवार वाले विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जिसमें इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। जिसमें मृत महिला का पहचान नीतू देवी उम्र 40 वर्ष पति अर्जुन मिस्त्री के रूप में हुआ। जिसकी सूचना मायके वालों को दी गई। जिसमें मायके वाले विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर काफी हो हंगामा किया।उनका आरोप है कि मेरी बेटी को मारा गया है। काफी हंगामा देख अस्पताल प्रबन्धन ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बूझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया है। मृतिका तीन बच्चों की मां थी।

### उत्पाद विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान



**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार रविवार को सहायक आयुक्त उत्पाद श सुनील कुमार चौधरी के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से बरकाकाना थाना अंतर्गत बरटोला पोचरा, पारटांड पोचरा एवं रामगढ़ थाना अंतर्गत गौशाला रोड, गोसा आदि जगहों पर अवैध शराब बिक्री एवं निर्माण के विरूद्ध सघन व व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 18 पीस विदेशी शराब, 6 पीस बोतल बीयर, 18 पीस केन बीयर से कुल 4 लीटर अवैध विदेशी शराब, 22 लीटर बीयर, 25 लीटर महुआ शराब एवं 100 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। छापामारी अभियान में गोसा से अनिल कुमार महतो के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47( ) के तहत गिरफ्तार किया गया है। जबकि बरटोला पोचरा से रामलाल साव एवं पारटांड पोचरा से संदीप मुंडा के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, सिपाही नरेश महतो, कमलेश कुमार, प्रेम सिंह एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान उपस्थित थे।

### पुलिस ने वारंटियों को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर अभियुक्तों व वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इसमें डुमरी थाना कांड सं0 112/24 के प्राथमिक अभियुक्त राजेश कुमार उर्फ राजेश महतो एवं डुमरी थाना कांड सं0-59/18 के वारंटी राजु सिंह उर्फ राजेन्द्र सिंह गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। बड़की सराय थाना क्षेत्र से मुंशी सोनार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। जबकि गांवा थाना क्षेत्र के गैर जमानतीय वारंटी सतीश साव, संतोष साव को गिरफ्तार किया गया। जमुआ थाना के न्यायालय का जीआर नंबर 1629/2017 का वारंटी अभियुक्त रेहान शेख उर्फ निक्कु अंसारी उर्फ निक्कु डॉन को गिरफ्तार किया गया है। बंगाबाद थाना के वारंटी अभियुक्त युगल पंडित को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। वहीं निमियांघाट थाना से वारंटी अभियुक्त दिलिप मिश्रा को गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस ने अज्ञात महिला का शव किया बरामद

**रामगढ़।** कुजू रेलवे स्टेशन के निकट बने रेलवे क्वार्टर के सामने नाले से कुजू पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को नाले से निकाल कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि कुजू पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला का शव नाले में पड़ी है। जिस पर कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय सदल बल के साथ मौके पर पहुंचकर महिला के शव को नाले से बाहर निकलवाया। साथ ही शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। परंतु समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

## मलखंब प्रतियोगिता हुई संपन्न

# रांची जिला ने अधिकतम अंक लाकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला मलखंब एसोसिएशन द्वारा आयोजित 11वीं दो दिवसीय झारखंड राज्य-स्तरीय सबजुनियर, जुनियर एवं सीनियर बालक - बालिका मलखंब प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। समापन समारोह धुर्वा स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सिंह ' जग्गू ' एवं विशिष्ट अतिथि बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी, बीएसपी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेशवर उपाध्याय, खेल प्रेमी गौरव अग्रवाल, सरायकेला-खरसावां जिला मलखंब संघ के महासचिव सह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमीत मोदक, जामताड़ा मलखंब संघ के कार्यकारिणी सदस्य बबली दत्ता ने संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। दूसरे दिन जामताड़ा जिला मलखंब संघ के सक्रिय सदस्य कंचन दत्ता हनुमान जी की मूर्ति की पूजा-पाठ करने के उपरांत नारियल फोड़कर दूसरे दिन का प्रतियोगिता प्रारम्भ किया गया । मंच एवं प्रतियोगिता का संचालन झारखंड राज्य मलखंब संघ के महासचिव डॉ अजय झा ने किया। जबकि, आंगन्तुकों का स्वागत संघ के वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संघ के वरीय खिलाड़ी श्रीकांत कुमार ने किया।

रांची जिला अधिकतम अंक लेकर ओवर ऑल का खिताब यानि प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि जामताड़ा जिला दूसरे एवं सरायकेला खरसवां जिला तीसरे स्थान पर रहा।



# शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को अपने थाना ओपी में शस्त्र जमा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी भौतिक रूप से अपने-अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उन पर धारित शस्त्र को संबंधित थानों के सामने अंकित तिथि पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी से सत्यापन कराते हुए सत्यापन के उपरांत अपने शस्त्र को शस्त्र प्रतिष्ठान/ संबंधित थाना/ ओपी में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जो अन्य जिला/ राज्य से शस्त्र अनुज्ञप्ति प्राप्त कर शस्त्र धारित किये है एवं वर्तमान में रामगढ़ जिला में निवास करते हुए शस्त्र का उपयोग कर रहे हैं, वैसे अनुज्ञप्तिधारियों को आदेश दिया जाता है कि वे रामगढ़ जिला के जिस थाना क्षेत्र में निवासित हो, उस थाना में अपना शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्र का सत्यापन दो दिनों के अंदर कराना सुरक्षित करेंगे। समय व्यतीत होने के उपरांत पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा सर्च अभियान के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास इस जिला एवं अन्य जिला/ राज्य द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्र पाया जायेगा तो, उनके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम 2016 के सुसंगत धाराओं के तहत शस्त्र को जप्त कर अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई करते हुए अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### कोडरमा पुलिस ने अवैध शराब बरामद किया



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कोडरमा पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिसके आलोक प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर नवलशाही थाना प्रभारी पुअनि शशि भूषण के नेतृत्व में रविवार को एक मोटरसाइकिल सवार अपने मोटरसाइकिल पर अवैध महुआ शराब की ढुलाई के क्रम में ग्राम- पुरनाडीह पुल के पास नवलशाही थाना पुलिस ने 50 लीटर देसी महुआ शराब को जप्त किया। साथ ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में नवलशाही थाना कांड संख्या 55/24 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम जय प्रकाश यादव जो डोमचांच थाना के नावाडीह का रहने वाला है।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय का किया घेराव

## पांच माह से वेतन नहीं मिलने को लेकर हैं आक्रोशित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत लगभग 250 आउटसोर्स कर्मचारियों को पिछले 5 महीने से वेतन का भुगतान नहीं होने से नाराज आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बताया कि ,शिवा प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रत्येक माह वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है तथा मनमाने तरीके से मानदेय भुगतान किया जा रहा है। जिसके कारण सभी कर्मचारियों को आर्थिक, मानसिक एवं पारिवारिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण कर्मचारियों को राशन, बच्चों का स्कूल फीस, मकान का किराया, घर से कार्यालय तक आने के लिए ऑटो का किराया तथा कुछ कर्मचारियों के उपर कर्ज का भी बोझ हो गया है। दुर्गा पूजा के पूर्व लगभग आधे कर्मचारियों को एक माह का भुगतान किया गया और एजेन्सी द्वारा आश्वासन दिया गया कि दुर्गा पूजा उपरांत सभी बकाया मानदेय का भुगतान कर दिया जायेगा। संबंधित एजेन्सी द्वारा बार-बार आश्वासन दिया जाता है कि मानदेय भुगतान ससमय कर दिया जायेगा, परन्तु वर्तमान में मानदेय भुगतान से संबंधित कोई भी पहल नहीं किया गया है। इसके अलावा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बताया कि सदर अस्पताल अकाउंट मैनेजर श्वेता वर्मा एवं क्लर्क संध्या कुजूर व सुपरवाइजर, ठेकेदार से बात करने पर आज-कल कहकर टालमटोल किया जाता है। शोषण करने का भी बात कही है। कर्मचारियों का मांग है कि उन्हें प्रत्येक माह ससमय वेतन भुगतान किया जाए, और अगर यह सब मांगे पूरा नहीं होती है तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।



# रामगढ़ एसपी ने छह चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर रामगढ़ पूरी तरह सक्रिय है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को एसपी अजय कुमार ने छह चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। जिनमें तालाटांड़ पतरातू, कूलही सिकीदरी, मांडू, चोपादारू, बनखेता और पालू चेकपोस्ट शामिल है।एसपी ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चौक-चौराहों पर वाहनों की सघन चेकिंग जारी है। कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें। एसपी अजय कुमार ने स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा किए जा रहे वाहन जांच पंजी की समीक्षा की और उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच की जाए और अगर किसी वाहन से आपत्तिजनक सामग्री या अवैध राशि बरामद होती है, तो उसे जब्त कर तत्काल जिला प्रशासन को सूचित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने लगभग एक घंटे तक खुद भी छोटे-बड़े वाहनों की जांच की, जिसमें वाहनों के डैशबोर्ड और डिक्की की विशेष रूप से जांच की गई।इसके अलावा कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैनात पुलिसकर्मियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# आठ पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रांची के दो युवक गिरफ्तार




**एजेंसी। सरायकेला**
सरायकेला खरसावां जिले के चौका थाना की पुलिस ने कुल आठ पुडिया ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार दोनों युवक रांची के रहने वाले हैं। इस संबंध में चौका थाना प्रभारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत चौका चौक के पास ओवरब्रिज के नीचे विशेष वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में कांड्रा की ओर से आ रहे स्कूटी सवार दो युवक को पकड़ा गया। पकड़ाए दोनों युवकों ने अपना नाम रांची के पुनदाग गोपी अंतर्गत ग्रीन सिटी गेट नंबर 1 निवासी 28 वर्षीय फैजल अमीन और आलम चौक निवासी 28 वर्षीय मो साकीब खान उर्फ गोलू बताया। गोलू का स्थाई पता हिंदपीढ़ी, ग्वाला टोली चौक है। दोनों का चेकिंग करने पर उनके पास से कागज में लपेटा हुआ छोटा झ छोटा चार-चार ब्राउन सुगर का पुड़िया एवं मोबाईल फोन मिला। इसके बाद दोनों को विधिवाद गिरफ्तार करते हुए ब्राउन शुगर और स्कूटी को जप्त कर लिया गया।ब्राउन शुगर मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है गोलू

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुछताछ में पता चला कि दोनों इधर-उधर से ब्राउन सुगर खरीदकर उसे अधीक मुनाफा में बेचते हैं। शनिवार को भी दोनों इसी काम से आदित्यपुर गए थे और ब्राउन शुगर गर खरीदे। इन्हें ज्यादा मात्रा में ब्राउन शुगर नहीं मिल पाया, इधर-उधर से जुगाड़ कर आठ पुड़िया ही ब्राउन शुगर मिला, जिसे चार-चार पुड़िया आपस में रखकर रांची लेकर जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मो साकीब खान उर्फ गोलू एक अंतर जिला ब्राउन शुगर तस्कर है और पूर्व में भी जेल जा चुका है।

## नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सफलता

# पुलिस ने बरामद किया दो एसएलआर राइफल



**नवीन मेल संवाददाता। पश्चिमी सिंहभूम**
जिला के चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को उन्हें बड़ी सफलता मिली है। सर्च ऑपरेशन के क्रम में जवानों ने कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र से 2 एसएलआर राइफल बरामद किया है। पश्चिमी सिंहभूम एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि 18 अक्टूबर 2024 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 2024 के मई माह में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। जिसमें प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन का सदस्य बुधराम मुण्डा मारा गया था। उस घटना के बाद प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के ही अन्य सदस्य अमित मुण्डा, प्रभात मुण्डा, चमन उर्फ लम्बु, सालुका कायम, रिसिब उर्फ जिउरी, बुलबुल, बीर सिंह, हेमंती एवं संजय के द्वारा कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में हथियारों को छुपाकर रख गया है।

इसी सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अभियान चाईबासा के नेतृत्व में सीआरपीएफ 157 बीएन के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन करते हुए उस जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान प्रारंभ किया गया। संयुक्त अभियान दल द्वारा सर्च अभियान के दौरान 19 अक्टूबर 2024 को कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र से दो एसएलआर राइफल बरामद किया गया है। जिसे विधिवत जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान अब भी जारी है।

बता दें कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है।

## संपादकीय

# झारखंड के मुद्दे उठेंगे या विवादास्पद बयानों से जीता जाएगा चुनाव?

विधानसभा चुनाव की की प्रक्रिया चल रही है पर अभी सीटों के खींचतान के बीच पक्ष विपक्ष की बयानबाजी मईंया सम्मान बनाम गोगो दीदी योजना,बांग्लादेशी घुसपैठ पर आरोप प्रत्यारोप,भ्रष्टाचार पर नोंक-झोंक जैसे मुद्दे अभी शांत पद गए हैं। 2000 में झारखंड जब बना था तब पूरी दुनिया में इसकी चर्चा इस रूप में हो रही थी कि भारत की लगभग 40 प्रतिशत खनिज संपदा वाला यह प्रदेश अब विकास की वह लकीर खींचेगा जो दूसरों के लिए दुर्लभ है क्योंकि यह पहला राज्य था जहां का बजट सरप्लस यानी आय खर्च से अधिक थी। इसका पैतृक राज्य बिहार अपनी घटी हुई आय और संसाधनों का दुखड़ा रो रहा था और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव सहित अनेक नेता यही बयान दे रहे थे कि बिहार क्या बालू फांकेगा? पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने अपने छोटे कार्यकाल में कुछ जमीनी योजनाओं सहित आधारभूत संरचना के विकास पर एक बड़ी लकीर खींची पर उनकी सरकार के गिरने के बाद से अल्पमत सरकारों और कुछ कार्यकाल पूरा करने वाले मुख्यमंत्रियों ने भी झारखंड को अच्छी पहचान देने के बजाय नए नए प्रयोग किए जिससे झारखंड, साथ ही अलग हुए दो राज्यों उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ की तुलना में न सिर्फ पीछे रह गया बल्कि साल दर साल नए घोटालों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम होता चला गया। यहां की प्रतिभाएं पलायन करने के बाद कभी नहीं लौटीं क्योंकि कमजोर नेतृत्व और दिशाहीन राजनीति से अपार संभावनाओं वाला यह राज्य जेपीएससी, शिक्षक बहाली से लेकर प्रायः सभी नियुक्तियों में कथित रूप से घोटाले से इतना बदनाम हो गया कि युवाओं के साथ अभिभावकों का विश्वास हिल गया कि यहां बिना पैरवी या पैसे के कोई बहाली नहीं हो सकती। घोटालों की धीमी जांच कब तक चलेगी और आगे घोटाले नहीं होंगे कोई पक्का नहीं कह सकता। इससे राज्य का भविष्य भी बहुत उज्ज्वल नहीं कहा जा सकता। अरबों की सरकारी योजनाओं के बाद भी सदियों से चल रहा पलायन अभी भी जारी है। इस बार भी चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने का बड़ा कारण मजदूर वर्ग का नवंबर-दिसंबर में पलायन होगा जो बरसात शुरू होने पर लौटेंगे और वर्षा पर आधारित एक फसल का जुआ खेलेंगे। पूरे राज्य में मनरेगाकर्मियों की हड़ताल के कारण बिरसा हरित योजना का हाल बुरा है पलामू में इसकी स्थिति और खराब है अनेक प्रखंडों में योजना स्वीकृत तक नहीं हो नहीं हो पाई। इसी प्रकार रांची के आसपास सहित अनेक इलाके सब्जी की अच्छी खेती करते हैं पर किसी भी फसल को उचित कीमत मिलेगी या नहीं कोई नहीं जानता क्योंकि कोई ऐसी व्यवस्था या न्यूनतम मूल्य दिलाने वाली संस्था नहीं जिससे किसान हताश होकर खेती विमुख हो रहे हैं। कई बार टमाटर जैसी नगदी फसल बाजार में फेंक कर आने की घटनाएं प्रकाश में आईं हैं क्योंकि किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिला। किसानों कि हितों की बात उठाने वाला कोई नहीं और कृषि प्रधान झारखंड में किसी भी दल के एजेंडे में यह मुद्दा नहीं है।

**अरबों की सरकारी योजनाओं के बाद भी सदियों से चल रहा पलायन अब भी जारी है। इस बार भी चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने का बड़ा कारण मजदूर वर्ग का नवंबर-दिसंबर में पलायन होगा, जो बरसात शुरू होने पर लौटेंगे और वर्षा पर आधारित एक फसल का जुआ खेलेंगे।**

# न्यायोचित पी ई के शेयरों को इकट्ठा करने का स्वर्णिम अवसर






शशांक भारद्वाज

भारतीय शेयर मार्केट अपनी शक्ति सामर्थ्य परीक्षण के एक अत्यंत महत्वपूर्ण समय में हैं। विदेशी संस्थागत निवेशक भारी बिकवाली कर रहें हैं। अक्टूबर में अभी तक नकद संभाग में उन्होंने 80217 करोड़ रुपए के शेयर बेचें हैं। यह किसी एक माह में अभी तक का सबसे बड़ा विक्रय है। पिछली सबसे बड़ी बिकवाली मार्च 2022 में 79500 करोड़ रुपए की थी। ये तो भारतीय म्यूचुअल फंड के पास 2 लाख करोड़ रुपए की नकदी थी, प्रतिमाह म्यूचुअल फंड में 40000 करार रुपए का औसत निवेश आ रहा है नहीं तो भारतीय शेयर मार्केट धराशाई से हो सकते थे। यदि इस बिकवाली को सहन कर मार्केट फिर से चढ़ जाते हैं तो यह भारतीय शेयर मार्केट के लिए सर्वोत्तम सकारात्मक घटनाओं में से एक होगी, विदेशी तथा भारतीय दोनों निवेशकों का भारतीय शेयर मार्केट में आत्मविश्वास बहुत सुदृढ़ होगा,भारत एक अत्यंत शक्तिशाली शेयर मार्केट के रूप में उभरेगा। पिछले सप्ताह शुक्रवार को निफ्टी में 105 अंको की बढ़त दिखी यद्यपि उस दिन भी एफआईआई ने नकद संभाग में 5485 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस सप्ताह के पहले दो दिनों में मार्केट की चाल लघु अवधि के लिए तो महत्वपूर्ण होगी। इस सप्ताह यदि निफ्टी 25300 के ऊपर बंद रहने में सफल हो जाता है तो फिर एफआईआई की भारी बिकवाली का बड़ा नकारात्मक प्रभाव क्षीण हो सकता है तथा मार्केट अपने फंडामेंटल के अनुरूप चलेंगे। चीन की ओर निवेश का प्रवाह,कंपनियों के साधारण तिमाही वित्तीय परिणाम, भारतीय शेयर मार्केट को थोड़ा महंगा मानना मार्केट में गिरावट के प्रमुख कारण माने जा रहें हैं।निफ्टी की पीई अभी 23.4 है। मात्र पीई के आधार पर देखें तो मार्केट थोड़े महंगे हैं परंतु भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे अधिक वृद्धि दर की अर्थव्यवस्था है,तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रही है।यदि कॉरपोरेट के लाभ के अच्छी वृद्धि का समय लौट आए तो ऊंची पीई का मनोभाव क्षीण हो जाएगा तथा मार्केट पुनः अच्छी तेजी की ओर बढ़ेगा। इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में निफ्टी की कंपनियों के लाभ में 6 से 8 प्रतिशत वृद्धि की संभावनाएं हैं। अगली छमाही में इसमें अच्छी बढ़त होनी चाहिए। अभी जो गिरावट चल रही उसमें न्यायोचित पीई पर मिल रहे शेयरों को क्रय करने का इकट्ठा करने का स्वर्णिम अवसर है। पिछले सप्ताह निफ्टी में मात्र 110 अंकों की गिरावट रही जबकि एफ आई आई ने नकद संभाग में 21823 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।यह संकेत है कि 24800 निफ्टी के स्तर पर जो विक्रय आया ,वो आत्मसात हो गया है तथा इन स्तरों पर शक्तिशाली क्रय हो रहा है।यदि इजराइल ईरान युद्ध में भू राजनीतिक परिस्थितियां कोई विशेष नहीं बिगड़ती हैं तो 24500 निफ्टी मार्केट के लिए एक अच्छा आधार है। भारत चुनावों का राष्ट्र बनता जा रहा तथा प्रत्येक चुनाव के पश्चात सरकार का मूल्यांकन, भविष्य पर मंथन प्रारंभ हो जाता है। अभी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव हैं जिनका परिणाम आयेगा तो नवंबर में परंतु हार जीत की संभावना को ले कर भी शेयर मार्केट प्रतिक्रिया देंगे।इस पर भी दृष्टि रखने की आवश्यकता है। अमेरिकी शेयर मार्केट अच्छी अर्थव्यवस्था के आंकड़ों तथा वहां की कंपनियों के अच्छे वित्तीय परिणामों के बल पर ऐतिहासिक नई ऊंचाइयां बना रहे हैं। देर सबेर यह भारतीय शेयर मार्केट में भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा ही। इस बार की गिरावट डिलीवरी आधारित बिक्री के कारण आई है,किसी मंदड़िया लॉबी की बिकवाली के कारण नहीं। अतः गिरावट के पश्चात जो तुरंत तीव्र रिकवरी देखी जाती थी, वो नहीं दिखी। यदि म्यूचुअल फंड में निवेश के अच्छे आंकड़े बने रहे तो एफआईआई की बिकवाली धीरे धीरे आत्मसात हो जाएगी। चूंकि मार्केट अपने उच्चतम स्तरों से 7 प्रतिशत तक नीचे आ गए हैं तो इन स्तरों पर कुछ एफआईआई को मार्केट आकर्षक भी लग सकते हैं,तब उनके द्वारा भी खरीदारी आ सकती है। भारत में जीएसटी वृद्धि दर, पीएमआई,निर्यात आदि में सुस्ती ही है। सितंबर में व्यापार घाटा 20 अरब डॉलर से ऊपर पहुंच गया है।सरकार अर्थव्यवस्था के भिन्न मोर्चों पर सुधार, सुदृढ़ता के लिए पग उठा रही है।अतः सुस्ती अधिक समय तक नहीं बनीं रहेंगी। परिवहन लागत कम करने, विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में व्यापक विस्तार तथा प्रोत्साहन पर कार्य हो रहा है। यदि कंपनियों के व्यापार तथा लाभ में अच्छी वृद्धि दिखने लगती है तो शेयर मार्केट में अच्छा उत्साह दिखेगा। कच्चे तेल का मूल्य गिरकर 73 डॉलर प्रति बैरल है। यह भारत के लिए अच्छा है। इंडिया विक्स भी थोड़ा ठंडा हो 13.03 है। बैंक निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर 912 अंकों की वृद्धि हुई है। अच्छा संकेत है। शेयर विशेष की पीई के न्यायोचित होने का क्रम अभी बना रहेगा।बहुत सी कंपनियों के वित्तीय परिणाम भी आने हैं। अतः शेयर विशेष में बड़ा उतार चढ़ाव दिख सकता है। गिरावट पर टुकड़ों टुकड़ों के क्रय किया जा सकता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# भारी भरकम फीस जमा करने के बाद भी समय पर न्याय नहीं


सनत जैन

भारतीय संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकार सुरक्षित रखे जाने की जिम्मेदारी न्यायपालिका को सौंपी है। वर्तमान न्यायपालिका एक तरह से सरकार के नियंत्रण में काम करती हुई नजर आ रही है। जिसके कारण दिनों दिन न्यायपालिका की साख आम जनता की नजरों में गिरती चली जा रही है। सामान्य नागरिक कानून की पेचीदगियों को नहीं जानता है। कानून का इस्तेमाल वर्तमान में गरीब और मध्यम वर्ग का शोषण करने के लिए हो रहा है। आम आदमी कानून के मकडजाल में फंसकर छटपटा रहे हैं। शासन प्रशासन और दबंग लोगों द्वारा जिस तरह से आम जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। खुलेआम उनके साथ लूट की जा रही है। उसके बाद न्यायालय से भी उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। पिछले दो दशकों में जिस तरह से नए-नए कानून बनाये जा रहे हैं। उसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। न्यायालयों में मुकदमे बढ़ते ही जा रहे है। न्यायपालिका भी नियम और कानूनो के संदर्भ में जिस तरह से संवधानिक व्याख्या करनी होती है। उसकी अनदेखी कर सरकार के बनाये कानून को सही मान लेती है। कई वर्षों तक याचिकाओं की सुनवाई नहीं होती है। पिछले एक दशक में आम जनता, न्यायपालिका की प्राथमिकता से दूर होती चली जा रही है। न्यायपालिका द्वारा स्वयं संज्ञान लेना भी बंद कर दिया है। न्यायपालिका यह मानकर सुनवाई और निर्णय करती है। सरकार जो कुछ कर रही है, वह ठीक ही कर रही है। आम जनता ने सरकार को बहुमत दिया है। सरकार जो कानून बनना चाहती है, उसके लिए सरकार सक्षम है। यहां पर न्यायपालिका इस बात को भूल जाती है। संविधान ने आम नागरिकों के जो मौलिक अधिकार संरक्षित रखने की जिम्मेदारी न्यायपालिका को दी है। विभिन्न कानून और विभिन्न नियमों के तहत रोजाना मौलिक अधिकार खत्म किये जा रहे हैं। इसके बाद भी न्यायपालिका चुप बैठी हुई है। भारत में न्याय पाना बड़ा महंगा और कठिन हो गया है। न्याय पाने के लिए भारी भरकम फीस जमा करनी पड़ती है। मुकदमा लड़ने के लिए वकीलों को फीस देने के लिए बहुत बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। उसके बाद भी भारतीय नागरिकों को न्यायलयों से समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। हां तारीख पर तारीख जरूर मिलती है। हाल ही में भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद कई मामलों में न्यायालय फीस बेतहाशा बढ़ा दी गई है। नए कानून में इतनी जटिलताएं हैं। भारी फीस भरने के बाद भी कई महीनो तक मुकदमा शुरू नहीं हो पता है। अपराधिक मामले में जब तक आरोपी को न्यायालय की सूचना तामील नहीं होती है। तब तक मुकदमा न्यायालय में दर्ज भी नहीं होता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# खुली आंखों से देखेगी इंसाफ की देवी


निखिल भट्ट

देश के मुख्य न्यायमूर्ति श्री डीवाई चंद्रचूड़ ने न्याय के क्षेत्र में एक अनोखी पहल की जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट की लाइब्रेरी में लगी न्याय की देवी की प्रतिमा की आंखों से पट्टी हटा कर उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब थमा दी गई है जबकि पहले इस प्रतिमा के एक हाथ में तराजू तो दूसरे हाथ में तलवार थी और आंखों में पट्टी बंधी हुई थी ये यह अनोखा परिवर्तन बहुत लंबे वक्त के बाद किया गया है जो अपने आप में कानून की देवी की एक अलग व्याख्या करता है। कानून अंधा होता है इसका तात्पर्य यह था कि उसकी निगाह में अमीर, गरीब, बलवान, कमजोर, पीड़ित और अत्याचारी सब एक जैसे हैं क्योंकि जब वह अपनी आंखों में पट्टी बांधे हुए थी तो उसके सामने यह सच नहीं आता था कि उसके सामने न्याय की मांग करने वाला कौन है इसलिए वो इनमें भेदभाव ना करते हुए न्याय प्रदान करती थी। कानून अंधा होता है ये ना केवल एक कहावत बन गई थी बल्कि इस पर फिल्में भी बनी है इसके साथ-साथ इस न्याय की देवी के एक हाथ में तराजू थी जो इस बात को प्रतिबिंबित करती थी कि उसके तराजू में कोई पासंग नहीं है वह वह दोनों पक्षों को बराबरी से सुनती है और फिर अपनी तराजू पर उसको तौल कर पर न्याय का प्रदर्शन करती है दूसरे हाथ में तलवार शक्ति का भी प्रदर्शन करती थी। तलवार वीरों का हथियार आदिकाल से हिंदू संस्कृति का एक अंग रहा है इस तलवार का अर्थ यह भी था कि न्यायालय जो भी निर्णय देता है उसका सम्मान संबंधित लोगों को करना चाहिए और ऐसा नहीं होता है तो वह तलवार की धार जैसा नुकीला निर्णय भी दे सकता है। अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का ना तो किसी ने सोचा था और ना ही इस पर किसी ने कोई पहल की थी लेकिन अपने कठोर निर्णयों के लिए मशहूर देश के मुख्य न्यायाधीश मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने जो पहल की है उसने न्याय, और न्याय करने वालों को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। इस नई पहल के तहत इंसाफ की देवी की आंखों से पट्टी इसलिए हटा दी गई है कि वह अपनी खुली आंखों से सब कुछ देख सके, किसी अंधे की तरह टटोलकर किसी चीज का निर्णय न कर सके, अपनी जीवंत आंखों के माध्यम से हर मुकदमे को देखे समझे और फिर उस पर अपना निर्णय दें। आंखों पर से पट्टी हटाने के पीछे शायद यह कारण भी उनके दिलों दिमाग में रहा होगा कि कानून अगर अंधा माना जाएगा तो उसके निर्णय पर भी उंगली उठाई जा सकती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**कुछ समय पश्चात, जब कभी आप अपनी एकाग्रता की सूई को विद्युतीय मार्ग के उन 'खांचों' पर रखते हैं, तो यह मस्तिष्क में छपी मूल रूपरेखा का 'रिकॉर्ड' फिर से बजा देती है।**

# अच्छी आदतों को बनाना एवं बुरी आदतों को नष्ट करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

एक कार्य को बार-बार करने से मस्तिष्क में उसकी रूप-रेखा बन जाती है। प्रत्येक कार्य मानसिक और शारीरिक रूप से किया जाता है, और किसी कार्य और उससे जुड़ी विचार-रचना की पुनरावृत्ति मस्तिष्क में सूक्ष्म विद्युतीय मार्ग बना देती है, जो फोनोग्राफ रिकॉर्ड में बने खाँचों से मिलते-जुलते होते हैं। कुछ समय पश्चात, जब कभी आप अपनी एकाग्रता की सूई को विद्युतीय मार्ग के उन 'खाँचों' पर रखते हैं, तो यह मस्तिष्क में छपी मूल रूपरेखा का 'रिकॉर्ड' फिर से बजा देती है। प्रत्येक बार जब कार्य को दोहराया जाता है, विद्युतीय मार्ग के ये खाँचे तब तक गहरे होते रहते हैं जब तक कि हल्की सी ही एकाग्रता उस कार्य रूपी रिकॉर्ड को बार-बार स्वतः ही न बजाने लगे।ये प्रारूप प्रायः आपकी इच्छा के विरुद्ध आपको एक निश्चित प्रकार से व्यवहार करने के लिए बाध्य करते हैं। आपका जीवन उन खाँचों वाले मार्गों का अनुसरण करता है जो आपने स्वयं अपने मस्तिष्क में बनाएँ हैं। उस अर्थ में आप स्वतन्त्र व्यक्ति नहीं हैं; आप न्यूनाधिक अपने द्वारा बनाई गयी आदतों के शिकार हैं। आप किस स्तर तक एक कठपुतली हैं, यह इस पर निर्भर करता है कि ये प्रारूप कितने स्थिर हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**तीखे अनुभव साथ ले, आया अमृत काल।**
**हर पन्ना इतिहास का, करता क्यों बेहाल।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## अलग बात

# 'निशाकर का इंतजार, तेरे प्रति मेरा प्यार'


डॉ. रीना रवि मालपानी
कवयित्री एवं लेखिका।

करवाचौथ का पावन त्यौहार शाश्वत प्रेम का प्रतीक माना जाता है। अखंड सौभाग्य के वरदान की लालसा और निशाकर का इंतजार प्रेम की असीम भावना को प्रदर्शित करता है। भावनाओं और संवेदनाओं से ही इंसान जीवंत है। कितना अनूठा एहसास है की कोई आपके प्रेम में क्षुधा और प्यास सब भूल बैठा। आपकी मंगलकामना ही उसके लिए सर्वोपरि है। प्रेम की महत्ता तो स्वयं ईश्वर ने व्यक्त की है। राधा-कृष्ण रूप, सती-शिव रूप और सीता-राम के रूप में। प्रत्येक प्रेम में प्रभु ने उत्कृष्टता सिद्ध की है। प्रेम और उम्र और बंधन से पूर्णतः मुक्त है। सोलह श्रृंगार की लावण्यता को परिपूर्णता प्रेम ही प्रदान करता है। पति के प्रेम के कारण ही तो मुख पर अनूठी चमक-दमक सुशोभित होती है। प्रेम के कारण ही तो भावनाओं का प्रवाह विद्यमान है। प्यार की बहार, मंद बयार, फूलों का खिलना, चाँदनी रातें, गुनगुनाती बातें; यह सभी उपमाएँ संवेदनाओं और भावनाओं की उड़ान है।

**निशाकर का इंतजार, तेरे प्रति मेरा प्यार।**
**परिणीता का श्रृंगार, तेरे प्रति मेरा प्यार।।**
**व्योम का निहार, तेरे प्रति मेरा प्यार।**
**कुमुदकला का निखार, तेरे प्रति मेरा प्यार।।**

पति-पत्नी के रिश्ते का सौन्दर्य प्रेम और समर्पण ही है। इस रिश्ते में हृदय में पूर्ण साम्राज्य सिर्फ एक-दूसरे का होता है। मुस्कुराहट रूपी कुसुम जब पति-पत्नी के वन-उपवन में पल्लवित होता है तो फिर जीवन में किसी औषधि की आवश्यकता नहीं होती। प्रेम शब्द नहीं एक एहसास है। प्रेम की उत्कृष्टता तो सदैव एक-दूसरे की खुशी में निहित होती है। पति-पत्नी के रिश्ते का सौन्दर्य सहजता, सरलता, अपनत्व और मन की खूबसूरती से सुशोभित होता है। इस रिश्ते की महिमा अत्यंत विलक्षण है। नारी श्रृंगार से अंगार पर चलने तक का सफर सिर्फ अपने जीवनसाथी को मस्तिष्क में रखकर तय करती है। वह अपने पति को सर्वस्व मानती है।

**प्रभा का आधार, तेरे प्रति मेरा प्यार।**
**दीघार्यु कीचाह, तेरे प्रति मेरा प्यार।।**
**सुहृद का स्वरुप, तेरे प्रति मेरा प्यार।**



**क्षुधा की पुकार, तेरे प्रति मेरा प्यार।।**

अखंड सौभाग्य के प्रतीक इस त्यौहार में नारी के मस्तक पर शोभित बिंदी मुखमंडल की शोभा बढ़ाती है। जुड़ा, गजरा, चूड़ी सभी अलंकार से वह अपने आप को सुशोभित करती है। सोलह श्रृंगार से उत्साह और उमंग के नवीन पुष्प हृदय में पल्लवित होते है। श्रृंगार की मनमोहिनी छवि से वह अपने आप को संवारती है। प्रेम ही जीवन में सौन्दर्य को प्रकाशित करता है। नारी चाहती है कि उसके पति उसकी खामोशी, अल्हड़पन, जिद, हँसना, रोना, हर मनोभाव को समझे और प्रत्येक परिस्थिति में वह उसके प्रेम को ही सर्वोपरि ही माने।

**सलिल का पान, तेरे प्रति मेरा प्यार।**
**अर्क का पर्याय, तेरे प्रति मेरा प्यार।।**
**सौभाग्य का सूत्रधार, तेरे प्रति मेरा प्यार।**
**अपनत्व का उपहार, तेरे प्रति मेरा प्यार।।**

जीवन को सादगी से परिपूर्ण एवं प्रेम की भावनाओं से श्रृंगारित होना चाहिए। प्रेम में निहित सहजता, गहराई एवं समर्पण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह समर्पण बहुत ही किस्मत वालों को मिलता है। कभी भी बाहरी आडंबर, खोखली वेशभूषा और स्वप्न एवं कृत्रिम दुनिया के लिए अपने प्रेम के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह न लगाए। करवाचौथ व्रत के प्रत्येक के विधान में प्रियतम का प्यार और उसकी दीघार्यु की चाह छुपी होती है। वृद्धावस्था में यह प्रेम दोनों की आँखों में करुणा के रूप में दिखेगा। करवाचौथ एक प्रतिबद्धता है एक-दूसरे के प्रीत की। इसे अपनत्व के उपहार से परिपूर्णता प्रदान कीजिए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ - 2025 श्रद्धालुओं को मिल सकती है स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा

एजेंसी। प्रयागराज

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रयागराज महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है। शहर के अतिरिक्त कुंभ क्षेत्र में आगंतुकों के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। टेंट सिटी के साथ ही पहली बार अत्याधुनिक स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान किए जाने पर विचार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग ने इसके लिए रोड मैप तैयार कर लिया है। यदि सब कुछ सही रहता है तो इस बार श्रद्धालुओं को स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान की जा सकती है। प्रयागराज के जंक्शन रेलवे स्टेशन में स्लीपिंग पॉड की सुविधा प्रदान करने के बाद अब कुंभ क्षेत्र में भी श्रद्धालु और पर्यटक विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले स्लीपिंग पॉड्स का आनंद उठा सकेंगे। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए परेड ग्राउंड में परंपरागत टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा अरैल और झूंसी में भी पीपीपी मोड पर लग्जरी सुविधाओं वाली दो टेंट सिटी बसाई जा रही हैं। टेंट सिटी को लेकर पर्यटकों और श्रद्धालुओं का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।



### पूरी तरह वातानुकुलित होंगी स्लीपिंग पॉड्स

त्रिवेणी के तट पर बनने वाले इन स्लीपिंग पॉड्स में सभी मानकों को पूरा करते हुए सभी लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्लीपिंग पॉड्स एक कैप्सूल आकार के चैंबर होंगे, जो सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पॉड तैयार किए जाते हैं। पॉड में यात्री के आराम से सोने के साथ ही अपने आवश्यक कार्यों को भी पूरा करने की सभी सुविधाएं होती हैं। पूरी तरह वातानुकूलित इन पॉड में चार्जिंग और पेयजल की सुविधा भी होती है। पॉड की सुविधा लेने वाले यात्रियों को क्लॉक रूम, रिसेप्शन बूथ, वाशरूम या टॉयलेट और हाउस पेंट्री की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी प्रदान की जा सकती है।

### 1,600 टेंट की हो चुकी है बुकिंग

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के मुताबिक अरैल में 2,000 टेंट की क्षमता वाली टेंट सिटी में अभी 1,600 टेंट की बुकिंग हो चुकी है। इसमें झूंसी में प्रस्तावित दूसरी टेंट सिटी में 400 स्लीपिंग पॉड्स बनाने का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। स्लीपिंग पॉड्स बनाने के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन है। उनका कहना है कि पीपीपी मोड पर इनका निर्माण कराने की योजना है। इसके लिए वेंडर्स के प्रस्ताव आए हैं। लेकिन, सेफ्टी के सभी मानकों को सुनिश्चित कराने के बाद ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

## एटीएस, कमांडो स्क्वाड और एसटीएफ की निगरानी में होगा भव्य आयोजन

लखनऊ/प्रयागराज। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक-धार्मिक आयोजन महाकुंभ-2025 को लेकर योगी सरकार तेज गति से तैयारियों को आगे बढ़ा रही है। प्रयागराज में अगले साल जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व से शुरू होने जा रहे महाकुंभ में पूरी दुनिया से आस्थावान हिन्दू पुण्य की डुबकी लगाने पहुंचेंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में विश्व भर की बड़ी हस्तियां और राजनयिक भी इस आयोजन में शामिल होंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ में सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

- मेला क्षेत्र में जल, थल और नभ तक की सिक्योरिटी को फुलप्रूफ बनाया जा रहा है।
- स्नाइपर, एनएसजी कमांडो, कमांडो स्क्वॉड, एटीएस, एसटीएफ, बीडीडीएस और स्निफर डॉग आदि को तैनात किया जाएगा।
- पूरी दुनिया से 40 करोड़ श्रद्धालुओं समेत विशिष्ट अतिथि महाकुंभ में आएंगे।
- प्रयागराज, मेला क्षेत्र, प्रमुख स्थानों, मंदिरों और संगम पर विशेष फोर्स को तैनात किया जाएगा।
- एंटी ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं, मेला क्षेत्र में कई जगह बुलेट प्रूफ आउट पोस्ट बनायी जाएगी।
- यह पोस्ट मेला क्षेत्र के सभी एंट्री, एग्जिट प्वाइंट, पार्किंग स्थल, प्रमुख मंदिर समेत अन्य स्थानों पर बनाई जाएगी।
- एनएसजी कमांडो की 2 टुकड़ियां और 26 एएस चेक (एंटी सबोटाज) टीम तैनात की जाएगी।
- मेला क्षेत्र में एटीएस कमांडो की 4 और एसटीएफ की 3 टुकड़ियों को तैनात किया जाएगा।
- बम खोज एवं निरोधक दस्ता बीडीडीएस की 6 टीम भी मौजूद रहेंगी।
- विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा के लिए 20 स्नाइपर, 3 स्निफर डॉग, 4 स्वॉन दल को तैनात किया जाएगा।
- इसके साथ ही 30 स्पाटर्स की टीमों को भी लगाया जाएगा। इन टीमों के सदस्य पूरे शहर में तैनात रहेंगे।
- 9 कमांडो स्क्वायड की टीम चप्पे-चप्पे की निगहबानी करेगी। उत्तराखंड पीएसी की 2 टुकड़ियों को संगम पर तैनात किया जाएगा।
- उत्तराखंड पीएसी की यह टुकड़ी पानी के अंदर की गतिविधियों को बारीकी से समझती है और यह काफी एक्सपर्ट भी होते हैं।
- इस टीम में एक डीएसपी, 4 इंस्पेक्टर, 20 सब इंस्पेक्टर, 35 हेड कांस्टेबल और 65 कांस्टेबल होंगे।

# पूर्वांचल के हेल्थकेयर हब के रूप में विकसित हो रही काशी : पीएम

एजेंसी। वाराणसी



- पीएम मोदी ने वाराणसी को दी 6,100 करोड़ की सौगात
- पिछले 10 वर्षों में काशी में स्वास्थ्य सेवा में बड़े सुधार हुए हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 6,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें 90 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आरजे शंकर नेत्र अस्पताल का उद्घाटन भी शामिल है। पीएम ने वाराणसी में आरजे शंकर नेत्र अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, इस पावन महीने में काशी आना एक पुण्य अनुभूति का अवसर होता है। यहां अपने काशीवासी तो हैं ही, संतजनों और परोपकारियों का भी संग है। इससे सुखद संयोग और क्या हो सकता है। अभी मुझे परम पूज्य शंकराचार्य जी के दर्शन का, प्रसाद पाने का और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा, आरजे शंकर नेत्र अस्पताल वाराणसी और इस क्षेत्र के अनेकों लोगों के जीवन से अंधकार दूर करेगा, उन्हें प्रकाश की ओर ले जाएगा। ये अस्पताल बुजुर्गों की भी सेवा करेगा और बच्चों को भी रोशनी देगा। यहां बहुत बड़ी संख्या में गरीबों को मुफ्त इलाज मिलने वाला है। ये अस्पताल, यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लेकर आया है। उन्होंने कहा, काशी की पहचान अनंतकाल से धर्म और संस्कृति की राजधानी के रूप में रही है। अब काशी, यूपी के पूर्वांचल के बड़े आरोग्य केंद्र और हेल्थकेयर हब के रूप में भी विख्यात हो रहा है। काशी को प्राचीन काल से ही धर्म और संस्कृति की राजधानी के रूप में जाना जाता रहा है। अब काशी यूपी के पूर्वांचल क्षेत्र का एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा केंद्र और चिकित्सा केंद्र भी बन रहा है। बीएचयू में ट्रॉमा सेंटर हो, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल हो या मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हो, पिछले 10 वर्षों में काशी में स्वास्थ्य सेवा में बड़े सुधार हुए हैं। पीएम ने अस्पताल के उद्घाटन से पहले कांची मठ के शंकराचार्य से भी मुलाकात की। उन्होंने एक प्रदर्शनी का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान 2,870 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और अन्य कार्यों की आधारशिला भी रखने जा रहे हैं।

## हरिद्वार : सूखी गंगा भर रही है लोगों का पेट

**हरिद्वार।** हरिद्वार में प्रवाहमान गंगा लोगों को तारती है, लेकिन जब उसमें जल नहीं होता तब भी वह गरीबों का पेट भरती है। आजकल गंगा वार्षिक क्लोजर के लिए बंद है और उसमें जल नहीं है। हर साल दशहरे से लेकर दीपावली के बीच गंगाबंदी होती है। इस समय गंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालु तो नहीं दिखेंगे, लेकिन सूखी गंगा में हजारों लोग कुदाल, बरछी, खुरपी लेकर उतरे हुए दिखते हैं। यह लोग श्रद्धालुओं द्वारा गंगा में डाली गई सोने चांदी की चीजें , सिक्के व आभूषण आदि ढूंढ रहे हैं। किस्मत वालों के हाथ मूल्यवान वस्तुएं लग रही हैं। सिक्कों के रूप में रोजाना हजार पांच सौ तो सभी को मिल ही जाते हैं। युवा तीर्थ पुरोहित तथा गंगा सेवक दल के प्रमुख उज्ज्वल पंडित ने बताया कि गंगा में अस्थियां प्रवाहित करने आए लोग अपने मृत परिजनों के आभूषण भी प्रवाहित कर देते हैं।

## दिल्ली बम ब्लास्ट : एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए बम धमाके को लेकर दिल्ली पुलिस ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया है। बम धमाके की जांच को जल्द ही आधिकारिक तौर पर स्पेशल सेल को ट्रांसफर किया जाएगा। फिलहाल मौके पर स्पेशल सेल, एनआईए, सीआरपीएफ, एफएसएल और एनएसजी की टीमें मौजूद हैं और जांच कर रही हैं। पूरे इलाके घेराबंदी करके मैपिंग की जा रही है। आस-पास के तमाम दुकानों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि बम रखने वाले की पहचान की जा सके। दरअसल, रविवार सुबह दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास जोरदार धमाका हुआ जिससे आस-पास की दुकानों को नुकसान पहुंचा है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज सुनकर उन्होंने तुरंत अपनी घरों और दुकानों से बाहर निकलकर देखा। विस्फोट के बाद स्थानीय लोगों में चिंता और भय का माहौल है। राहत की बात यह है कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग ने बताया कि रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर धमाके की सूचना मिली। सुबह करीब 7:50 बजे दमकल विभाग को इस घटना की जानकारी मिली थी, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। रोहिणी के डीसीपी अमित गोयल ने कहा कि धमाके की वजह जानने के लिए एक्सपर्ट्स को बुलाया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि धमाका किस प्रकार का था। उन्होंने आगे कहा कि विशेषज्ञ की टीम घटना की विस्तृत जांच कर रही है और जल्द ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## उत्तर प्रदेश में सपा के सहारे चल रही है कांग्रेस : बृजभूषण सिंह

एजेंसी। गोंडा

उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस बीच भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ बैसाखी के सहारे चल रही है।



बृजभूषण शरण सिंह ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच उपचुनाव में सीट बंटवारे पर तंज कसा। उन्होंने कहा, अखिलेश की बैसाखी अगर हट जाए तो कांग्रेस को पता चल जाएगा कि उनकी औकात क्या है। भाजपा नेता ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी स्वयं नहीं चाहते हैं कि वह प्रधानमंत्री बनें, इसलिए वह कभी-कभार कुछ बयान दे देते हैं। उनको खुद नहीं पता है कि उन्हें किस रास्ते जाना है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## रायबरेली में अपहरण के बाद सर्राफा कारोबारी की हत्या

**रायबरेली।** अपहत सराफा कारोबारी शोभित कौशल (21) की हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह रायबरेली-प्रतापगढ़ सीमा पर नहर किनारे झाड़ियों से शव बरामद किया गया। शरीर पर चाकुओं से कई वार किए गए हैं। उनका गला भी रेता गया है। वारदात से गुस्साए परिजनों और लोगों ने लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की। पुलिस अफसरों ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर दो घंटे बाद किसी तरह से जाम समाप्त कराया। वारदात को प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस ने दो आरोपियों धर्मेंद्र सरोज व गुलाब को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश शुरू कर दी है।

## हरियाणा के नगर निकायों में शुरू होगा समाधान शिविर



एडेंसी। चंडीगढ़

हरियाणा में शपथ ग्रहण के साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक्शन मोड में आ चुके हैं। इस बीच सीएम नायब सिंह सैनी ने रविवार को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में स्थानीय निकाय एवं पंचायती विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने बताया, हरियाणा के नागरिकों के कल्याण को देखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 22 अक्टूबर से नगर निकायों में समाधान शिविर शुरू करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर के अंतर्गत सुबह 9 से 11 बजे तक सभी अधिकारी कार्यालय में बैठकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह भी बताया कि 24 अक्टूबर को सुबह 9 बजे सभी नगर निगम आयुक्तों की चंडीगढ़ में बैठक का भी निर्णय लिया गया है।

## धौलपुर हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** राजस्थान के धौलपुर हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दुख जताया। उन्होंने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। पीएमओ ने 'एक्स' पर लिखा, ''पीएम ने राजस्थान के धौलपुर में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया।'' राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी धौलपुर में हुए सड़क हादसे पर शोक जताया। राजस्थान के धौलपुर में नेशनल हाईवे-11बी पर एक तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी।

## नीतीश कुमार कब फिर पलटी मारेंगे कोई नहीं जानता : मीसा भारती

**पटना।** नीतीश कुमार हमेशा सरकार बदलने को लेकर चर्चा में रहते हैं। उन्होंने दोहराया कि वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे और हमेशा एनडीए के साथ ही रहेंगे। इस बयान पर लोकसभा सांसद मीसा भारती ने रविवार को प्रतिक्रिया दी। मीसा भारती ने कहा, मैं कहना चाहती हूं कि एक बार गिरने से ही इंसान सीखता है। लेकिन वह दोबारा आए। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा को भी नहीं पता कि नीतीश कुमार क्या करेंगे और कब करेंगे। नीतीश कुमार जो भी करते हैं, वो सिर्फ नीतीश कुमार ही जानते हैं, उनके इर्द-गिर्द कोई नहीं जानता, चाहे वो संजय झा ही क्यों न हों।




## जोधपुर में रेजिडेंट डॉक्टरों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर में रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों का दो टूक कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। डॉक्टरों का धरना-प्रदर्शन सुरक्षा की मांग को लेकर है ताकि कोलकाता जैसी घटना राजस्थान में न हो। इसके बाद हमने सरकार के साथ इस संबंध में समझौता किया था। सरकार ने हमें आश्वस्त किया था कि रेजिडेंट डॉक्टरों की सुरक्षा के संबंध में कड़े कदम उठाए जाएंगे। लेकिन, अफसोस यह धरातल पर लागू होता नजर नहीं आ रहा है, जिसे लेकर हम जैसे डॉक्टरों में रोष है। डाक्टरों ने कहा हमने सरकार से सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की थी और बुनियादी सुरक्षाओं की मांग की थी। लेकिन, अभी तक हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया।

# फडणवीस नागपुर दक्षिण पश्चिम से जबकि बावनकुले कामठी से लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी। नई दिल्ली



- महाराष्ट्र : भाजपा ने जारी की 99 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इसमें पार्टी ने 99 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। भाजपा ने कई विधायकों को फिर से टिकट दिया है। पार्टी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर कृष्णराव बावनकुले को कामठी से टिकट दिया है। इसके अलावा भाजपा ने शहादा से राजेश उदेसिंह पाडवी, नंदुरबार से विजय कुमार गावित, धुले शहर से अनूप अग्रवाल, सिंदखेड़ा से जयकुमार जितेंद्र सिंह रावल, शिरपुर से काशीराम वेचन पावरा, रावेर से अमोल जावले, भुसावल से संजय वामन सावकारे, जलगांव शहर से सुरेश दामू भोले, चालीसगांव से मंगेश रमेश चव्हाण, जामनेर से गिरीश दत्तात्रेय महाजन, चिखली से श्वेता विधाधर महाले, खामगांव से आकाश पांडुरंग फुंडकर, जलगांव से डॉ. संजय श्रीराम कुटे, अकोला पूर्व से रणधीर प्रह्लादराव सावरकर, धामंगांव रेलवे से प्रताप जनार्दन अडसद, अचलपुर से प्रवीण तायडे, देवली से राजेश बकाने, हिंगणघाट से समीर कुणावार, वर्धा से डॉ. पकंज राजेश भोयर, हिंगना से समीर दत्तात्रेय मेघे, नागपुर दक्षिण से मोहन गोपालराव माते, नागपुर पूर्व से कृष्ण पंचम खोपड़े, तिरोरा से विजय भरतलाल रहांगडाले, गोंदिया से विनोद अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, अमगांव से संजय हनवंतराव पुरम, आमोर्री से कृष्णा दामाजी गजबे, बल्लारपुर से सुधीर सच्चिदानंद मुनगंटवीर, चिमूर से बंटी भांगड़िया, वानी से संजीव रेड्डी बापुराव बोडकुरवार, रालेगांव से डॉ. अशोक रामादी उइके, यवतमाल से मदन मधुकरराव येरवर, किनवट से भीमराव रामजी केरम, भोकर से श्रीजया अशोक चव्हाण, नायगांव से राजेश संभाजी पवार, मुखेड़ से तुषार राठौड़, हिंगोली से तानाजी मुटकुले, जिंतूर से मेघना बोर्डिकर, परतूर से बाबनराव लोणीकर, बदनापुर से नारायण कुचे, भोकरदन से संतोष रावसाहेब दानवे, फुलंबरी से अनुराधाताई अतुल चव्हाण, औरंगाबाद पूर्व से अतुल सावे, गंगापुर से प्रशांत बंब, बगलान (अजजा) से दिलीप मंगलू बोरसे, चंदवड से डॉ. राहुल दौलतराव अहेर, नासिक पूर्व से राहुल उत्तमराव ढिकाले और नासिक पश्चिम से सीमाताई महेश हिरे को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, नालासोपारा से राजन नाइक, भिवंडी पश्चिम से महेश प्रभाकर चौघुले, मुरबाद से किसन शंकर कथोरे, कल्याण पूर्व से सुलभा कालु गायकवाड़, डोंबिवली से रवींद्र दत्तात्रेय चव्हाण, ठाणे से संजय मुकुंद केलकर, ऐरोली से गणेश नाइक, बेलापुर से मंदा विजय म्हारे, दहिसर से मनीषा अशोक चौधरी, मुलुंड से मिहिर कोटेचा, कांदिवली पूर्व से अतुल भातखलकर, चारकोप से योगेश सागर, मलाड पश्चिम से विनोद शेलार, गोरेगांव से विद्या जयप्रकाश ठाकुर, विले पार्ले से पराग अलवणी, वांद्रे पश्चिम से आशीष शेल्लार, सायन कौलीवाड़ा से कैप्टन आर. तमिल सेल्वन्, वडाला से कालिदास नीलकंठ कोलंबकर को प्रत्याशी बनाया है।

## झारखंड में एनडीए की सरकार हमारा एकमात्र मकसद : संजय झा

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने रविवार को कहा कि झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अन्य को 11 सीटें दी हैं। इस पर जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, ये लोग सत्ता पाने के लिए साथ आए हैं। इनकी कोई विचारधारा नहीं है। जनता की सेवा करना इनका मकसद नहीं है। बस सत्ता के लिए मारामारी है। एनडीए भारी मतों से चुनाव जीतेगा। झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए में जदयू को दो सीट मिली है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, यह बात बिल्कुल सही है कि हम लोग कुछ ज्यादा सीट की अपेक्षा कर रहे थे।



## आखिरी दिन नहीं हुआ कोई चमत्कार

# न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद टेस्ट जीता



**48** रन बनाकर रहे नाबाद विल यंग

**39** रन बनाकर रहे नाबाद रचिन

**एजेंसी। नई दिल्ली** न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया । पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिये 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरूआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। **विल यंग** 48 रन बनाकर और **रचिन रविंद्र** 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1.0 से बढत दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। उसे अब पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में इस हार को भुलाकर अपना स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी तय लग रही है लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत को यह भी देखना होगा कि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है या तीन स्पिनर ही उतारने है। यह फैसला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर कारगर साबित नहीं हुआ। आखिरी दिन गीली आउटफील्ड के कारण मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नयी गेंद संभालते हुए बुमराह ने 29 रन देकर दो विकेट लिये। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में आउट हो गए। अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दिया जिस पर उन्होंने रिव्यू लिया।



## याद रहे- पहला टेस्ट हारने के बाद हमने इंग्लैंड से 4 टेस्ट जीते थे : रोहित शर्मा

**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को यकीन है कि न्यूजीलैंड के हाथों पहला टेस्ट आठ विकेट से हारने के बावजूद उनकी टीम उसी तरह वापसी करेगी जैसे इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 4 मैच जीतकर की थी। पहली पारी में घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम ने दूसरी पारी में वापसी की लेकिन 8 विकेट से हार गई।रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा कि इस तरह के मैच होते हैं। हम इसे भुलाकर आगे बढ़ेंगे। हमने इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच गंवाने के बाद 4 मैच जीते हैं। हमें पता है कि हर एक खिलाड़ी को क्या करना है। उन्होंने स्वीकार किया कि हालात को भांपने में उनसे गलती हुई लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि भारतीय टीम 46 रन पर आउट हो ने कहा कि मैंने प्रेस काफ्रेंस में कहा था कि हमें पता था कि शुरूआत में दिक्कत होगी लेकिन हमने यह नहीं सोचा था कि टीम 46 रन पर आउट हो जाएगी। न्यूजीलैंड में अच्छी गेंदबाजी की और हम नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि दूसरी पारी में हमने अच्छी बल्लेबाजी की। जब आप 350 रन पीछे हों तो ज्यादा कुछ नहीं कर सकते।

# हांगकांग में एशियाई क्रॉस कंट्री में भारत ने सात स्वर्ण पदक जीते

**हांगकांग, (आईएएनएस)।** रविवार को एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों ने हांगकांग गोल्फ क्लब के कोर्स पर अपना दबदबा बनाते हुए सात गोल्ड मेडल जीते, जिनमें से तीन व्यक्तिगत श्रेणियों में थे। शीर्ष भारतीय एथलीटों ने अपने सत्र की पहली महाद्वीपीय क्रॉस कंट्री में व्यक्तिगत वर्ग में तीन रजत और एक कांस्य सहित 11 पदक जीते। भारत ने सभी चार टीम श्रेणियों- पुरुष, महिला, पुरुष अंडर 20 और महिला अंडर 20 में स्वर्ण पदक जीते। पुरुषों की व्यक्तिगत 10 किलोमीटर स्पर्धा में जहां क्लीन स्वीप हुआ, वहीं भारतीय महिला एथलीटों ने व्यक्तिगत 10 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण और रजत पदक जीता लेकिन कांस्य पदक से चूक गईं। एशियाई खेलों के पदक विजेता और 5,000 मीटर, 10,000 मीटर ट्रैक स्पधाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह पुरुषों की 10 किलोमीटर दौड़ में शीर्ष पर रहे। उनका स्वर्ण पदक जीतने का समय 32:43 था। अभिषेक पाल 32:49 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अरुण राठौड़ 32:51 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कार्तिक कुमार चौथे स्थान पर रहे। भारत की सीमा ने 37:20 का समय लेकर हमवतन संजीवनी जाधव को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। संजीवनी ने भी 37:20 का ही समय लिया और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**सात स्वर्ण पदक** // **तीन रजत पदक** // **एक कांस्य सहित 11 पदक जीते।**



**परिणाम:**

महिला (10 किलोमीटर): सीमा 37:20, संजीवनी जाधव 37:20, ही वुगा (चीन) 38:02।

महिला (अंडर 20) 6 किलोमीटर: ली युआन (चीन) 22:59, शिल्पाबेन वेलजीभाई दिहोरा (भारत) 23:04, फैंग युजिया (चीन) 23:05।

पुरुष (10 किलोमीटर): गुलवीर सिंह (भारत) 32:43, अभिषेक पाल (भारत) 32:49, अरुण राठौड़ (भारत) 32:51।

पुरुष (अंडर 20) 8 किलोमीटर: विनोद सिंह (भारत) 26:30, फू किगुआंग (चीन) 26:33, यू शुइकिंग (चीन) 26:44।

# जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी



**हॉकी इंडिया सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरूण को टीम में शामिल किया गया है।**

**नई दिल्ली।** जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के कारण वरूण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे। फरवरी में बेंगलुरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले 5 साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी। हॉकी इंडिया सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरूण को टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं । इस श्रृंखला के जरिये राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे।

**भारतीय टीम**

गोलकीपर : कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा

डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, नीलम संजीप सेस और संजय

मिडफील्डर : मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन और राजिंदर सिंह

फॉरवर्ड : मनप्रीत सिंह , सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा



## जोकोविच ने नडाल को, सिनेर ने अल्काराज को हराया

**एजेंसी। रियाद।** इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6.7, 6.3, 6.3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6.2, 7.6 से हराया। नडाल अपने कैरियर में आखिरी बार यह चैम्पियनशिप खेल रहे थे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे। इस नुमाइशी टूनार्मेंट के पिछले दौर में अल्काराज ने नडाल और सिनेर के अलावा जोकोविच को भी हराया था। इस टूनार्मेंट में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी अंक नहीं।



# उड़ान योजना से एविएशन क्षेत्र में आया बड़ा बदलाव, किफायती हुआ एयर ट्रैवल : केंद्र

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना से देश के एविएशन क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। इस योजना के कारण देश में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी होकर 157 हो गई है, जो कि 2014 में 74 थी। सरकार का लक्ष्य 2047 तक इसे बढ़ाकर 350 से 400 करना है। यह जानकारी केंद्र सरकार की ओर से रविवार को दी गई। बीते एक दशक में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या दोगुनी हुई है। भारतीय एयरलाइंस की ओर से भी अपनी फ्लीट को बढ़ाया जा रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) की ओर से कहा गया कि 'उड़ान' का उद्देश्य रीजनल एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। किफायती दामों पर ऐसी जगह सर्विसेज उपलब्ध कराना है, जहां उड़ान सेवाएं कम हैं या फिर उपलब्ध नहीं हैं।



मंत्रालय ने कहा कि आज हम उड़ान योजना की सातवीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह भारत सरकार की दूर-दराज के इलाकों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी सुधारने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

फ्लाईबिग, स्टार एयर, इंडियावन एयर और फ्लाई91 जैसे क्षेत्रीय एयरलाइंस को इस योजना से लाभ हुआ है, उन्होंने स्थायी व्यवसाय मॉडल विकसित किया है और रीजनल एयर ट्रैवल इकोसिस्टम बनाने में योगदान दिया है। भारतीय एयरलाइन ने अगले 10-15 वर्षों में डिलीवरी के लिए निर्धारित 1,000 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं, जिससे लगभग 800 विमानों के मौजूदा फ्लीट में वृद्धि हुई है। उड़ान योजना के तहत पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2017 को शिमला से दिल्ली के बीच शुरू हुई थी। उड़ान एक बाजार-संचालित मॉडल पर काम करती है, जहां एयरलाइंस विशिष्ट मार्गों पर मांग का आकलन करती हैं और बोली दौर के दौरान प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। मंत्रालय के अनुसार, सरकार ने कम आकर्षक बाजारों में उड़ानें संचालित करने के लिए एयरलाइंस को आकर्षित करने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। एयरपोर्ट संचालकों ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) उड़ानों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क माफ कर दिया है, और भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) इन उड़ानों पर टर्मिनल नेविगेशन लैंडिंग शुल्क (टीएनएलसी) नहीं लगाता है।

## भारत से वाहन निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 14 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत से निर्यात किए जाने वाले वाहनों की संख्या में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 14 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। इसका दौरान 25 लाख से ज्यादा वाहनों का निर्यात दुनिया के अलग-अलग देशों में किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से सितंबर की अवधि में 25,28,248 यूनिट्स का निर्यात किया गया है। बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 22,11,457 यूनिट्स का था। इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, यात्री वाहनों, दोपहिया और कमर्शियल वहानों के निर्यात में दोहरे अंक में वृद्धि देखी गई है। ]

## नौ महीने के भीतर देश के रेल मानचित्र पर आ जाएगा आइजोल



**आइजोल(आईएएनएस)।** मिजोरम का आइजोल शहर अगले नौ महीनों में रेलवे नेटवर्क में आने वाला पूर्वोत्तर का चौथा राजधानी शहर होगा। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) सैरांग तक 51.38 किलोमीटर लंबी नई ब्रॉड गेज पटरी बिछा रहा है। मिजोरम सरकार के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी साझा की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एनएफआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री लालदुहोमा के साथ एक बैठक के दौरान बताया कि भैरबी (असम के हैलाकांडी जिले के पास) और सैरांग (आइजोल के पास) के बीच 51.38 किलोमीटर की नई लाइन अगले साल जुलाई तक पूरी होने की उम्मीद है। एनएफआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 8,213.72 करोड़ रुपये की बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना अब उन्नत चरण में है। असम का मुख्य शहर गुवाहाटी (राजधानी दिसपुर से सटा हुआ), त्रिपुरा की राजधानी अगरतला और अरुणाचल प्रदेश का नाहरलागुन (राजधानी शहर ईटानगर से सटा हुआ) कई वर्षों से रेलवे नेटवर्क पर हैं। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कपिंजल किशोर शर्मा ने कहा कि बैराबी-सैरांग परियोजना पूरी होने के बाद मिजोरम के लोगों के लिए संचार और वाणिज्य के मामले में एक बड़ा बदलाव लाने वाला उपक्रम साबित होगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक और पर्यावरण अनुकूल रेलवे सेवाओं का राज्य के लगभग सभी विकास कार्यों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सीपीआरओ ने आईएएनएस को बताया,₹बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना के 93 प्रतिशत से अधिक भौतिक कार्य पूरे हो चुके हैं। 51.38 किलोमीटर लंबे मार्ग में चार स्टेशन हैं - होरटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरंग। बैराबी और सैरांग रेलवे परियोजना को चार खंडों में विभाजित किया गया है - बैराबी-होटोर्की, होटोर्की-कावनपुई, कावनपुई-मुआलखांग, और मुआलखांग-सैरांग।

# अक्ल दांत निकलवाना चाहिए या नहीं?

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** अब तो सब अक्लमंद हो गये हैं, चुनाव के माहौल में तो और भी ज्यादा। ऐसे में यह लिखना कि अक्ल की दांत निकलवाना चाहिए या नहीं , अपने को आ बैल मुझे मार वाली स्थिति में लाने की तरह ही है। जो भी हो , अक्ल दाढ़ हमारे मुंह में निकलने वाला अंतिम दांत होता है। व्यक्ति के मुंह में 4 अक्ल दाढ़ निकल सकती है । इसकी निकलने की जगह दो मुंह के ऊपरी हिस्से में , दो मुंह के निचले हिस्से में अंतिम छोर पर होती है। लेकिन यह जानकर अचरज होगा कि कम लोगों में ही 4 अक्ल दाढ़ निकल पाती हैं। इससे अलग ज्यादातर लोगों में एक, दो या तीन अक्ल दाढ़ ही निकलती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि जिसमें अक्ल की दाढ़ कम निकलते हैं , संख्या में कम होते हैं , वे अक्लमंद नहीं होते हैं, बुद्धु होते हैं। यदि ऐसा होता तो आज बहुत से नेता हैं , नामी -बेनामी प्रवचनी हैं , प्रपंची हैं , साधु हैं , उनमें अक्ल के चार दांत नहीं हैं। फिर भी अपना धंधा चमकाए हुए हैं। अक्ल कम होती तो वे अभी तक किनारे लग गये होते। रही बात इन दांत के किस उम्र में निकलने की, तो ज्यादातर लोगों में 18 से 25 साल की उम्र में अक्ल दाढ़ निकलते हैं ।अक्ल की दांत निकलवाने का जहां तक सवाल है, तो बहुतों को लगता है कि इसे निकलवाना चाहिए या नहीं। यदि आपके सभी दांत ठीक हैं तब तो निकालने की जरूरत नहीं है , नहीं कोई निकलवाएगा। लेकिन बहुत से ऐसे भी लोग हैं जो पान पराग , खैनी , तंबाकू खाते , सिगरेट, बीड़ी , गांजा , चरस आदि पीते हैं , मुँह की सफाई नहीं करते हैं ।उनके दांत खराब हो जाते हैं , मसूड़े कमजोर होने या कीड़े लग जाने से हिलने लगते हैं , खदर जाते हैं, तो बहुत दर्द होने लगता है। ऐसे में उस दांत को निकलवाना पड़ता है। कुछ लोगों में अक्ल दाढ़ बिना किसी परेशानी , समस्या के निकल जाती है । लेकिन ज्यादातर लोगों को अक्ल दांतों से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्योंकि अक्ल दाढ़ आने से पहले सभी दांत निकल चुके होते हैं, ऐसे में हमारे जबड़े की शेप भी बन चुकी होती है। इसके कारण ज्यादातर मामलों में अक्ल दाढ़ ठीक से निकल नहीं पाती है या आधी व टेढ़ी निकलती है। इस स्थिति में परेशानी बढ़ जाती है। टेढ़ी होने पर अक्ल दाढ़ व इसके पास वाले दांत के बीच खाना फंसने लगता है, जिससे कैविटी होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा कई लोगों में ठीक तरह से न निकलने पर अक्ल दाढ़ मसूड़ों में दर्द और सूजन का कारण बन जाती है या मसूड़ों में संक्रमण के खतरे को बढ़ा देती है। इस स्थिति में अक्ल दांत निकलवाना जरूरी हो जाता है। इससे अलग आपको अक्ल दाढ़ से किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है और दांत ठीक है , तो इसे निकलवाने से बचें ।वैसे तो ज्यादातर मामलों में अक्ल दांत निकलवाने से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है। पर दांत निकलवाने के 2 से 3 दिनों तक व्यक्ति के मुंह में सूजन बढ़ जाता है, दर्द बढ़ जाता है , खाने-पीने में परेशानी होती है , खून बहता है।

**ऐसे में अक्ल दांत निकलवाने के बाद निम्न बातें ध्यान रखें-**

यदि अक्ल दांत निकलवाने के चार , पांच दिन बीत जाने के बाद भी दर्द हो रहा है या सूजन व सांसों से दुर्गंध की समस्या है, तो डॉक्टर को दिखाएं क्योंकि यह घाव के संक्रमित होने के कारण हो सकता है।

अक्ल दांत निकलवाने के बाद साल में एक बार एक्स-रे अवश्य कराएं। इससे मुँह में किसी भी तरह के घाव या सिस्ट होने , इसे गंभीर रोग में बदलने का पता लगाया जा सकता है।

# मांडर की जनता बदलाव चाहती है : सन्नी टोप्पो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में मांडर सीट से सन्नी टोप्पो टिकट दिया है। सन्नी टोप्पो इससे पहले 2019 में कांग्रेस के टिकट पर मांडर चुनाव लड़े थे। हालांकि वह जीत नहीं पाए थे। जनवरी 2023 में सन्नी टोप्पो ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा था। उसके बाद से ही सन्नी टोप्पो अपने क्षेत्र में काफी मेहनत कर रहे थे। भाजपा से टिकट मिलने



के बाद उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के संवाददाता रजनीश से बात की। बात का सारांश-

**प्रश्न : आपकी टक्कर किससे है?**

**उत्तर:** मेरी टक्कर इंडी गठबंधन के उम्मीदवार से होगा। क्षेत्र की जनता इस बार बदलाव चाहती है। इस बार मांडर समेत पूरे झारखंड में कमल खिलेगा।

**प्रश्न: आप किन मुद्दों को ले कर चुनाव में जाएंगे?**

**उत्तर:** मांडर में विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव में जाएंगे। जो सबसे प्रमुख मुद्दा होगा वह रोजगार और स्वास्थ्य होगा। इसके अलावा मांडर के लोगों का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

**प्रश्न: भाजपा के पूर्व प्रत्याशी गंगोत्री कुजूर से आप का रिश्ता कैसा है, टिकट नहीं मिलने से नारज तो नहीं, क्या आप को सहयोग करेंगी?**

**उत्तर:** गंगोत्री कुजूर मेरी अभिभावक हैं। मुझे टिकट मिलने से वे काफी खुश हैं। उनसे मेरा अच्छा रिश्ता है। इस चुनाव में उनका पूरा सहयोग रहेगा। चुनाव में उनका मार्गदर्शन भी रहेगा।

**प्रश्न: आपकी तैयारी कैसी है?**

**उत्तर:** मेरी तैयारी अच्छी है। लोगों से घर-घर जाकर संपर्क किया है। मांडर की जनता का साथ है व उनका आशीर्वाद भी है। यहां के लोग बदलाव चाह रहे हैं।

**प्रश्न: क्या कोई कार्यकर्ताओं का खेमा नाराज भी है?**

**उत्तर:** नहीं, किसी में कोई नाराजगी नहीं है। सबका साथ है।

# मीरा मुंडा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पोटका चौक में भाजपा प्रत्याशी डॉ मीरा मुण्डा का भाजपा जमशेदपुर महानगर अजजा मोर्चा जिला मंत्री मनोज कुमार सरदार एवं भाजपा पोटका के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी माता और बहनों के द्वारा जोरदार स्वागत किया। मौके पर शंकर मुण्डा वार्ड सदस्य, गोरा कर्मकार, राहुल राय, पिंटू भंज, दुलाल मंडल, बीणा मुण्डा, जितेन मुण्डा आदि उपस्थित थे। वहीं, पोटका प्रखंड - हरिणा पंचायत के



पतिसाई - मेजोगोड़ा में श्री श्री लक्ष्मी पूजा पर आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी मीरा मुण्डा व विशिष्ट अतिथि भाजपा जमशेदपुर महानगर अजजा मोर्चा जिला मंत्री मनोज कुमार सरकार ने शामिल होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर भाजपा कोवाली मंडल अध्यक्ष रविन्द्रनाथ सरदार, भाजपा पोटका मंडल अध्यक्ष सुदीप दे, हेमंत मंडल, दुलाल मंडल, अपूर्व मंडल, दुलाल मुखर्जी आदि मौजूद थे।

# नीरू शांति भगत लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी घोषित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोहरदगा से एनडीए की प्रत्याशी नीरू शांति भगत घोषित की गई है। रविवार को बीजूपाड़ा के स्मार्ट बैंक्विट हॉल में आयोजित चूल्हा प्रमुख एवं ग्राम प्रभारी की बैठक हुई। इसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने घोषणा की। लोहरदगा विधानसभा सीट से आजसू की प्रत्याशी नीरू शांति भगत की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि लोहरदगा आजसू की पारंपरिक सीट है और यह आजसू की ही रहेगी। लोहरदगा आंदोलनकारी और स्वतंत्रता सेनानियों की धरती रही है। यह धरती आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक देश और राज्य की दशा और दिशा बदलने का कार्य किया है। हम फिर से एक नया इतिहास लिखेंगे। उसके लिए आप सभी लोगों को कमर कस कर तैयार रहना होगा। इस विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को जिताकर राज्य की तस्वीर बदलने का कार्य किया जाएगा। हमारी सरकार द्वारा शुरू किया गया महिलाओं का योजना बंद है। युवाओं के लिए शुरू की गई योजनाएं समाप्त कर दी गई है। इन सबों को फिर से शुरू किया जाएगा। इस बैठक में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत के द्वारा विधानसभा में सरना कोड का मामला उठाया गया था।

# रोटी, बेटी व माटी की सुरक्षा के लिए एनडीए की जीत जरूरी : शिवराज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभआ चुनाव का बिगुल बजने के बाद भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी प्रत्याशियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रविवार सुबह आठ बजे चर्चा की। इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी प्रत्याशियों से विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

शिवराज ने कहा कि भाजपा ने अटल बिहारी के नेतृत्व में राज्य बनाया तो इसे बचाने और सवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा नारा नही संकल्प है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों, रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर फोकस कर विरोधियों को घेरने और प्रदेश में गठबंधन की सरकार के घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के बीच पहुंचकर उजागर करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।



*शिवराज सिंह ने प्रत्याशियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की बात, जीत की रणनीति पर हुई चर्चा*

प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनता एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाने को तैयार बैठी है। प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों के साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम हमारे लिए उपयोगी है। हम सभी को साथ लेकर चलें और एक बड़े लक्ष्य को साकार करें।

बैठक को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी संबोधित किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पार्टी की उम्मीदों को सभी प्रत्याशी जनता की उम्मीद बनाएं : मरांडी



प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी के उम्मीदों को सभी प्रत्याशी जनता की उम्मीद बनाएं। आज जनता पार्टी से आगे है। भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम सब जनता के दरवाजे तक जाएं। जनता का आशीर्वाद प्राप्त करें। जनता मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करती है। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने जो ट्रेलर इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों को दिखाया है उसकी पूरी फिल्म विधानसभा चुनाव में सामने आएगी।

# पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने लोजपा (आर) का थामा दामन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने रविवार को नई दिल्ली में लोजपा (आर) का दामन थाम लिया। जनार्दन पासवान ने पार्टी के राष्ट्रीय महासिचव अब्दुल खालिक और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की उपस्थिति में लोजपा (आर) की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने के बाद पासवान ने चिराग पासवान से भी मुलाकात की और चतरा सीट से अपनी दावेदारी के लिए आग्रह भी किया। बताते चलें कि जनार्दन पासवान 1995 में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीते थे। फिर 2009 में राजद के टिकट पर जीत हासिल की थी।

# शिव उरांव मांडर से लड़ेंगे चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी से चान्हो के बरहे निवासी शिव उरांव होंगे मांडर विधानसभा के प्रत्याशी। पार्टी के झारखंड प्रभारी रवि रंजन श्रीवास्तव ने की उनके नाम की घोषणा।



# उपद्रवियों पर होगी सख्त कार्रवाई थानेदारों से 3 दिन में मांगी गई सूची

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव में उपद्रव फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रांची पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे लोगों की सूची सभी थानेदारों से मांगी गई है। छोटानागपुर रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे की अध्यक्षता में समारहणालय में रविवार को हुई बैठक में थानेदारों को दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों के अनुसार उपद्रवियों के खिलाफ दर्ज मामलों के आधार पर सीसीए, थाना हाजिरी, जिला बदर या धारा 107 के तहत कार्रवाई की जाएगी। बिरथरे ने सभी थानेदारों को निष्पक्ष-शांतिपूर्ण चुनाव कराने के निर्देश भी दिए। चुनावी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में एसएसपी चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण



एसपी सुमित अग्रवाल के अलावा जिले के सभी डीएसपी और थानेदार मौजूद थे। जिले के 50 से ज्यादा अपराधियों से थाना हाजिरी लगवाई जाएगी। वहीं, 20 अपराधियों को जिला बदर किया जाएगा। इसका प्रस्ताव तैयार हो चुका है। प्रस्ताव डीसी के पास भेजा जाएगा। वहां से सहमति मिलने के बाद सूची में अंकित अपराधियों से थाना हाजिरी लगवायी जाएगी।

मीटिंग में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने थानेदारों को निर्देश दिया है कि जितने भी शातिर अपराधी हैं, उनके विरूद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाएं। जमानत पर जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधि पर भी नजर रखें। एसएसपी ने थानेदारों से यह भी कहा है कि केंद्रीय बलों के रहने और खाने पीने के लिए इंतजाम किया जाएगा। जवानों को किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## उत्तम यादव 24 को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करेंगे नामांकन

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष समाजसेवी व राष्ट्रवादी नेता उत्तम यादव ने मोहरी धर्मशाला में एक बैठक की। बैठक में निर्णय हुआ कि उत्तम यादव अपने समर्थकों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। विदित हो कि उत्तम यादव पिछले लंबे समय से समाज सेवा एवं राजनीतिक क्षेत्र में हर एक जगह संघर्ष किए हैं। अब रांची को बदलने की तैयारी में हैं, रांची विधान सभा से चुनाव लड़ने को तैयार हैं। उनका कहना है कि राजधानी रांची में राज्य की जनता मूलभूत सुविधा से वंचित है। 1996 से लेकर 2024 तक निरंतर रांची का नेतृत्व करने वाले पूर्व नगर विकास मंत्री एवं वर्तमान में राज्यसभा सांसद ने रांची के लोगों को कोई भी सुविधा नहीं दी है। नौजवान चरस, अफीम, ब्राउन शुगर, इंजेक्शन के चपेट में है। नौजवानों के भटकाव को रोकना, हर घर नल का जल पहुंचाने, सड़कों पर जल जमाव मुक्त रांची बनाने का संकल्प लिया है।

# विस चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों में एमएमएफ होना अतिआवश्यक : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने रविवार को समाहरणालय में सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ के साथ विधानसभा चुनाव 2024 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप से कराने का निर्देश दिया गया।

डीसी ने चुनाव से जुड़े सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्रों में (एमएमएफ) सुनिश्चित रूप से हो, जिसमें संकेत-सूचक, हैल्प डेस्?क, शौचालय, पीने का पानी, अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, रैंप



यह सभी चीजें मतदान केंद्रों में सुनिश्चित रूप से हो यह सुनिश्चित पहले से कर ले। साथ ही सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी भौतिक सत्यापन जा कर लें। इसके अलावा किन मतदान केंद्रों में एमएमएफ की सुविधा है, कहा वैकल्पिक व्यवस्था उनके द्वारा की जा रही हैं, उसकी सूची बना ले। ताकि सारी व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करा लिया जाए।

संवेदनशील बूथों की सूची बनाएं डीसी ने विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को वैसे संवेदनशील बूथों की सूची बना लें, जहां पूर्व में चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना या कोई विवाद हुआ हो। इसकी सूची जल्द बना लें ताकि इन संवेदनशील बूथों पर पुलिस फोर्स तैनात किया जा सकें, चौकसी बढ़ाया जा सकें। मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था अच्छी हो डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रहे, इसे लेकर संबंधित थाना प्रभारी के साथ बैठक करते हुए समन्वय बना लें। साथ ही संवेदनशील बूथों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल रहे यह सुनिश्चित कर लें। उन्होंने चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी रुट चार्ट को बेहतर से देख लें, जहां बड़ी गाड़ी मतदान केंद्रों में नहीं पहुंच पाए, वहां छोटे वाहन दें। पोलिंग पार्टी को ईवीएम लेकर ज्यादा नहीं चलना पड़े इस पर विशेष ध्यान दें। बैठक में डीडीसी दिनेश कुमार यादव, एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

# राहुल का सम्मेलन संविधान बचाओ है या परिवार बचाओ : अजय साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने राहुल गांधी के रांची में आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन में भाग लेने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने रविवार को इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राहुल गांधी को इस सम्मेलन में भाग लेने से पहले 42वें संविधान संशोधन का गहन अध्ययन करना चाहिए। यदि जरूरत हो तो ऐसे किसी कार्यक्रम में जाने से पहले 42वें संविधान संशोधन की एक कॉपी भाजपा कार्यालय से ले लें। अजय साह ने कहा कि राहुल गांधी को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल वास्तव में संविधान बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं या फिर अपने-अपने राजनीतिक परिवारों की विरासत को बचाने के प्रयास कर रहे हैं। भाजपा ने यह सवाल भी उठाया है कि क्या ये दल संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखते हैं, या केवल सत्ता की राजनीति कर रहे हैं। साह ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि उनकी स्कूलिंग हिंदुस्तान में हुई है और उन्होंने अपने स्कूली शिक्षा में कभी भी आदिवासी, दलित, ओबीसी के बारे में नहीं पढ़ा, तो क्या राहुल अपने पूर्वजों पर सवाल उठा रहे है, जिन्होंने अपने वक्त में आदिवासी दलितों को छोड़ कर स्कूल की किताबों में बस गांधी परिवार का महिमा मंडन किया? जिनकी सरकार ने कभी यह कहा था कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला हक मुस्लिमों का है वो आज आदिवासी दलितों के हिमायती होने का ढोंग कर रहे है।



# ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी में जेएमएम : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को झामुमो पर पलटवार करते हुए कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर झामुमो बौखला गई है। आज वह चुनाव आयोग की कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह उठा रही है और मतगणना के दिन अपनी हार का कारण ईवीएम को बताएगी। सरकार के पांच वर्षों के कुशासन का अंत होने वाला है और झारखंड मुक्ति मोर्चा को यह बात अच्छे से पता है। इसलिए अभी से हार के बहाने खोज रही है।

प्रतुल ने कहा कि जब इन्होंने 2019 में झारखंड का चुनाव जीता और जब उपचुनाव जीता तब चुनाव आयोग ठीक था लेकिन



अब हार को देखकर यह आपा खो बैठे हैं। प्रतुल ने कहा कि इनका महा गठबंधन लूट और झूठ की नीति सिद्धांत के आधार पर बना है। इसीलिए अभी तक इनके महागठबंधन के सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। अब तो राजद ने इनको औकात दिखाना शुरू कर दिया है। राजद ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक कोलकाता बिकने जाते हैं।

प्रतुल ने कहा कि पांच वर्षों तक इन्होंने शासन किया परंतु कोई कॉमन मिनिमम प्रोग्राम नहीं बना पाए। इनका जो कॉमन मिनिमम प्रोग्राम था वह कोयला, बालू, लोहा और पत्थर की लूट और ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग था। प्रतुल ने कहा कि जिनकी जितनी लूट में हिस्सेदारी ,उसकी उतनी सीटों पर भागीदारी के फॉर्मूला के आधार पर अब तक महागठबंधन को सीटों का बंटवारा कर लेना चाहिए था। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के इन बहानों को जनता अच्छे से समझती है और जल्द ही झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार का पटाक्षेप होने वाला है।

# सामान्य सीटों पर आदिवासी को टिकट मूलवासी सदान कहां जाएंगे : राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि वे चाहते थे कि मूलवासी सदान मोर्चा एक समाजिक संगठन है। उनके लोग राजनीति पार्टी से जुड़े हैं। वैसे लोगों को भी राजनीतिक दल कुछ टिकट दें जो हमेशा झारखंड अलग राज्य के आन्दोलन में शामिल रहे हैं और मूलवासी सदानों, पिछड़ों दलितों, और झारखंड के हितों के लिए लड़े हैं ।लेकिन दुर्भाग्यवश भाजपा के प्रदेश के नेताओं ने इन मांगों को दर किनार कर दिया है । राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि भाजपा जैसी पार्टी सिर्फ एक वर्ग की बात करेगी और अपने मूल वोटर को दरकिनार करती है तो आने वाले समय में भाजपा को नुकसान हो सकता है। राजेन्द्र प्रसाद बताया कि वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से कहा था, जेडीयू और लोजपा का झारखंड में कोई जनाधार नहीं है और उनकी पार्टी झारखंड अलग राज्य का विरोध किया था। ऐसे में भाजपा इन दोनों दलों से समझौता करती है तो फिर यहां के मूलवासी सदान आदिवासी इन दलों को वोट नहीं करना चाहेंगें।

**समान्य सीटों पर आदिवासी को उम्मीदवार बनने पर भी उठाए सवाल :** केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान पहले से ही 112 प्रखंडों में मुखिया, प्रमुख, और जिला परिषद अध्यक्ष नहीं बन सकता है 5 (पांच) लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों पर मूलवासी सदान चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। ऐसे में सामान्य सीट में भी आदिवासी को ही टिकट मिलेगा तो मूलवासीय सदान कहां जाएंगे।

# ‘81 विस क्षेत्रों में घूमेंगे 36 प्रचार वाहन’

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वयं भी मतदान करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें। वे रविवार को धुर्वा के निर्वाचन सदन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मीडिया से मुखातिब थे।



**मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार वाहन रवाना :** के रवि कुमार ने कहा कि पिछले चुनाव में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इसके लिए कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। प्रचार वाहनों को रवाना करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित स्थानीय लोकभाषा में मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

**पूरे राज्य में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम :** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 के बाबत पूरे राज्य में लोकल थीमों को ध्यान में रखते हुए स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोग ने की बैठक

**रांची।** पोस्टल बैलेट की अदला-बदली का कार्यक्रम में सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ रविवार को चुनाव आयोग से बैठक हुई। बैठक में सभी जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए और अपने-अपने जिलों एवं विधानसभा क्षेत्रों के पोस्टल बैलेट की अदला-बदली कर ले गए। इस कार्यक्रम में भाजपा के सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव आयोग मे पोस्टल बैलेट का इस कार्यक्रम में राजनीतिक पार्टी के कार्यकताओं को इसलिए बुलाया गया था कि पारदर्शिता बनी रहे और सीखने को भी मिलता है कि कैसे पोस्टल बैलेट विधानसभावार अदला-बदली होता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**हमें कम से कम 12 सीटें...**

जबकि हमारे तमाम बड़े नेता यहां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सारे फैसले मैगी टू मिनट नूडल्स की तरह नहीं लिए जाते।

**हम झुकेंगे नहीं :** मनोज झा ने कहा कि 2019 के चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची में थे। उस समय भाजपा को हटाने के उद्देश्य से हमने सिर्फ सात सीटों पर हामी भरी थी। इस बार के चुनाव में भी इसी तरह से दबाव बनाया जा रहा है। एकतरफा फैसला लिया जा रहा है। राजद के नेताओं ने कभी भी झुकना स्वीकार नहीं किया है। मालूम हो कि झारखंड में 'इंडिया' ब्लॉक के नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने शनिवार दोपहर एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में गठबंधन के दलों में सहमति का ऐलान किया। उन्होंने कहा था कि गठबंधन के तहत झामुमो और कांग्रेस राज्य की 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि बाकी 11 सीटों का बंटवारा राजद और वाम दलों के बीच होगा।

**450 पेटी शराब बरामद...**

कर लिया गया है। शराब अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपए है। इस संबंध में पूछे जाने पर एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि जब्त किया गया शराब पूरी तरह से अवैध प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि ट्रक पश्चिमी यूपी से झारखंड की ओर आ रहा था, जिससे प्रतीत होता है कि आगामी विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए मंगाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि शराब कहां से और किसके द्वारा कहां ले जाया रहा था इसकी गहनता से जांच की जाएगी। छापेमारी अभियान में शामिल उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार, एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी विष्णु कांत, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह, रवि कुमार, नीतेश कुमार, रबुल अंसारी, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह व थाना के चालक एवं रिजर्व गार्ड के जवानों को साहसपूर्ण कारवाई व उपलब्धि के लिए वह अपने स्तर से पुरस्कृत करेंगे। मौके पर इंस्पेक्टर जीतेन्द्र कुमार आजाद,एस आई निरंजन पांडेय, दीपक कुमार, उपेन्द्र सिंह, आशीर्वाद महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

**आजसू ने 8 उम्मीदवारों की सूची जारी की...**

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को फिर से टिकट दिया गया है। वहीं लोहरदगा से झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत को टिकट दिया गया है।

**एनएच-33 पर टोल प्लाजा के...**

उसके केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। एसी बस पूरी तरीके से पैक थी और आग धीरे-धीरे यात्रियों की तरफ बढ़ने लगी। जैसे ही आग लगी बस पर सवार सभी लोग उतर गए और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। लेकिन उनकी सारी कोशिशें नाकाम रही।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




# सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत : सीजेआई

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई द्वारा संकलित व संपादित पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है और इसको इसी रूप में देखा जाना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय को संसद में विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की न्याय तक पहुंच का प्रतिमान, जो बीते 75 वर्षों में विकसित हुआ है, वह कुछ ऐसा है जिसे हमें कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जैसे-जैसे समाज बढ़ता है और समाज अधिक समृद्धि व संपन्नता की ओर बढ़ता है, ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए।

हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय लोगों का न्यायालय है। और मुझे लगता है कि लोगों के न्यायालय के रूप में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को निश्चित रूप से भविष्य के लिए संरक्षित किया जाना चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब, लोगों की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। मुझे लगता है कि आज के समय में हर किसी के बीच एक बड़ी खाई है जो यह सोचता है कि जब आप उनके पक्ष में फैसला करते हैं तो सर्वोच्च न्यायालय एक अद्भुत संस्था है। यह एक ऐसी संस्था है जिसे तब बदनाम किया जाना चाहिए जब आप उनके खिलाफ फैसला करते हैं। मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक प्रस्ताव है, क्योंकि आप सुप्रीम कोर्ट की भूमिका सुप्रीम कोर्ट के काम को नतीजों के नजरिए से नहीं देख सकते। अलग-अलग मामलों के नतीजे आपके पक्ष में हो सकते हैं, अलग-अलग मामलों के नतीजे आपके विरूद्ध भी हो सकते हैं। और न्यायाधीशों को मामले-दर-मामला आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ यह तय करने का अधिकार है कि तराजू के किस तरफ पासा फेंका जाना चाहिए।भारत के मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि लोगों को अंतिम परिणाम या कानूनी सिद्धांत की असंगति या त्रुटि के लिए अदालतों की आलोचना करने का अधिकार है।




# मुकेश अंबानी ने केदारनाथ व बद्रीविशाल के किए दर्शन, 5.02 करोड़ का दिया दान

एजेंसी



**गोपेश्वर।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक व प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन किये। इस वर्ष बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम के लिए अंबानी ने पांच करोड़ दो लाख रुपये की धनराशि का चेक मंदिर समिति को दानस्वरूप भेंट किया है। रविवार को प्रातः नौ बजे मुकेश अंबानी बद्रीनाथ धाम पहुंचकर सीधे मंदिर में दर्शन किये। उन्होंने वेदपाठ पूजा संपन्न की। उसके पश्चात मंदिर परिसर स्थित माता लक्ष्मी मंदिर में भी दर्शन किये। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार तथा मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उद्योगपति मुकेश अंबानी का स्वागत किया तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। बद्रीनीथ के दर्शन के बाद उद्योगपति मुकेश अंबानी दोपहर पौने ग्यारह बजे केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। केदारनाथ धाम में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी का स्वागत किया। अंबानी ने केदारनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक पूजा की और देश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर पुजारी शिवशंकर लिंग, केदारनाथ मंदिर प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, धर्माधिकारी औंकार शुक्ला, अरविंद शुक्ला, कुलदीप धर्म्वाण सहित तीर्थ पुरोहित समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस संबंध में बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि उद्योगपति मुकेश अंबानी प्रत्येक यात्रा वर्ष पारिवारिक सदस्यों के साथ बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम दर्शन करने आते हैं। उन्होंने बताया कि अंबानी ने इस वर्ष बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम के लिए पांच करोड़ दो लाख रुपये की धनराशि का चेक मंदिर समिति को दानस्वरूप भेंट किया है। कोरोनाकाल में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने मंदिर समिति को दान स्वरूप बड़ी मदद की थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार बीडी सिंह, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्य भास्कर डिमरी, मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल वेदपाठी रविंद्र भट्ट ईओ सुनील पुरोहित, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, कृष्णानंद पंत, अजीत भंडारी, योगंबर नेगी और हरीश जोशी आदि मौजूद थे।

## प्रेमी ने नाबालिग प्रेमिका को आग के हवाले किया इलाज के दौरान हुई मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में प्रेमी ने एक छात्रा को आग के हवाले कर दिया। 16 वर्षीय लड़की की रविवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक लड़की कक्षा 11 की छात्रा थी। उसकी कडप्पा के राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) में इलाज के दौरान मौत हो गई। लड़की ने मरने से पहले दिए अपने बयान में कहा था कि शादी करने के लिए कहने पर विग्नेश ने उसे आग लगा दी थी। यह घटना शनिवार को बडवेल कस्बे के पास हुई। आरोपी विग्नेश और पीड़िता बचपन से दोस्त थे। आरोपी ने हाल ही में दूसरी लड़की से शादी की थी, लेकिन वह पीड़िता के साथ संबंध बनाए रखना चाहता था। आरोपी ने शनिवार को पीड़िता को फोन किया और उससे मिलने चाहा। उसने पीड़िता से कहा कि अगर वह उससे नहीं मिली, तो वह अपनी जान ले लेगा। पीड़िता मिलने के लिए तैयार हो गई और अपने कॉलेज से ऑटो रिक्शा में बैठ गई। कुछ दूर जाने के बाद विग्नेश भी उसके साथ हो लिया।

# पुराने फुटेज में सुरंग में परिवार संग दिखा हमास आतंकी सिनवार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईडीएफ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से मारे गए हमास चीफ याह्या सिनवार का फुटेज जारी किया है। इसमें वो परिवार समेत सुरंग से निकलता देखा जा सकता है। फुटेज 7 अक्टूबर 2023 का बताया जा रहा है जब इजरायल पर सरप्राइज अटैक किया गया था। इस क्लिप में सिनवार 7 अक्टूबर की शाम एक सुरंग से गुजरता हुआ देखा जा सकता है। कथित तौर पर वो इस दौरान यहीं छिपा रहा। 6 अक्टूबर की फुटेज में उसे परिवार और जरूरी सामान के साथ भागते हुए दिखाया गया है। जो 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हुए हमले की पहली रात का था। आईडीएफ के मुताबिक सिनवार का ये कायराना एक्ट था। यह फुटेज दक्षिणी गाजा शहर राफा में सिनवार की मौत के बाद जारी किया गया। फुटेज में सिनवार,



उसकी पत्नी और बच्चों को भोजन, पानी, तकिए, गद्दे और एक टेलीविजन सेट ले जाते हुए दिखाया गया है। यह फुटेज कई महीने पहले एक ऑपरेशन के दौरान गाजा से बरामद की गई थी। आईडीएफ प्रवक्ता हगारी ने कहा कि नरसंहार से कुछ घंटे पहले सिनवार को केवल अपने और अपने परिवार की परवाह थी।

## उत्तरी गाजा में इजरायली एयर स्ट्राइक, 73 की मौत

**नई दिल्ली।** इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के आवास पर ड्रोन हमले के बाद उत्तरी गाजा के शहर बेत लाहिया पर इजरायली हमले में शनिवार शाम को कम से कम 73 फिलिस्तीनी मारे गए, यह जानकारी एन्क्लेव के सरकारी मीडिया कार्यालय ने दी। हमले में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए और कई लोग लापता हैं। मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा पट्टी के डॉक्टर्स ने बताया कि इजरायली एयर स्ट्राइक ने एक बहुमंजिला इमारत को निशाना बनाया और आस-पास के कई घरों को नुकसान पहुंचाया। सरकारी मीडिया कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने बेत लाहिया में भीड़भाड़ वाले रिहायशी इलाकों पर बमबारी की, साथ ही कहा कि हताहतों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इससे पहले शनिवार को इजरायली सेना ने इंडोनेशियाई अस्पताल को घेर लिया और उस पर बमबारी की, जो बेत लाहिया में ही स्थित है।

### अगले लीडर का नाम गुप्त रखेगा हमास

**यरूशलम।** याह्या सिनवार की हत्या के बाद हमास के सामने नए नेता को चुनने का सवाल खड़ा हो गया है। फिलिस्तीनी ग्रुप के अगले राजनीतिक ब्यूरो चीफ बनने की दौड़ में 5 उम्मीदवार शामिल हैं। यह जानकारी एक प्रमुख अरब दैनिक अरबी अखबार अशरक अल-अवसात ने रविवार को हमास के सूत्रों के हवाले से दी। हमास शूरा परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद दरवेश के साथ संगठन के पोलित ब्यूरो के तीन सदस्य - खलील अल-हेया, मोहम्मद नज्जल और खालिद मेशाल - सिनवार के उत्तराधिकारी के रूप में सबसे आगे हैं।

### भाग निकला हिजबुल्लाह का डिप्टी लीडर

**नई दिल्ली।** हिजबुल्लाह के डिप्टी लीडर और संगठन के उप महासचिव नईम कासिम इस समय ईरान में है। करीब हफ्ते पहले वह एक ईरानी प्लेन से लेबनान से भागने में कामयाब रहा। द टाइम ऑफ इजरायल के मुताबिक यूएई बेस्ड एरेम न्यूज ने एक अज्ञात ईरानी सूत्र के हवाले से यह खुलासा किया। सूत्र का कहना है कि इजरायल द्वारा हत्या के डर से इस्लामिक गणराज्य के शीर्ष नेताओं ने उनके स्थानांतरण का आदेश दिया था। कासिम कथित तौर पर 5 अक्टूबर को तेहरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची द्वारा लेबनान और सीरिया की राजकीय यात्रा के लिए इस्तेमाल किए गए।

## उड़ी सेक्टर के कमलकोट में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, 1 आतंकी ढेर

**बारामुला।** बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम कर करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के जवानों ने उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठिये आतंकियों को चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया है। अभी ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल के जवान इलाके में दूसरे आतंकियों के छिपे होने की आशंका में तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## एजुकेशन/करियर

पुरानी विरासतों से लगाव है और आप उनको बनाने व संवारने के साथ अपना करियर भी बनाना चाहते हैं तो आप म्यूजियोलॉजी यानी संग्रहालय विज्ञान के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। म्यूजियोलाजी दरअसल, म्यूजियम या संग्रहालय के प्रबंधन, संगठन और इसे सुचारु रूप से चलाने के लिए प्रशिक्षित करने वाला विज्ञान है। देश में यू तो अंग्रेजों के जमाने से ही कई संग्रहालय मौजूद हैं, लेकिन अब इसका विस्तार और दायरा बढ़ चुका है। अब यह हथियारों, आभूषणों, शिलालेखों और मानव के विकास के अध्ययन, प्रदर्शन और विश्लेषण का भी विज्ञान बन चुका है। जिसके कारण इस क्षेत्र में लगातार पेशावर लोगों की मांग बढ़ती जा रही है। भारत में सरकारी से लेकर प्राइवेट तक करीब 700 से अधिक म्यूजियम हैं, जो बड़े पैमाने पर जॉब की पेशकश करते हैं। म्यूजियम एक ऐसी जगह होती है, जहां पर ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और कलात्मक महत्व की कलाकृतियों और वस्तुओं को सहेजकर रखा जाता है। इन कार्यो को अंजाम देने वाले प्रोफेशनल म्यूजियोलॉजिस्ट के रूप में जाने जाते हैं। म्यूजियोलॉजिस्ट्स म्यूजियम्स में क्यूरेटर्स की तरह कार्य कर सकते हैं, जहां पर उनको म्यूजियम में कैटलागिंग और कलाकृतियों को सही तरह से व्यवस्थित करना होता है, साथ ही म्यूजियम वस्तुओं को अलग-अलग सेक्शन्स में बांटने और उनके बारे में विस्तृत जानकारी देने की जिम्मेदारी भी इन्ही की होती है।

# म्यूजियोलॉजी की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर



### क्या है काम

म्यूजियोलॉजी प्रोग्राम में विद्यार्थियों को क्यूरेशन और एंथ्रोपोलॉजी, आर्ट, बॉटनी, जियोलॉजी, हिस्ट्री और जूलॉजी के कलेक्शन्स को मैनेज करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। म्यूजियोलॉजिस्ट्स म्यूजियम्स में क्यूरेटर्स की तरह काम कर सकते हैं, जहां उन्हें कैटालॉगिंग और म्यूजियम की कलाकृतियों को व्यवस्थित करना होता है। इसके अलावा म्यूजियम आर्टिकल्स को अलगअलग सेक्शन्स में बांटने और उनके बारे में विस्तृत जानकारी देने की अहम जिम्मेदारी भी म्यूजियोलॉजिस्ट की ही होती है। म्यूजियम में आने वाले विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को संदर्भ सामग्री उपलब्धी कराने का और म्यूजियम के प्रशासन व देखरेख का काम भी इन्हें ही करना होता है।

### यहां बना सकते हैं करियर

भारत में अब राष्ट्रीय धरोहर के संरक्षण की तरु सरकारें काफी ध्यानि दे रही हैं, साथ ही प्राइवेट म्यूयजियम व गैलरी में भी इजाफा हो रहा है। जिसके कारण इस क्षेत्र में जॉब्स् के ऑप्शमन बढ़ रहे हैं। इस समय देश में ऐसे सैकड़ों म्यूसजियम हैं, जहां पर आप जॉब कर सकते हैं। इसमें केंद्र के अलावा राज्य, जिले स्तर, प्राइवेट और ट्रस्ट टाइप के म्यूजियम शामिल हैं। अगर आप सरकारी क्षेत्र में जॉब करना चाहते हैं तो नेशनल म्यूजियम, मॉनीटरी म्यूजियम, आरबीआई, इंडियन म्यूजियम, सालारजंग म्यूजियम में जॉब ढूंढ सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको एसएससी व यूपीएससी की परीक्षाओं को पास करना होगा। इसके अलावा आप एमफिल व पीएचडी कर टीचिंग और रिसर्च के क्षेत्र में भी सुनहरा करियर बना सकते हैं।

### यहां से कर सकते है कोर्स

1. नेशनल म्यूजियम इंस्टीट्यूट, न्यू दिल्ली
2. गुरुगोविन्द सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्ली
3. स्कूल ऑफ आर्काइवल स्टडीज, न्यू दिल्ली
4. सेंटर फॉर म्यूजियोलॉजी एंड कंजर्वेशन, जयपुर
5. कलकत्ता यूनिवर्सिटी
6. बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
7. असम यूनिवर्सिटी
8. राजस्थान यूनिवर्सिटी
9. जम्मू यूनिवर्सिटी

